


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




वैशाख कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 01 मई 2024, वर्ष-25, अंक-89, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 74,482.78 ▼ -188.50
डॉलर 83.471 ▲ +0.030

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 68,150
चांदी (1 किलो) 87,500

**शुभकामना**

राष्ट्रीय नवीन मेल के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, कर्मयोगियों एवं शुभचिंतकों को 'श्रमिक दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।

– संपादक

**अवकाश की सूचना**

'श्रमिक दिवस' के अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 01 मई (बुधवार) को बंद रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक 03 मई (शुक्रवार) को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक

**आज के मैच**




समय : 01 मई, 7:30 बजे से
स्थान : चेन्नई

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## जैक 12वीं बोर्ड के तीनों संकाय का रिजल्ट जारी

# बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने मारी बाजी

**■ 12वीं बोर्ड में 40.78 प्रतिशत परीक्षार्थी प्रथम और 55.71 प्रतिशत द्वितीय**

**साइंस में 72.2 प्रतिशत लड़के और 72.67 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण**

**कॉमर्स में 93 प्रतिशत लड़कियां, आर्ट्स में भी लड़कियां आगे रहीं**

**साइंस के 94,433, कॉमर्स के 25,907 और आर्ट्स के 2,24,502 परीक्षार्थी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को बारहवीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस साल तीनों स्ट्रीम के रिजल्ट एक साथ जारी किए गए हैं। जिसमें 93.16 प्रतिशत आर्ट्स, 90.60 प्रतिशत कॉमर्स और 72.72 प्रतिशत साइंस का रिजल्ट रहा। जैक 12वीं के रिजल्ट में एक बार फिर लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जैक 12वीं की परीक्षा में कुल 86.78 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता प्राप्त की वहीं लड़कों का पासिंग प्रतिशत 84.26 रहा। शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक उत्कर्ष गुप्ता और जैक अध्यक्ष अनिल महतो ने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**लड़कियां 86.78 और लड़के 84.26 प्रतिशत सफल रहे**



### आईएएस बनना चाहती हैं आर्ट्स टॉपर जीनत परवीन

जैक 12वीं बोर्ड में आर्ट्स संकाय में स्टेट टॉपर जीनत परवीन आईएएस अफसर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, भविष्य में आर्थिक सहयोग मिले, तो मैं यूपीएससी में सफल होना चाहूंगी। आईएएस अधिकारी बनना चाहती हूं। समाज के लिए कुछ करना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि वे अपनी कामयाबी के लिए पूरे परिवार को श्रेय देती हैं।

**साइंस की टॉपर स्नेहा उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा हैं**

**कॉमर्स की टॉपर प्रतिभा शाहा उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा हैं**

**आर्ट्स की टॉपर जीनत परवीन गवर्नमेंट प्लस टू स्कूल कांके की छात्रा हैं**





प्रतिभा शाहा



स्नेहा

❏ **आर्ट्स में 2, 06, 685 स्टूडेंट्स पास :** जैक 12वीं का रिजल्ट आर्ट्स में सबसे अच्छा रहा है। इस साल 93.16 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। आर्ट्स में 83404 छात्र फर्स्ट डिवीजन हैं। आर्ट्स में कुल 02 लाख 24 हजार 502 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 02 लाख 06 हजार 685 छात्र पास हुए।

**आर्ट्स में कुल छात्र :** 2,44,000
**पास :** 2,06,685 (93.7%)
**फर्स्ट डिवीजन :** 61%

❏ **कॉमर्स में 90.60 फीसदी स्टूडेंट्स पास :** कॉमर्स में कुल 25907 स्टूडेंट ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 25644 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे। कॉमर्स में 90.06 प्रतिशत (23235) छात्र पास हुए हैं। 61 प्रतिशत परीक्षार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं।

**कॉमर्स में कुल छात्र :** 25907
**पास :** 23235 (90.60%)
**फर्स्ट डिवीजन :** 61%

❏ **साइंस स्ट्रीम में 68203 स्टूडेंट्स हुए पास :** साइंस में 94433 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 93,805 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 68,203 स्टूडेंट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिसमें 72.70 फीसदी छात्र फर्स्ट डिवीजन से उतीर्ण हुए हैं।

**साइंस में कुल छात्र :** 94433
**पास :** 68203
**फर्स्ट डिवीजन :** 72.70%

**वोकेशनल :** 508 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें केवल 493 छात्र ही परीक्षा में बैठे थे और 439 छात्र यानी 89.22 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं।

### जैक इंटर के टॉप थ्री

**साइंस :** स्नेहा, उर्सुलाइन (रांची), रीतिका कुमारी (हजारीबाग), पंकज कुमार साहू (सिसई)।

**आर्ट्स :** जीनत परवीन (रांची), बहमनी खान (खूंटी), दीपाली कुमारी (रांची)।

**कॉमर्स :** 1. प्रतिभा शाहा, उर्सुलाइन इंटर (रांची), रिया कुमारी, उर्सुलाइन इंटर कॉलेज (रांची), श्रृष्टि कुमारी, उर्सुलाइन इंटर कॉलेज (रांची)।

### जैक बोर्ड 12वीं रिजल्ट स्ट्रीमवाइज

| स्ट्रीम | कुल छात्र | पास | पास प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| साइंस | 94433 | 68203 | 72.70 |
| कॉमर्स | 25907 | 23235 | 90.60 |
| आर्ट्स | 224502 | 206685 | 93.7 |

**कॉमर्स में पांच टॉप जिले**

लातेहार, कोडरमा, सिमडेगा, पाकुड़ और खूंटी

**साइंस में पांच टॉप जिले**

कोडरमा, लातेहार, चतरा, जामताड़ा व हजारीबाग

**आर्ट्स में पांच टॉप जिले**

सिमडेगा, खूंटी, कोडरमा, गुमला, हजारीबाग




### क्या कहते हैं जैक अध्यक्ष

जैक के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो ने कहा कि जैक की हमेशा जिम्मेदारी रही है कि कम समय में परीक्षाफल प्रकाशित किया जाए। आज भी हम सही समय पर परीक्षा फल जारी कर रहे हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि तीनों ही संकाय का रिजल्ट एक साथ जारी हुआ हो। छात्र-छात्राओं के बीच काफी उत्साह है। मैट्रिक का रिजल्ट भले ही हर बार के मुकाबले कम था, लेकिन टॉप करने वाली छात्र का रिजल्ट बहुत बेहतर था।

# झूठ बोलकर जनता को दस साल भाजपा ने ठगा : सीएम

## चतरा से कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने मंगलवार को चतरा लोकसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इनके नामांकन कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, सत्यानंद भोगता, आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, अम्बा प्रसाद, बैजनाथ राम सहित कई विधायक और इंडी गठबंधन के नेता मौजूद थे। नामांकन कार्यक्रम के दौरान चतरा कॉलेज के सामने एक जनसभा की गई। जहां राज्य के मुख्यमंत्री ने भाजपा के खिलाफ जमकर आग उगले। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झूठ बोलकर 10 साल तक जनता को ठगा। अच्छा दिन और काला धन लाने की बात आज भी झूठ का पुलिंदा बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने भाजपा को झूठ और लूट की सरकार बताया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम मजबूती के साथ अपनी जीत हासिल करने की अपील करने यहां आए हैं। आज हमें लोकतंत्र को बचाने, संविधान को बचाने और तानाशाही को रोकना है। देश की जनता के हित के लिए भाजपा ने आजतक कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह गरीब प्रदेश नहीं है। खनिज ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




**प्रगति का एक निशान 'तीर-कमान'**




गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झामुमो व इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन मंगलवार को गिरिडीह प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों और गांव-टोलों में लोगों से मिलीं। इस दौरान उन्होंने बच्चों के प्रति अपने स्नेह को भी दर्शाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा को प्रगति और विकास के मार्ग पर हमें मिलकर ले जाना है। गांडेय विधानसभा की प्रगति का एक निशान 'तीर-कमान'।

## छग : नक्सलियों से मुठभेड़ तीन महिला समेत दस ढेर

**घटनास्थल पर सर्च अभियान के दौरान एक एके 47 रायफल व भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद**

**एजेंसी। नारायणपुर**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में मंगलवार सुबह हुई चार घंटे की मुठभेड़ के बाद तलाशी के दौरान अबतक तीन महिला नक्सली समेत मुठभेड़ में मारे गए 10 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। मौके से एक-47 सहित बड़ी मात्रा में गोला बारूद भी बरामद किया गया है। बस्तर आईजी सुददराज पी. ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों के शव बरामद किए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। विस्तृत जानकारी सर्चिंग अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जायेगी। सुबह करीब छह बजे ग्राम टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में डीआरजी एवं एसटीएफ जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई जो लगभग चार घंटे चली। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर चलाए गए तलाशी अभियान में नक्सलियों के शव और हथियार मिले हैं। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



**एक नजर**

### बोकारो में पटाखों के बारूद में विस्फोट से 3 बच्चे झुलसे, रिम्स रेफर

**बोकारो।** जिले के कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत फुटलाही गांव में मंगलवार को तीन बच्चे पटाखों से खेलने के दौरान बारूद में विस्फोट होने से गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में तीनों को कसमार सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रिम्स रांची रेफर कर दिया।

**आजकल**




## धनबाद से ढुल्लू व जमशेदपुर से विद्युत वरण ने किया नामांकन

**आज कोडरमा से नामांकन करेंगे विनोद सिंह और हजारीबाग से मनीष जायसवाल, कल रांची से संजय सेठ व कोडरमा से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा करेंगी नामांकन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के लिए मंगलवार खास रहा। पार्टी के धनबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने धनबाद उपायुक्त के सामने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, धनबाद सांसद पशुपति नाथ सिंह और विधायक राज सिन्हा मौजूद रहे। वहीं जमशेदपुर लोस सीट से पार्टी प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न मंडलों से बाइक-कार रैली के साथ साकची स्थित बोधि मंदिर पहुंचे और वहां से पैदल जुलूस की शक्ल में समाहरणालय परिसर तक प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के साथ आए। इधर कोडरमा से भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री सी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी कोडरमा संसदीय सीट से दो मई को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। रांची से भाजपा उम्मीदवार और ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## भीषण गर्मी में लू लगने से दुमका में एक की मौत, दूसरा इलाजरत

**दुमका।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी में लू लगने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दूसरा मजदूर मूर्छित होकर सड़क पर गिरा पड़ा था। सूचना पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। मृत मजदूर की शिनाख्त जरुवाडीह निवासी शिव कुमार मंडल के रूप में की गई है। दोनों मजदूर जिला नियंत्रण कक्ष के निकट गिरे पड़े थे। स्थानीय लोगों की जब नजर दोनों पर पड़ी तो नगर थाना की पुलिस को सूचित किया। नगर थाना की गश्ती दल की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर पीजेएमसीएच में लेकर पहुंची लेकिन एक की मृत्यु हो चुकी थी।

# कांग्रेस ने साठ साल तक किसानों को धोखा दिया : प्रधानमंत्री मोदी

**भ्रष्टाचारियों और आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी**

**कांग्रेस की लंबित 100 सिंचाई परियोजनाओं में से हमने 63 पूरी कर ली**

**एजेंसी। मुंबई**

भाजपा के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महाराष्ट्र में एक के बाद एक तीन चुनावी सभाओं में इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। सोलापुर में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जितने विकास कार्य 60 वर्षों में नहीं किये, उससे ज्यादा भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में करके दिखाए हैं। हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्ति दिलाई। हमने लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन दिया। देश में विकास का काम बहुत जोर-शोर से चल रहा है। इसका श्रेय मेरा नहीं, बल्कि उन लोगों को है, जिन्होंने मुझे चुना। वहीं माढ़ा में कहा कि कांग्रेस को देश ने 60 साल तक राज करने का मौका दिया। इन 60 वर्षों में दुनिया के अनेक देश पूरी तरह से बदल गए लेकिन कांग्रेस किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंचा पाई। 2014 में करीब 100 सिंचाई परियोजनाएं ऐसी थीं, जो कई दशकों से लटकी पड़ी थीं। इनमें से 26 परियोजनाएं महाराष्ट्र से थीं। सोचिए, कितना बड़ा धोखा कांग्रेस ने महाराष्ट्र को दिया है। हमने कांग्रेस की लंबित 100 परियोजनाओं में से 63 पूरी कर ली हैं। मेरा मिशन हर खेत और हर घर तक पानी पहुंचाना है। चाहे विदर्भ हो या मराठवाड़ा, पानी की एक-एक बूंद के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## दोस्त की हत्या के दोषी नाबालिग को उम्रकैद की सजा

**रांची।** जुवेनाइल कोर्ट ने मंगलवार को नाबालिग दोस्त की हत्या करने के दोषी नाबालिग को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में अभियोजन पक्ष ने 10 गवाह जबकि बचाव पक्ष ने दो गवाह पेश किए थे। एक जनवरी, 2021 को नए साल का जश्न मनाने के लिए सोनू को उनके घर से आशीष टोप्पो और सुमेश लकड़ा लेकर निकले थे। बाद में सभी ने शराब पी और सोनू टोप्पो की हत्या पत्थर से कुचकर कर दी थी। दो जनवरी को सुबह में सोनू टोप्पो का शव करमटोली के सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल के पास मिला था। लालपुर थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।


**इंडिया**

# चुनाव पूर्व अस्थायी हृदय परिवर्तन की राजनीति



सुनील बादल

*राजनीति* विशेष रूप से चुनाव के समय किस करवट बैठ जाए कहना मुश्किल होता है और कल तक के दोस्त या दुश्मन कब हृदय परिवर्तन कर ठीक विपरीत विचारधारा के खेमें में शामिल होकर ताल ठोकने लगे समझना थोड़ा कठिन है। ऐसे में इन नेताओं के बढ़ चढ़कर दिए पहले के बयानों को लेकर सोशल मीडिया का बाजार अभी से गर्म है। इन बयानों में प्रमुख है कि अब ये नेता किन मुद्दों को लेकर चुनावी अखाड़े में उतरेंगे क्योंकि जिसे कल तक सबसे बुरा बताते थे आज उसे उचित या पवित्र कैसे बताएंगे? कई सनातनी अब कथित धर्मनिर्पेक्ष पार्टी के साथ खड़े हैं और अनेक दूसरे खेमेवाले आज भगवा झंडे के नीचे खड़े हैं। इसमें एक बड़ा मुद्दा है कि लड़ाई विकास के नाम होगी या जाति,धर्म क्षेत्रवाद के नाम पर? अभी तक सभी पार्टियां अपने उम्मीदवार तय नहीं कर पा रहीं इसके पीछे यही असमंजस है क्योंकि प्रजातंत्र की असली मालिक जनता ने रहस्यमय चुप्पी ओढ़ ली है। कहीं कहीं उम्मीदवारों का टोटा पड़ गया है तो अनेक क्षेत्रीय पार्टियां अभी भी जनता जनार्दन का मूड नहीं भांप पा रही है। ऐसे में कहीं पुरानी चालें कहीं उल्टी न पड़ जाएं इसका भी खतरा है। पिछले विधान सभा चुनाव के समय बिहार में जाति सर्वेक्षण करवाने और इसकी रिपोर्ट जारी होने के बाद कांग्रेस पार्टी ने ऐलान कर दिया है कि उसकी जहां-जहां सरकार बनेगी, वहां-वहां कास्ट सर्वे करवाया जाएगा। खास तौर पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जाति सर्वेक्षण का अभियान छेड़ रखा था और नारा दिया था - जितनी आबादी, उतना हक। जबकि प्रधानमंत्री ने विकासशील भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ बातचीत में कहा था, मेरे लिए देश की सबसे बड़ी चार जातियां हैं- गरीब, युवा, महिला और किसान विकसित भारत का संकल्प इन्हीं चार अमृत स्तंभों पर मजबूती के साथ टिका है। इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। गरीब महिला और युवा वोटरों का एक बड़ा वर्ग बीजेपी के साथ मजबूती से खड़ा है जिसने 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 2014 चुनाव से भी ज्यादा सीटें दिलाई। मोदी सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करके गरीब और वंचित तबकों का समर्थन हासिल किया है। ऊपर से राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के जोड़ ने बीजेपी को लोकसभा चुनावों में अजेय सा बना दिया है। अलग-अलग मुद्दों पर बीजेपी और पीएम मोदी की छवि को नुकसान पहुंचा कर वोटरों को अपने पक्ष में करने की कोशिश में लगातार फेल हो रहे विपक्षी दलों ने अब जाति का दांव खेला था। हिंदुओं की एकजुटता के खतरे को अच्छी तरह समझ कर विपक्षी दलों ने उनमें जाति के आधार पर विभाजन करने का सपना देखा है। विरोधियों के इस सपने से कुछ हद तक बीजेपी की भी नींद उड़ी हुई थी। उत्तर प्रदेश और बिहार में ही जाति की सियासत का दबदबा नहीं है, बल्कि राजस्थान भी कास्ट पॉलिटिक्स के इर्द-गिर्द सिमटा हुआ था। क्या इस बार भी चुनाव में जाति विकास पर भी हावी नजर आएगा? यही वजह है कि कांग्रेस और बीजेपी ने कैंडिडेट के जरिए सोशल इंजीनियरिंग का दांव चला है, लेकिन इस बार दोनों ही दलों ने 2018 से अलग जातीय गणित का ध्यान रखा है। राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, राजपूत, सैनी, वैश्य, विश्वकर्मा, कुमावत जैसी जातीय संगठनों ने राजधानी जयपुर में अलग-अलग तारीखों में महापंचायत आयोजित की थी। झारखंड में दो राजपूत उम्मीदवारों के टिकट काटकर भाजपा ने राजपूतों की नाराजगी मोल ली है तो अन्य दल नई चालें चल रहे हैं जिससे भाजपा पिछले विधान सभा के कटु अनुभव से आशंकित है। इस बार भी टिकट बँटवारे में कथित रूप से प्रभाव डालने वाले तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराने वाले तेज तर्रार पूर्व मंत्री सरयू राय धनबाद से लड़ेंगे जो राजपूत वोटरों का वर्चस्व वाला क्षेत्र रहा है जबकि भाजपा ने विवादास्पद विधायक ढुलु महतो (वैश्य) को टिकट देने की घोषणा की है जिनके विरुद्ध अपराधों की कुंडली खोलनी सरयू राय ने शुरू कर दी है जिससे लगता है इस बार भी जाति विकास पर हावी रहेगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि इंडी और एंडी गठबंधन जीत के लिए क्या एजेंडा तय करते हैं।




## टी 20 वर्ल्ड कप टीम में ऋषभ संजू सैमसन और चहल की एंट्री




रोहित शर्मा (कप्तान)

**एजेंसी। मुंबई**

टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत ने भी अपनी कमर कस ली है। कप्तान रोहित शर्मा के साथ सेलेक्टर्स की मीटिंग के बाद बीसीसीआई ने जून में होने वाले टी 20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :** रोहित (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रित बुमराह, मो. सिराज।

**रिजर्व :** शुबमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान।

## एक नजर

### शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज का रिजल्ट शानदार कॉमर्स में शत प्रतिशत पास

**चान्हो।** शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज का रिजल्ट शानदार रहा। कॉमर्स में शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने पास किया वहीं आर्ट्स में 88.7प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। आर्ट्स में कुल 379विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल हुए जिसमे 374 उतीर्ण हुए। कॉमर्स में 84 विद्यार्थियो ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी उत्तीर्ण हुए। आर्ट्स में अनु कुमारी तो कॉमर्स में निशा कुमारी कॉलेज टॉपर बने। कॉलेज की शानदार सफलता पर प्राचार्य सुशील कुमार मिंज और उप प्राचार्य मोहसिन खान ने विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य की शुभकामना दी। साथ ही कहा कि यहां के बच्चे अलग-अलग क्षेत्र में आप आज नाम रोशन कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इसी कॉलेज में पढ़ने वाली एक लड़की नरगिस नाज ने कॉलेज के प्रथम बैच में ही पूरे झारखंड में आर्ट्स में द्वितीय स्थान प्राप्त की थी।

### पत्नी की शोक में युवक ने पंखे के सहारे लटक कर दी जान

**सिल्ली/मुरी।** मुरी ओ पी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा मुरी बाजार के समीप रहने वाला 30 वर्षीय युवक मुकुम शर्मा ने अहले सुबह 6 बजे रस्सी के सहारे पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। बताते चले की युवक की पत्नी संध्या देवी उम्र 26 वर्ष 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे अपने कमरे में दुपट्टा के सहारे पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी थी। अभी उसका पोस्टमार्टम भी नहीं हो पाया था कि उससे पहले ही 24 घंटा के अंदर युवक ने अपनी जान दे दी। ग्रामीणों के अनुसार युवक पत्नी की मौत के बाद काफी तनाव में था। लोगों ने बताया कि युवक काफी मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति था तथा प्राइवेट काम करके अपने परिवार का जीविका चलता था। उसकी पत्नी भी प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में काम कर रही थी। आत्महत्या के बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे सिंगपुर नर्सिंग होम ले गई परंतु डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों आत्महत्यो के कारण का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले को लेकर छानबीन कर रही है।

### संत अन्ना इंटर कॉलेज मांडर का रिजल्ट रहा शानदार

**मांडर।** संत अन्ना इंटर कॉलेज मांडर में आर्ट्स का रिजल्ट शानदार रहा। उषा खलखो 434 (86.8%) अंक के साथ कॉलेज टॉपर रही साथ ही अंकित उराव 430(86%) द्वितीय स्थान और खुशबु परवीन 423(84.8%) तृतीय स्थान पर रही। आर्ट्स में कुल 123 छात्रों ने परीक्षा दिए थे जिसमें से 97 छात्रों ने प्रथम श्रेणी 23 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी से पास हूए । दो छात्र अनुपस्थित और एक छात्र फेल रहा। जबकि साइंस में नमन आर्या 409 (81.8%) कॉलेज टॉपर पलक कुमारी गुप्ता 397(79.4%) द्वितीय स्थान और नेहा परवीन 387 (77.4%) लेकर तीसरे स्थान पर रही। कॉमर्स का भी रिजल्ट शानदार रहा पायल कुमारी गुप्ता 447(89.4%) प्रथम स्थान रानी कुमारी गुप्ता 426(85.2%) द्वितीय स्थान और अनीश कुमार 393(78.8%) तृतीय स्थान पर रहा। कॉमर्स में 95.65% रिजल्ट रहा, कुल 69 छात्रों ने परीक्षा दिया।

कामर्स में सेकेंड टॉपर और आर्ट्स में थर्ड टॉपर जिला बना कोडरमा

# कोडरमा जिले का शानदार प्रदर्शन, साइंस में नंबर वन जिला

### कॉमर्स में लातेहार ने मारी बाजी

वहीं, अगर कॉमर्स संकाय की बात करें, तो झारखंड 12वीं बोर्ड की परीक्षा के कॉमर्स स्ट्रीम में लातेहार ने बाजी मारी है। यहां के करीब 98.38 बच्चे कॉमर्स संकाय में उत्तीण किए हैं, जबकि, 97.95 उत्तीर्णता के साथ कोडरमा दूसरे नंबर पर है। कॉमर्स संकाय के रिजल्ट में 78.14 फीसदी उत्तीर्णता के साथ साहेबगंज सबसे निचले पायदान पर है। इसके अलावा, कॉमर्स संकाय में उत्तीर्णता के मामले को लेकर झारखंड के दूसरे जिलों की बात करें, तो 96.93 फीसदी उत्तीर्णता के साथ सिमडेगा तीसरे, 96.62 फीसदी उत्तीर्णता के साथ पाकुड़ चौथे, 96.54 फीसदी उत्तीर्णता के साथ खूंटी पांचवें, 96.05 फीसदी उत्तीर्णता के साथ हजारीबाग छठे, 95.95 फीसदी उत्तीर्णता के साथ रामगढ़ सातवें, 95.61 फीसदी उत्तीर्णता के साथ लोहरदगा आठवें, 93.69 उत्तीर्णता के साथ गिरिडीह नौवें और 93.00 उत्तीर्णता के साथ गढ़वा 10वें पायदान पर रहे।

### आर्ट्स स्ट्रीम में सिमडेगा अव्वल

इसके अलावा, अब अगर आर्ट्स स्ट्रीम के रिजल्ट की बात की जाए, तो झारखंड 12वीं की परीक्षा में 98.83 फीसदी उत्तीर्णता के साथ सिमडेगा जिला अव्वल रहा है। वहीं, 97.80 फीसदी उत्तीर्णता के साथ खूंटी दूसरे और 97.48 फीसदी उत्तीर्णता के साथ कोडरमा तीसरे स्थान पर रहा। हालांकि, इस संकाय के रिजल्ट में 81.94 फीसदी उत्तीर्णता के साथ पलामू का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। इसके अलावा, आर्ट्स संकाय के रिजल्ट में झारखंड के दूसरे जिलों के प्रदर्शन की बात की जाए, तो 96.92 फीसदी उत्तीर्णता के साथ गुमला चौथे, 96.77 फीसदी उत्तीर्णता के साथ हजारी बाग पांचवें, 95.70 फीसदी उत्तीर्णता के साथ लातेहार छठे, 95.35 फीसदी उत्तीर्णता के साथ सरायकेला सातवें, 95.26 फीसदी उत्तीर्णता के साथ पश्चिम सिंहभूम आठवें, 95.26 फीसदी उत्तीर्णता के साथ नौवें और 94.85 फीसदी उत्तीर्णता के साथ लोहरगा 10वें स्थान पर रहा है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड 12वीं बोर्ड में साइंस स्ट्रीम कोडरमा नंबर वन जिला बना है। कोडरमा जिले ने इस बार तीनों संकायों में बेहतर प्रदर्शन किया है। साइंस में टॉपर जिला बनने के साथ ही कामर्स में सेकेंड टॉपर व आर्ट्स में थर्ड टॉपर जिला बनने का गौरव कोडरमा को मिला है। इस जिले से साइंस संकाय में 91.08 फीसदी बच्चे पास किए हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर लातेहार और तीसरे नंबर पर चतरा रहा है। लातेहार में 89.40 फीसदी और चतरा में 85.39 फीसदी बच्चे साइंस संकाय में उत्तीर्ण हुए। वहीं, साइंस संकाय के रिजल्ट में 47.49 फीसदी के साथ खूंटी का प्रदर्शन काफी खराब रहा है। इन जिलों के अलावा, झारखंड के दूसरे जिलों की बात करें, तो 82.08 के साथ जामताड़ा चौथे, 81.94 फीसदी के साथ हजारीबाग पांचवें, 80.80 फीसदी के साथ पलामू छठे, 79.01 फीसदी के साथ गिरिडीह सातवें 78.05 फीसदी के साथ रामगढ़ आठवें, 73.43 फीसदी के साथ लोहरदगा नौवें और 72.19 फीसदी के साथ धनबाद 10वें स्थान पर रहा है।

**मैकेनिकल इंजीनियर बनना चाहती है इंटर साइंस की सेकंड स्टेट टॉपर रितिका**
हजारीबाग के इंटर साइंस कॉलेज की छात्रा रितिका कुमारी ने जैक बोर्ड के इंटर साइंस के रिजल्ट में पूरे झारखंड में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। रितिका टीवी-मोबाइल से दूर रहती है। मैकेनिकल इंजीनियर बनना उसका सपना है। रितिका कुमारी को 482 अंक मिले हैं। रितिका कुमारी ने बताया कि जी एडवांस परीक्षा दूंगी। इसमें सफल होकर मैकेनिकल इंजीनियर बनना चाहती हूं, बचपन से ही आविष्कार और नये-नये काम करने का शौक है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, पिता जी की स्थायी नौकरी नहीं है। वे प्रिंटिंग प्रेस में काम करते हैं। इसलिए मैकेनिकल इंजीनियर बनकर पूरे परिवार को हर क्षेत्र में मजबूत बनाना चाहती हूं।

### अंकुश चौहान बने जनता हाई स्कूल +2 खलारी के वाणिज्य संकाय टापर

**खलारी।** झारखंड अधिविद्य परिषद के 12वीं वाणिज्य संकाय में जनता हाई स्कूल +2 खलारी के अंकुश चौहान 431 अंक (86.2 प्रतिशत) अंक लाकर अपने विद्यालय के टापर रहे। अंकुश को अंग्रजी में 86, एसीटी में 95, बीएसटी 82, ईटीपी 88, इकोनामिक्स में 80 अंक मिले हैं। दूसरे स्थान पर रहे कैफी नाज को 413 तथा तीसरे स्थान पर रहे नावेद खान को 376 अंक प्राप्त हुए हैं। वाणिज्य में कुल 21 परीक्षार्थियों में 13 प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं। वाणिज्य संकाय का रिजल्ट 95.24 प्रतिशत रहा। वहीं दीपककुमार साह विज्ञान संकाय में स्कूल टापर रहे। दीपक को कुल 356 (71.2 प्रतिशत) अंक प्राप्त हुए हैं। उसे अंग्रेजी में 73, फिजिक्स में 75, केमिस्ट्री में 69, गणित में 83 तथा बायोलाजी में 56 अंक प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा द्वितीय टापर मुस्कान कुमारी को 314 तथा तीसरे स्थान पर रहे शुभम वर्मा को कुल 301 अंक प्राप्त हुए हैं। विद्यालय में विज्ञान में कुल 19 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें मात्र 7 बच्चे उतीर्ण हो सके हैं।

हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी हरियाणा को 4-1 से हराया

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का रांची में भव्य आगाज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 की मंगलवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भव्य शुरुआत हुई। भारतीय खेल प्राधिकरण (सांई) के महानिदेशक संदीप प्रधान ने महिला हॉकी लीग का उद्घाटन किया। भाग लेने वाली सभी आठ टीमों के खिलाड़ियों के साथ बातचीत की। ये टीमें हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप से क्वालीफाई कर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में पहुंची हैं। भाग लेने वाली आठ टीमों में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा शामिल हैं। उद्घाटन मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी हरियाणा को 4-1 से हराया, जबकि हॉकी महाराष्ट्र ने मणिपुर हॉकी को 5-1 से आसानी से पराजित किया। महिला हॉकी लीग के महत्व पर टिप्पणी करते हुए हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग भारतीय महिला घरेलू हॉकी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। यह प्रतियोगिता हमारे शीर्ष घरेलू खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने कौशल को और निखारने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। हमें विश्वास है कि यह लीग राष्ट्रीय टीम के लिए भविष्य के सितारों की पहचान और पोषण के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में काम करेगी। मौके पर मनोज कुमार, सचिव, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामला विभाग, सुशांत गौड़, निदेशक खेल, खेल और युवा मामला विभाग, हॉकी इंडिया के अधिकारी भी उपस्थित थे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष जे मनोहरन भी उद्घाटन दिवस पर मौजूद थे।

## जीएम इंटर कॉलेज का कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय का परिणाम जारी किया गया, जिसमें जी एम इंटर महाविद्यालय की इचाक का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस परीक्षा परिणाम में वाणिज्य संकाय में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जिसमें पूजा कुमारी 406 अंक लाकर महाविद्यालय की टॉपर रही।, राहुल कुमार 379, अमर कुमार 379 अंक लाकर सेकेंड टॉपर रहे। वही कला संकाय में महाविद्यालय का 99 प्रतिशत परिणाम रहा। कला संकाय में 606 विद्यार्थियों में से 360 प्रथम श्रेणी एवं 223 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। महाविद्यालय से छात्रा पल्लवी कुमारी 409 अंक लाकर महाविद्यालय टॉपर बनी।405 अंक लाकर अमन कुमार सेकंड टॉपर और 404 अंक लाकर साक्षी राणा थर्ड टॉपर रही, उसके बाद क्रमशः नितेश कुमार 400 अंक, रानी कुमारी 388, अंक लाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में महाविद्यालय का 82 प्रतिशत परिणाम रहा जिसमें अमन कुमार 443 प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पूर्णिया कुमारी 426, जिया वर्मा 417 तृतीय एवं राजेश कुमार 412 अंक लाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं के इस बेहतरीन प्रदर्शन से छात्र-छात्राओं में हर्ष एवं खुशी व्याप्त हो गई है, प्राचार्य शंभू कुमार ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे खुद उनकी मेहनत और लगन साथ ही साथ शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। सचिव विनय कुमार ने अपने मेहनती शिक्षकों सहित सभी कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि सही मार्गदर्शन के बदौलत आज महाविद्यालय का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है और आगे भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अपना परचम लहराते रहेंगे।

## झारखंड हाई कोर्ट ने खरकई डैम प्रोजेक्ट मामले में मुख्य सचिव से मांगा जवाब




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट ने सरायकेला के खरकई डैम प्रोजेक्ट में छह हजार करोड़ से अधिक राशि खर्च किए जाने के बाद राज्य सरकार द्वारा इसे बंद करने पर आपत्ति जताते हुए संतोष कुमार सोनी द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव से पूछा है कि 6100 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद खरकाई डैम प्रोजेक्ट क्यों पूरा नहीं किया जा रहा है? कोर्ट ने कहा कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद क्या काम बंद रहेगा? यदि वहां ग्रामीण आंदोलनरत हैं तो उसके लिए क्या कर रहे हैं? खरकाई डैम प्रोजेक्ट को लेकर अंतिम रूप से सरकार ने क्या निर्णय लिया है? कोर्ट ने इन बिंदुओं पर मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले का अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। इस मामले में जल संसाधन विभाग ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया कि जमीन अधिग्रहण पर स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण खरकाई डैम प्रोजेक्ट रुका हुआ है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि 6100 करोड़ से अधिक रुपये इस प्रोजेक्ट पर खर्च हो चुका है। इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर करने से पहले राज्य सरकार ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट जरूर बनाई होगी। क्या प्रोजेक्ट रिपोर्ट में राज्य सरकार को जमीन अधिग्रहण को लेकर ग्रामीणों के आंदोलन को लेकर किसी प्रकार का विचार नहीं किया था। नाराज कोर्ट ने मौखिक कहा कि यदि यही स्थिति है तो मामले में सीबीआई को प्रतिवादी बनाकर जांच करवा देते हैं। फिर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करने के बाद खरकई डैम प्रोजेक्ट को वर्ष 2020 में एक पत्र लिखकर इस प्रोजेक्ट को क्यों बंद कर दिया गया था।

# झारखंड में शादी कार्ड की तर्ज पर वोटरों को भेजा जा रहा न्योता




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 27 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को", हमारे सहज आमंत्रण को, स्वीकार करें प्रेम से, 25 मई को मतदान कर, उस लम्हे को सजाएं फ्रेम में, "हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरूर से जरूर आना।" शादी की तरह डिजाइनर कार्ड और उन पर लिखी पंक्तियां झारखंड में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हैं। कोडरमा और धनबाद के निर्वाचन पदाधिकारियों की ओर से जारी इस तरह के कार्ड की डिजिटल कॉपी सोशल मीडिया पर खूब घूम रही है। धनबाद लोकसभा सीट की निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने कार्ड को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। वह कहती हैं कि यह आमंत्रण पत्र एक छोटा सा प्रयास है कि लोग मतदान के महत्व को समझें। हम चाहते हैं कि विवाह का शुभ निमंत्रण मिलने पर लोग जैसे पहुंचते हैं, वैसे ही मतदाता लोकतंत्र के पवित्र अनुष्ठान में सहभागी बनें। गिरिडीह जिले के उपायुक्त और कोडरमा के निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की पहल पर इसी तरह के कार्ड बनाए गए हैं। लोग इन्हें सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप के जरिए एक-दूसरे को भेज रहे हैं। कार्ड में निवेदक निर्वाचन पदाधिकारी हैं तो दर्शनाभिलाषी में पीठासीन पदाधिकारी के साथ मतदान दल सदस्य हैं। कार्ड पर बाल मनुहार भी दर्ज है, जिस पर लिखा है, "हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरूर-जरूर पधारना।"

### लापुंग के 65 बूथों पर 260 वोलेंटियर के रूप में छात्र छात्राओं की तैनाती होगी

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस के दिन दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को सहयोग के लिए 260 छात्र-छात्राओं को वोलेंटियर के रूप में तैनात किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को मिली नई जिम्मेवारी से उनमें उत्साह और उल्लास देखा जा रहा है। मंगलवार को लापुंग प्रखंड मुख्यालय सभागार में वोलेंटियर के रुप में तैनात होने वाले हाई स्कूल एवं मध्य विद्यालयों के छात्र छात्राओं को लापुंग की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने मतदान के दिन उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया और अपनी कर्त्तव्यों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक एवं ईमानदारी से करने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रशिक्षक लाल मिथिलेश कुमार सिंह, संकुल साधन सेवी मंटु कुमार साहु तथा कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को वोलेंटियर के रुप में काम करने के तरीकों को बारीकी से समझाया। बीडीओ उषा मिंज ने बताया कि लापुंग प्रखंड के सभी 65 बूथों में चार चार स्वयं सेवक तैनात होंगे।

## पेयजल व बिजली की समस्या के लिए बैठक में शामिल हुए : डॉ परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बंझिला एवं हेसल घुघरी में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में, पेयजल और बिजली की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने भी अपनी भागीदारी की। बैठक में पेयजल और बिजली के आपूर्ति में देरी, उन्हें संशोधित करने के लिए कई कदमों की जरूरत को उठाया गया। डॉ. परमेश्वर ने समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव दिए और संभावित उपायों पर विचार किया। बैठक के अंत में, सभी उपस्थित ने एक साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करने के लिए एक संयुक्त प्रयास करने का आश्वासन दिया। हेसल घुघरी के लोगो ने ये भी बताया की हमारे गांव का बिजली का तार पिछले दिन चोरी हो गई जिससे बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और न्या ट्रांसफर्मर की मांग पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगो को भरोसा दिलाया कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुरोध किया जाएगा। मौके पर दोनो गांव के बुद्धिजीवी वर्ग और कर्मठ समाजसेवी उपस्थित हुए।

## न्यूज बॉक्स

### हत्या मामले में कुख्यात अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपित बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को ठेकेदार शक्ति सिंह हत्या मामले में कुख्यात अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। 26 दिसंबर 2015 को शक्ति की हत्या गोली मारकर की गई थी। इस हत्याकांड को हरमू बिजली ऑफिस के पास अंजाम दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने संदीप थापा पर हत्या की साजिश होटवार जेल में रचने का आरोप लगाया था। शक्ति सिंह कुख्यात संदीप थापा के लिए काम करता था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से संदीप थापा पर लगे आरोप को साबित नहीं कर सकी। इसका लाभ आरोपितों को मिला। इसके बाद अपराधी संदीप थापा सहित छह आरोपित को बरी कर दिया गया।

### महावीर प्रसाद रूंगटा सहित दो आरोपितों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**रांची ।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को मनी लांड्रिंग के आरोपित महावीर प्रसाद रूंगटा और राकेश कुमार सिंघानिया की डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है। इससे पहले सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 12 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रख लिया था। इन दोनों पर 4.33 करोड़ रुपए की मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। ईडी ने पहले ही कंपनियों की 4.10 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। दोनों पर लौह अयस्क की तस्करी के लिए फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कर अवैध कमाई कर मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप है।

### मनोज केसरी हत्याकांड का मुख्य आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची ।** अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने मंगलवार को 26 साल पुराने मनोज केसरी चर्चित हत्याकांड का मुख्य आरोपित सुरेश सिंह को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने अदालत में पक्ष रखा था। सुरेश सिंह लंबे समय से हत्या के आरोप में जेल में बंद है। सुरेश सिंह पर वर्चस्व की लड़ाई को लेकर मुकेश केसरी की हत्या साल 1998 में करने का आरोप है। लाश का पैर-हाथ-सिर काटकर बोड़े में भर कर ठिकाने लगाने के दौरान लोअर बाजार पुलिस ने मेन रोड स्थित उर्दू लाइब्रेरी के सामने उसे पकड़ा था। तलाशी के दौरान बोड़े से मनोज केसरी की शव बरामद हुआ था। मामले में बहुत दिनों तक आरोपित सुरेश सिंह फरार रहा। उसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था ।

### जोर-जोर से पढ़ने से होगा उच्चारण में सुधार: सि. जयंती

**खलारी।** उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में कक्षा नौ के विद्यार्थियों के लिए पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग सह अंग्रेजी वक्तृत्व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सेक्शन 'ए' से दस व सेक्शन 'बी' से सात विद्यार्थी अपनी वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किए। सेक्शन 'ए' से आर्या चौधरी, हर्षप्रसाद गुप्ता, अल्बीना केरकेट्टा, जेयान अहमद, दिया सिंह, अनुज फ्रांसिस कुजूर, अर्पिता राज, वैभव श्रीवास्तव, वृष्टि कुमारी, अनुपम कुमार तथा सेक्शन 'बी' से शुभोश्री राय, मोहम्मद सबा सुल्तान, सारा हसन, नीतीश कुमार, पूजा कुमारी, अनमोलकुमार गंझू व ईशारीतिका तिग्गा भाग लिए। विद्यार्थियों ने विश्व के महान महापुरुषों स्वामी विवेकानंद, डा एपीजे अब्दुल कलाम, रबीन्द्रनाथ टैगोर, अल्बर्ट आइंस्टाइन, जवाहरलाल नेहरू, स्टीव जाब्स, डा बीआर अंबेडकर, नेल्सन मंडेला आदि के प्रसिद्ध भाषणों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कक्षा नौ के सेक्शन 'ए' से प्रथम आर्या चौधरी, द्वितीय दिया सिंह व तृतीय स्थान पर वृष्टि कुमारी रही। वहीं सेक्शन 'बी' से प्रथम सारा हसन, द्वितीय अनमोलकुमार गंझू व तृतीय शुभोश्री राय रही। जज के रूप में विद्यालय की शिक्षिका अलका राही, आरती तिर्की, रोजीमगदली टोप्पो व नैनाभारती कुजूर थी। समयपाल के रूप में शिक्षक अम्बुज कर्मकार थे। कार्यक्रम के अंत में आए अभिभावकों ने अपने विचार रखे। बच्चों को उचित शिक्षा व संस्कार प्रदान करने के लिए प्राचार्या सिस्टर जयंती तथा सभी शिक्षकों का धन्यवाद दिया।

### शिक्षा अंधकार से रोशनी की ओर ले जाने का माध्यम है: आशुतोष तिवारी



**चान्हो।** क्रियेटीव हार्ट स्कूल गुटूवा में मंगलवार को बिदाई समारोह सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिपस सह आजसू केन्द्रीय सचिव आशुतोष तिवारी उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे हम अपने हक को पहचानते हैं। क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने में इस स्कूल का महत्वपूर्ण भूमिका है। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अच्छे प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के बीच में जिला परिषद सदस्य द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया साथ ही जो बच्चे मैट्रिक पास किया उनको विदाई दी गई और स्कूल के डायरेक्टर विनोद भगत ने उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

### मथुरा नगर से केसड़ा जाने वाली सड़क जर्जर



**टाटीझरिया ।** प्रखंड के भराजो पंचायत 20 बरकट्ठा विधानसभा एवं कोडरमा लोक सभा क्षेत्र और मांडू विधान सभा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अब तक कई नेता मंत्रियों का निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार केंद्र तथा राज्यो में मतदाताओ द्वारा मतदान कर चुनाव सांसद विधायकों का किया जाता है। जो चुनावी बिगुल बजते ही आम जनता के बीच दिन में ही तारे दिखाने जैसा अपनी प्रचार प्रसार के बैनर में सड़क,बिजली,शिक्षा ,रोजगार , जल जंगल, जमीन,भ्रष्टाचार जैसी कई समस्याओं का समाधान करने को लेकर सुंदर सुंदर अक्षरो में छपवाकर डीजे साउंड के माध्यम से प्रचार प्रसार करवाकर सिर्फ आश्वासन देते रहते है। जब चुनाव में प्रत्यासी जीत जाते है तो क्षेत्र में आम जनता के बीच सिर्फ यदा कदा ही योजनाओ के शिलापट्ट में संवेदक के बुलाने पर आते है और उद्घाटन कर चले जाते है। जनता की हाल चाल लेना भी मुनासिब नहीं समझते है। आथर्त्त कथनी करनी भिन्न जहां धर्म नही पाखंड वहां क्षेत्र में कई ऐसे सड़क वा योजनाएं है जो सालों शिलान्यास किए बीत गए लेकिन सिर्फ शिलापट्ट पर ही लिखे रह गया। बतादे की टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय जाने के रास्ते दो पंचायत भराजो के मथुरा नगर टोला में बनी पुलिया बना खाई जो राहगीरों के लिए खतरे का दावत दे रहा है और डहरभंगा पंचायत के केशडा गांव रास्ते की स्थिति बहुत ही जर्जर दयनीय है उबड़ खाबड़, जहां तहां गड्ढे,पुलिया जर्जर होने के कारण इसी रास्ते झरपो, भाराजो,नारायणपुर, बेडमक्का,खैरा, गोधीया, सिमराढाव , जरगा, टटगांव समेत कई गांवो से हजारों पैदल,साइकिल,दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया,ट्रेक्टर वाहनों का आवागमन होते रहता है ।

# मेरे परिवार ने गरीबी को पढ़ाई में बाधा नहीं बनने दिया : जीनत

*पिता ने कहा, बेटा हो या बेटी, सभी को पढ़ाएं*

*बेटी को बड़ा अफसर बनते देखना चाहता हूं*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/पिठोरिया**

रांची जिले के कांके प्रखंड के सतकनांदू गांव की रहने वाली सब्जी विक्रेता की बेटी जीनत परवीन ने झारखंड एकेडमिक कौंसिल (जैक) के 12वीं बोर्ड की परीक्षा के आर्ट्स संकाय में अपना परचम लहराते हुए 94.4 फीसद अंक लाकर झारखंड टॉपर बनी हैं। वहीं, कांके चूड़ी टोला की राहत परवीन 91.2 प्रतिशत लाकर चौथा स्थान और कांके होचर की खुशनुमा परवीन पांचवां स्थान लाकर कांके का नाम रोशन किया है। जीनत परवीन सहित दोनों टॉपर राजकीय उच्च विधायक प्लस 2 कांके की छात्रा हैं। जीनत परवीन बेहद गरीब परिवार की हैं। पिता साबिर अंसारी सब्जियां बेच कर घर का खर्च चलाते हैं और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई करवा रहे हैं। जीनत



के परिवार में एक भाई, मम्मी-पापा और दादा-दादी हैं। जीनत बताती हैं कि मेरे परिवार ने गरीबी को कभी भी पढ़ाई में रुकावट नहीं बनने दिया। सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते हुए मैंने खुद भी पढ़ाई से यह उपलब्धि हासिल की। मेरे शिक्षक, अम्मी, अब्बू, फूफी, मामा सभी लोगो का सहयोग मिलता रहा। इन सभी को मैं अपनी कामयाबी की श्रेय देना चाहूंगी। भविष्य में आर्थिक सहयोग मिले, तो यूपीएससी में सफल होना चाहूंगी। आईएएस अफसर बनना चाहती हूं। जीनत के पिता साबिर अंसारी ने कहा, आज के समय में बेटा हो या बेटी, सभी को पढ़ाएं। मैं अपनी बेटी को बड़ा अफसर बनते देखना चाहता हूं। सरकार की मदत मिले, तो आगे उच्च शिक्षा दिलाना चाहता हूं।

जीनत परवीन के झारखंड टॉपर की खबर सुनते ही पूरे इलाके में खुशी का माहौल देखा गया। लोगों की भीड़ उसके घर पर थी। पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं आजसू पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, मोजिबुल अंसारी, मोहम्मद सफीउल्लाह अंसारी जीनत परवीन को बधाई देने उनके घर पहुंचे। उन्होंने जीनत और उनके माता-पिता को बुके दकर और शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। साथ ही, मिठाई खिला कर बेटी को बधाई दी।

हकीम अंसारी ने कहा कि जीनत परवीन ने पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। ये उन सभी छात्र-छात्राओं और समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो समझते हैं कि लड़कियां सिर्फ ससुराल में झाड़ू-पोछा और खाना बनाने की लिए पैदा हुई हैं। आज समाज और देश में बेटियां हर क्षेत्र में अपनी परचम लहरा रही हैं। मोजिबुल अंसारी एवं मोहम्मद सफीउल्लाह ने भी कहा कि बेटी ने हम सभी का मान बढ़ाया है। उसके साथ हम सभी हर संभव सहायता के लिए खड़े हैं। उसकी पढ़ाई आगे जारी रहेगी। हम सभी से जो भी मदद हो पाएगी, इसके लिए करेंगे। वहीं, जीनत परवीन के राज्य टॉपर होने पर कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, कांग्रेस नेता सुरेश बैठा, पूर्व जिप सदस्य ऐनुल हक अंसारी, मजीद अंसारी, जमील अख्तर, हिना परवीन, शकील अंसारी, महताब आलम, कुर्बान खान ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## ट्रैफिक नियम का उल्लघंन करने वाले 1142 का कटा चालान

**रांची।** राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले छह दिनों में कुल 1142 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 131, 133, 150, 241, 241 और 246 चालान शामिल हैं। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने मंगलवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, अनधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। नियम का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए चालान काटा जा रहा है।

# न्यूज बॉक्स

## उपायुक्त कोर्ट में सुनवाई का समय तीन मई से बदलेगा

**रांची।** रांची के उपायुक्त कोर्ट में होने वाली सुनवाई के समय में कुछ दिनों के लिए बदलाव किया गया है। आगामी तीन मई से 15 मई तक उपायुक्त कोर्ट में दिन में 10:00 बजे से ही सुनवाई होगी। लोकसभा चुनाव के नामांकन को लेकर यह बदलाव किया गया है। कोर्ट के समय में बदलाव की जानकारी रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव को मंगलवार को पत्र लिखकर दी गई है। उल्लेखनीय है कि रांची उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा दिन में 11:00 बजे से लोकसभा चुनाव के कार्यों में व्यस्त हैं। इसकी वजह से उपायुक्त कोर्ट में सुनवाई का समय बदल दिया गया है।

## एटीएस ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के दो बदमाशों को दबोचा, हथियार बरामद

**रांची/रामगढ़।** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें मनिन्दर कुमार उर्फ मिलावट और राजा अंसारी शामिल हैं। इनके पास से आठ चक्र का एक रिवाल्वर, अलग-अलग तरह की 51 गोलियां बरामद की गई हैं। एसपी ऋषव झा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एटीएस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के बदमाश राजा अंसारी एवं मनिन्दर कुमार उर्फ मिलावट रामगढ़ के पतरातू आए हुए हैं। इस सूचना पर एटीएस ने छापेमारी कर दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया। मनिन्दर कुमार के पास से अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि मनिन्दर कुमार से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई है कि वह गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के जरिए अपराध में प्रयुक्त होने वाले हथियार एवं कारतूसों को जमा करता था।




## एनआरआई महिला से 43 लाख की साइबर ठगी करने वाला बोकारो से गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) झारखंड रांची के साइबर क्राइम थाने में हाल में यूएसए में रहने वाली एक एनआरआई महिला के साथ 43 लाख रुपये ठगी का मामला दर्ज कराया गया था। अनुसंधान के क्रम में अपराधी की संलिप्तता के आधार पर छापामारी करते हुए ठगी में संलिप्त एक साइबर अपराधी राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह बेंगाबाद गिरिडीह जिला का रहने वाला है और उसे बोकारो से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से कांड से संबंधित सामान बरामद किए गए हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा उपयोग किए जाने वाले आईसीआईसीआई खाता संख्या 331501504121 के विरुद्ध महाराष्ट्र एवं कर्नाटक राज्य में भी शिकायतें दर्ज हैं।

## एनआईए डीजी ने झारखंड डीजीपी से की मुलाकात

**रांची।** एनआईए के डीजी सदानंद दाते ने मंगलवार को रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचकर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने झारखंड में आतंकवाद और नक्सलवाद सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान राज्य में आंतकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से की जा रही कार्रवाई एवं हाल के दिनों में प्राप्त सफलताओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान एडीजी आरके मल्लिक, एडीजी डॉ संजय आनंदराव लाठकर, एनआईए के आईजी आशीष बत्रा, एनआईए डीआईजी ज्योति प्रिया, एनआईए एसपी प्रशांत आनंद, मनोज कौशिक सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।



## संत जेवियर्स कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में मंगलवार को दिन में 3:00 बजे से न्यूज 99 और आईक्यूएसी द्वारा आयोजित 'वोट फॉर योर फ्यूचर' विषय के तहत कॉलेज के सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करना था। रांची के नगर आयुक्त अमित कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। नगर आयुक्त अमित कुमार ने नए मतदाताओं व कॉलेज के विद्यार्थियों को बताया कि लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन है। उन्होंने कहा कि सोच, पार्टी, सरकार सभी बदल सकते हैं, लेकिन आपका पहला वोट हमेशा एक यादगार पल के तौर रह जाएगा। इस अवसर अतिथि रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि किसी भी कार्य योजना को कराने के लिए सरकार की जरूरत होती है। उसके लिए वोट कर ही आप लोकतांत्रिक सरकार चुन सकते हैं।

## एक्सआईएसएस का 63वां दीक्षांत समारोह 4 को

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची का 63वां दीक्षांत समारोह 4 मई को शाम 5 बजे से संस्थान के कैंपस में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में बैच 2022-24 के 247 स्नातक छात्रों के बीच डिप्लोमा वितरित किए जाएंगे। राजीव दुबे, चेयरमैन, महिंद्रा इंश्योरेंस ब्रोकर्स लिमिटेड, महिंद्रा स्टील सर्विस सेंटर लिमिटेड और महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे मार्केटिंग मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के स्नातकों को इस कार्यक्रम के दौरान संबोधित करेंगे, जो अब देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी सेवा देने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल एलुमनाई अवार्ड के लिए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम के 1990-92 बैच के सलिल लाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीएचआरओ, मारुति सुजुकी प्राइवेट लिमिटेड को सम्मानित किया जा रहा है।

## मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे सरकारी स्कूलों के बच्चे

**रांची।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के सरकारी स्कूलों में भी मतदाता जागरूकता के लिए मतदान से संबंधित रोचक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूलों में आयोजित होने वाले चेतना सत्रों में भी बच्चों को भारत के विराट लोकतांत्रिक विरासत और इसकी गौरवगाथा के बारे में बताया जा रहा है।

बच्चे इन प्रयासों से लोकतांत्रिक इतिहास और मतदान के महत्त्व को आसानी से समझ पा रहे हैं। इतना ही नहीं, वे अपने टोलों, गांवों में भी जागरूकता अभियान चला रहे हैं। राज्य के सरकारी स्कूलों में छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 'लोकतंत्र कक्ष' बनाया गया है। इस रूम में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े चित्रों, पेंटिंग्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, ईवीएम, वीवीपैट मशीन आदि की प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई गई है। बच्चे इस कक्ष में अभिभावकों के साथ आकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को आसानी से समझ सकते हैं। बच्चे प्रतीकात्मक ईवीएम और वीवीपैट मशीन के माध्यम से अभिभावकों के मन में ईवीएम को लेकर उत्पन्न भ्रम को भी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।

## हाई कोर्ट में शराब टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान की आंशिक सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार ने हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिए गए स्वतः संज्ञान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की है। इस पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में अभी लंबित है। इसलिए समय दिया जाए। कोर्ट ने सरकार के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई जून माह में निर्धारित की है। हाई कोर्ट ने पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से याचिकाकर्ता उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। राज्य सरकार की ओर से आईए दाखिल कर कहा गया था कि इस केस के याचिकाकर्ता एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का क्रेडेंशियल सही नहीं है। याचिकाकर्ता का कहना है कि राज्य के जिलों में शराब के होलसेल के टेंडर में शामिल होने के लिए 25 लाख रुपये नॉन रिफंडेबल राशि तय की गई थी। कि राज्य के विभिन्न जिलों में शराब के होलसेल और रिटेल का टेंडर लेने के लिए कोलकाता से झारखंड के तीन जिलों में अलग-अलग खातों में करोड़ों रुपये भेजा गया था।

## रांची में प्रशासनिक स्तर से कहीं नहीं है पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था

# पैसा है तो खरीदें पानी, नहीं है तो रहें प्यासे

**अमित कुमार। रांची**

राजधानी रांची में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। ऐसे में जब लोग घर से बाहर निकलते हैं और उन्हें प्यास लगती है, तो प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी खरीदना पड़ता है। क्योंकि, पूरी राजधानी में कहीं भी पीने का ठंडा पानी प्रशासन या सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। वहीं, पूर्व में सांसद फंड से निर्मित सभी प्याऊ भी अब उपयोग में नहीं हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि हर वक्त पानी खरीद कर पीना सभी के लिए संभव नहीं है। जबकि, गर्मी में पानी कितना जरूरी है, सभी जानते हैं। शरीर में पानी की कमी होने से लू (हीट वेव) लग सकता है। पानी की कमी से व्यक्ति बेहोश होकर सड़क पर गिर सकता है और कभी-कभी यह घातक भी हो सकता है। इधर, निजी स्तर पर कहीं-कहीं कुछ लोगों द्वारा दो-चार मिट्टी के घड़े में ठंडा पानी सुलभ कराया गया है। वहीं, कुछ समाजसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित प्याऊ भी आम लोगों को राहत पहुंचा रही है। लेकिन, यह पर्याप्त नहीं है।

**मंदिर ही है एक मात्र सहारा :** अधिसंख्य मंदिरों में पानी की व्यवस्था होती है। ऐसे में प्यास लगने पर लोग मंदिर में जाकर पानी पीते हैं। लेकिन, हमेशा यह संभव नहीं हो पाता है। पहाड़ी मंदिर में पहले पीने के पानी के लिए आरओ फिल्टर लगाया गया था, लेकिन अब वह उपयोग में नहीं है। वहां मुख्य द्वार पर दो नल अंदर की ओर है और बाहर में हाथ धोने के लिए एक नल लगा हुआ है। इसी तरह सभी मंदिर के सामने नल लगा होने से लोगों को राहत हो जाती है।

**इन जगहों पर मिलता है घड़े का ठंडा पानी :** बाबूलाल प्रेम कुमार अपर बाजार, सेंट्रल बैंक अपर बाजार, हनुमान मंदिर चडरी तालाब के सामने, कोकर खोरहा टोली, पंडरा मार्केट से पहले, आईटीआई बस स्टैंड से आगे मल्होत्रा स्टोर के पास आदि।

**यात्री पड़ाव में भी नहीं है पानी की व्यवस्था :** रांची रेलवे स्टेशन को छोड़ कहीं भी बस पड़ावों पर पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है। खादगढ़ा स्थित बिरसा मुंडा बस स्टैंड में मात्रा एक प्याऊ है। वहीं, सरकारी बस स्टैंड, आइटीआई बस स्टैंड, धुर्वा बस स्टैंड, बूटी मोड़ पर बड़ी संख्या में लोग बस पकड़ते हैं, लेकिन वहां पानी की कोई व्यवस्था नही है।



**परिणाम घातक**

*शरीर में पानी की कमी से गर्मी में लू लग सकता है*

*व्यक्ति बेहोश होकर सड़क पर गिर भी सकता है*

### सांसद फंड से निर्मित सभी प्याऊ बेकार

राजधानी के कई मार्गों पर पूर्व में सांसद फंड से कई प्याऊ बनाए गए थे। लेकिन, वर्तमान समय में सभी प्याऊ बेकार पड़े हुए हैं। इनमें मेट्रो गली, लेथ मार्केट रोड, कला संगम दुर्गा मंदिर, जिला स्कूल के समीप जेजे रोड, पियादा टोली, लेक रोड, गांधी नगर, दिव्यायन, बरियातू रिम्स परिसर सहित कई जगहों पर प्याऊ खराब पड़े हुए हैं।

### समाजसेवी संस्थाएं पिला रही हैं पानी

कई सामाजिक संस्थाएं हैं, जो अपने खर्च पर लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध करा रही हैं। इनमें मारवाड़ी सभा, अग्रवास सभा, लायंस क्लब शामिल हैं।

### क्या कहते हैं लोग

दूसरे कई ऐसे राज्य हैं, जैसे पंजाब, राजस्थान, वहां जाने पर अधिसंख्य लोग अपने घर के बाहर पीने का ठंडा पानी रखते हैं। इसका उपयोग इंसान तो करते ही हैं, जानवरों के लिए भी पानी की अलग से एक व्यवस्था होती है।

**आरती बेहरा।**

राजधानी में कहीं भी पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था प्रशासन के स्तर पर देखने को नहीं मिलती है। लगता है, मानवता खत्म हो गई है। ऐसे में लोगों को आगे आने की जरूरत है। कुछ सामाजिक सस्थाएं सेवा भाव से पानी पिलाती हैं, जो सराहनीय है।

**रोहित सिन्हा**



कई समाजसेवी संस्थाएं लोगों को पानी पिलाना चाहती हैं, लेकिन इसके लिए सरकार को व्यवस्था देने की जरूरत है। साथ ही, सभी संस्थाओं के साथ एक बैठक कर इस पर निर्णय लेना चाहिए। इसके अलावा, प्रशासन की ओर से जगह-जगह पर मोबाइल वैन का चलन शुरू करना चाहिए, जो सभी जगहों पर खड़ा रहे और लोगो को आरओ का ठंडा पानी पिला सके।

**आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष, एफजेसीसीआई।**

# सेल सुरक्षा संगठन ने मनाया विश्व इस्पात दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ), रांची ने सोमवार को सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व इस्पात दिवस मनाया। बता दें कि वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन के तत्वावधान में हर साल 28 अप्रैल को विश्व स्तर पर यह दिवस मनाया जाता है। इस्पात दिवस पर सेल के संयंत्रों और इकाइयों के कर्मचारियों के लिए एक खतरा विश्लेषण प्रतियोगिता - हैजएन डॉट कॉम का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों से कार्यस्थल पर खतरों को कम करने पर केस अध्ययन आमंत्रित किए गए थे। दो श्रेणियों में प्राप्त कुल 60 प्रविष्टियों में से कर्मचारियों की टीमों से 27 प्रविष्टियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इन्होंने एमटीआई, रांची, सेल में निर्णायक मंडल के एक पैनल के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतियां दी।

शॉर्टलिस्ट की गई टीमों में से, इस्को स्टील प्लांट से शैलेश कुमार एवं मनीष कुमार की टीम श्रेणी-1 (एक्जीक्यूटिव) में समग्र विजेता बनी। जबकि, दीपक कुमार मोहंती,



प्रसांत कुमार नाइक एवं अमूल्य कुमार बिसोई श्रेणी-2 (नन एक्जीक्यूटिव) में विजेता रहे। पुरस्कार समारोह में आशीष चक्रबर्ती, ईडी (एसएसओ), शशि वशिष्ठ, सीजीएम (सुरक्षा), एसएसओ, तथागत घोष, सीजीएम (सीईटी), पार्थ बैनर्जी, सीजीएम (आरडीसीआईएस) उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के निर्णायक इंद्रनील बनर्जी, महाप्रबंधक (डिजिटलीकरण), एसडीटीडी, टीएन पांडे, महाप्रबंधक (आरडीसीआई एस), संजय अग्रवाल, महाप्रबंधक (सुरक्षा), एसएसओ एवं राजीव वर्मा, महाप्रबंधक (सुरक्षा), एसएसओ थे। इस कार्यक्रम का समन्वय अभिषेक कुमार, एजीएम (सुरक्षा), एसएसओ और सोनल सिन्हा, प्रबंधक (सुरक्षा), एसएसओ ने किया।

# निलेंदु कुमार सिंह ने ग्रहण किया सीसीएल के सीएमडी का पदभार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

निलेंदु कुमार सिंह ने मंगलवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार ग्रहण किया। इस पद के लिए उनका चयन सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने किया था। इस कार्यभार से पूर्व, निलेंदु कुमार सिंह ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) पद पर कार्यरत थे। उन्होंने वर्ष 1989 में आईआईटी-आईएसएम, धनबाद से खनन इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वर्ष 1994 में प्रथम श्रेणी खान प्रबंधक प्रमाणन प्राप्त किया। उन्होंने वर्ष 1989 में कोल इंडिया लिमिटेड के अनुषंगी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड से अपने करियर की शुरुआत की। वर्ष 2011 तक सीसीएल में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं



प्रदान कीं। इस दौरान वे पिपरवार, अशोका, उरीमारी और कल्याणी इत्यादि परियोजनाओं में खान प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दी। इसके बाद, जनवरी, 2012 में उनकी पदस्थापना एसईसीएल में हुई। जहाँ उन्होंने गेवरा में खान प्रबंधक, दीपका और छाल परियोजना में उप क्षेत्र प्रबंधक (एजेंट) और एसईसीएल के दीपका क्षेत्र, कोरबा क्षेत्र और रायगढ़ क्षेत्र में महाप्रबंधक के रूप में अपना योगदान दिया । निलेंदु कुमार सिंह के पास मेगा ओपन कास्ट खदानों में काम करने, एफएमसी परियोजनाओं के संचालन, साइडिंग शुरू करने, नई खनन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और उच्चतम क्षमता वाले एचईएमएम के साथ काम करने का व्यापक अनुभव है। उन्होंने खनन तकनीकों में अनुभव प्राप्त करने के लिए उन्होंने 1997 में ऑस्ट्रेलिया का भी दौरा किया है। उन्हें खेल और पेंटिंग में गहरी रुचि है। उन्होंने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय स्तर पर वॉलीबॉल का प्रतिनिधित्व किया है।

## गुरुकुल शिक्षा ने किया एजुकेशन फेयर का आयोजन

**रांची।** गुरुकुल शिक्षा ने मंगलवार को होटल रेनड्यू में एजुकेशन फेयर 2024 का आयोजन किया। इसमें लगभग देश के 25 से ज्यादा कॉलेज और यूनिवर्सिटीज ने भाग लिया। सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी से आए हुए रिप्रेजेंटेटिव ने बच्चों को अपने कोर्सेज और प्लेसमेंट सभी तरह की जानकारी दी। कॉलेजों द्वारा छात्रों को उनके करियर से संबंधित सारी जानकारी दी गई। वह क्या करें, कैसे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा, वह कौन से कोर्स का चयन करें, उसके लिए क्या-क्या प्रक्रिया है, आदि सभी प्रकार की जानकारी छात्रों को दी गई। लगभग 500 से अधिक छात्र और छात्राओं ने इस एजुकेशन फेयर में भाग लिया। संस्था के निदेशक सूरज प्रसाद ने कहा कि ऐसा प्रोग्राम हर जिले में होना चाहिए, ताकि बच्चों को मोटिवेट और नॉलेज मिलता रहे, जिससे वे एक ही छत के नीचे देश के विभिन्न शहरों में स्थित कॉलेज के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें और उसमें एडमिशन ले सकें।

# श्याम मंदिर में गूंजा श्री हनुमान चालीसा का पाठ

*राजस्थान के मुख्यमंत्री ने श्री श्याम मंदिर में दर्शन कर देश की खुशहाली की प्रार्थना की*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 99वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। बता दें कि श्री श्याम मित्र मंडल प्रत्येक मंगलवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में इसका आयोजन करता है। आज के कार्यक्रम में शिखा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। शिखा मोदी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन-वंदन किया। इसके बाद श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक, डफली, झांझ, करताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ में भाग लिया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार, श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने श्री श्याम मंदिर में दर्शन कर देश एवं राज्य की खुशहाली की प्रार्थना कर बाबा के आगे माथा टेका। अपने दो दिवसीय कार्यक्रम में झारखंड आए भजन लाल शर्मा ने आज श्याम मंदिर में दर्शन पूजन किया। अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर कर सम्मानित किया। मौके पर मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



# श्रम से ही मनुष्य की पहचान श्रम से ही राष्ट्र का निर्माण

*अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर बोलीं ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, श्रम से ही मनुष्य की पहचान होती है। श्रम से राष्ट्र का निर्माण होता है। इसलिए हमें श्रम का सम्मान करने में कभी हिचकिचाना नहीं चाहिए। कार्य छोटा नहीं, विचार छोटे होते हैं। अतः श्रम दिवस पर सभी श्रमिक स्वयं द्वारा स्वयं के शोषण से बचने का प्रण लें। धन, तन और परिवार का नाश करने वाली स्वयं की गलत आदतों से छूटने



की प्रतिज्ञा आवश्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार तथा गैर-सरकारी संस्थाएं और वे संस्थान जहां वे सेवारत हैं, समय-समय पर निःशुल्क व्यसनमुक्त शिविर आयोजित कर काम करने वालों को जागृति दें। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में विशेष प्रयत्नशील है और लाखों को व्यसनमुक्त बनाने में सफल हुआ है। स्थानीय ब्रह्माकुमारी केंद्र चौधरी बगान, हरमू रोड रांची इस सेवा में तत्पर है। श्रमिकों और श्रम को सलाम करते हुए पुनः अपने कर्मठ श्रमिक भाई-बहनों से एक ही अपील है, 'तोड़ो, व्यसनों की कारा तोड़ो।' ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, भगवान ने धरती पर किसी को भी मजदूर बनाकर नहीं भेजा, सभी को राजा बनाकर भेजा है। हम सभी भगवान के राजा बेटे हैं। मानव जीवन पुरुष और प्रकृति का खेल है। आत्मा पुरुष, प्रकृति के बने शरीर को धारण कर रंगमंच पर अपनी भूमिका निर्वहन करती है। इस अर्थ में हरएक आत्मा जन्मजात मालिक (राजा) है और शरीर तथा कर्मेंद्रियों उसके कर्मचारी और नौकर हैं। जब व्यक्त स्वस्वरूप में टिककर, अपने को इंद्रियों का राजा अनुभव करते हुए कर्म करता है, तो कर्म खेल लगता है, कर्म आनंदकारी बन जाता है। उन्होंने कहा, मैं आत्मा राजा हूं और कर्मेंद्रियां मेरी कर्मचारी हैं, यदि यह हम स्मृति में बनाए रखें, साक्षी होकर कर्मेंद्रियों से कर्म करवाएं तो वह कर्मचारी जैसा कार्य करते हुए भी राजा जैसी ऊंची स्थिति का आनंद ले सकता है।






# अलग से 'ट्रांसफर पोस्टिंग मोर्चा' भी बनाए झामुमो : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य पर बड़ा हमला बोला है। जमीन घोटाले में ईडी के द्वारा गिरफ्तार झामुमो नेता अंतु तिर्की और झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बीच ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर एक व्हाट्सएप चैट पर भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने खुलासा किया है। राजधानी के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का हाथ जमीन दलालों के साथ है। प्रतुल ने कहा कि पीएमएलए कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों ने स्पष्ट कर दिया है कि झामुमो नेता अंतू तिर्की ,सद्दाम हुसैन, अफसर अली समेत तमाम लोगों ने यह स्वीकार लिया है कि हेमंत सोरेन की 8.86 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात को उन्हीं लोगों ने तैयार किया था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इन अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया है कि वे ट्रांसफर पोस्टिंग और जमीन के फजीर्वाड़ा का बहुत बड़ा रैकेट चलाते हैं।



## अधिकारी के पोस्टिंग के लिए किया गया व्हाट्सएप

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रिया भट्टाचार्य और अंतू तिर्की के बीच का व्हाट्सएप चैट से बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इस चैट से स्पष्ट है कि अंतू तिर्की जो जमीन की गोरख धंधे में लिप्त था,वह सुप्रियो भट्टाचार्य से डीसीएलआर, खूँटी के पद पर कार्यरत प्रवीण मुंडा की पोस्टिंग रांची में जिला लैंड एक्विजिशन अफसर के रूप में करने की पैरवी कर रहा था । दलालों को यह भी पता था कि फाइल सीएम हाउस तक पहुंच गई । प्रतुल ने कहा कि सीएम हाउस के भीतर की बातें कैसे लीक हो गई और सुप्रियो भट्टाचार्य ने अंतू तिर्की के द्वारा इस बात को बताने पर एफआईआर क्यों नहीं किया? क्या यह ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट एवम् गोपनीयता का उल्लंघन नहीं है? प्रतुल ने कहा कि दस्तावेजों से स्पष्ट है कि कमीशन लेकर अंतू तिर्की अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग कराता था।

# पीएम के दौरे से पहले मुझे जेल भेजने की हो रही तैयारी : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि वे एक राजनीतिक व्यक्ति हैं और हर तरह के लोग के फोन कॉल आते रहते हैं। जिस पर मैं बात करता हूं। इसमें ट्रांसफर-पोस्टिंग सहित कई विषय होते हैं। झामुमो प्रवक्ता प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में अपने उपर लगे आरोपों का एक-एक जवाब दिया। झामुमो नेता ने कहा कि कुछ दिन पहले ईडी के अधिकारियों ने मुझे चुप रहने की नसीहत दी थी। उनका कहना था कि इस समय वे टारगेट पर हैं। इसलिए वे अपनी आवाज बंद रखें। झामुमो नेता ने सवालिया लहजे में पूछा कि जो चैट वायरल हो रहा है, वह कोर्ट से बाहर कैसे आया, यह प्रमाणित कॉपी है या मुझे बदनाम करने के लिए पब्लिक डोमिन में लाया गया है। झामुमो नेता ने कहा कि पीएम के दौरे से पहले ईडी उन्हें भी जेल भेज सकती है, मैं पूरे लैगेज के साथ जेल जाने को तैयार हूं।



## अर्जुन मुंडा पर झामुमो का बड़ा आरोप

झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने खूंटी के सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर बड़ा आरोप लगाया है। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ तमाड़ विधायक विकास मुंडा भी मौजूद थे। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आदिवासियों के खुंटकटी नेचर की 1400 एकड़ जमीन पर अर्जुन मुंडा ने कब्जा कर लिया है। झामुमो विधायक विकास मुंडा ने भी अर्जुन मुंडा पर आरोप लगाते कहा कि खूंटी में जमीन का काला कारोबार चल रहा है, जिसके पीछे सांसद और केंद्रीय मंत्री का हाथ है। झामुमो के दोनों नेताओं ने कहा कि चुनाव में जनसंपर्क के लिए अर्जुन मुंडा गांवों जाने का साहस नहीं कर पा रहे हैं, लोगों के पास सवालों के इतनी लंबी लिस्ट है कि उसका जवाब सांसद नहीं दे पाएंगे। झामुमो नेताओं ने कहा कि हत्या के मामले में जेल में बंद राजा पीटर से भाजपा के नेताओं ने समर्थन मांगा है।

# न्यूज | बॉक्स

## प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस वॉर रूम के सदस्यों की बैठक

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस वॉर रूम के तत्वावधान में मंगलवार को कांग्रेस भवन में लोकसभा चुनाव के निमित कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हेतु वॉर रूम सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई, जिसमें मुख्य रूप से ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के वॉर रूम के बेहतर संचालन से संबंधित चर्चा कर सभी लोकसभा क्षेत्र के प्रोफेशनल्स कांग्रेस सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गई की कांग्रेस के मैनिफेस्टो को लेकर धरातल पर उतरकर लोगो को इसके बारे में समझाए। इस अवसर पर प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल, पूर्व प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह, पूर्व रांची लोकसभा अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश कॉर्डिनेटर ऐलन एंड्रयू, सर्वर पॉल,डॉक्टर रीमा खलखो, आसिफ ज़ियाउल, कृष्णा सहाय, संजीव महतो,अनिल सिंह उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस झारखंड के वॉर रूम कॉर्डिनेटर विद्याकर कुंवर ने की।

## रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडी गठबंधन के नेताओं की बैठक



**रांची।** रांची लोकसभा चुनाव हेतु इंडिया गठबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की संयुक्त अध्यक्षता में संगम गार्डन, मोराबादी, रांची में आयोजित हुई, जिसमें रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य,रांची लोकसभा की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, विधायक राजेश कच्छप,गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद,महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाह देव आदि उपस्थित थे। बैठक में झामुमो के समनुर मंसुरी , बटर देओल, हेमलाल मेहता, पवन जेडिया,अश्वनी शर्मा, अमन तिवारी तथा कांग्रेस पार्टी के शमीम अख्तर, जगदीश चंद्र महतो, चंदन बैठा, शहाबीर लोहरा, साबीर अंसारी,एतवा उरांव, तुलसी खरवार,अर्चना मिश्र, अजगूत महतो, जगदीश महतो, शिवटहल नायक,विक्टोरिया देवी, राजकिशोर सिंह मुंडा सहित लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के अध्यक्षगण एवं प्रभारी उपस्थित थे।

## भाजमो प्रत्याशी धमेंद्र तिवारी 4 मई को करेंगे नामांकन

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रत्याशी तिवारी ने 4 मई शनिवार को समर्थकों के साथ अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के दौरान मुख्य रूप से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय सहित सैकड़ों की संख्या में भाजमो के कार्यकर्त्ता एवं स्थानीय जनता उपस्थित रहेगी।

## हजारीबाग संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी ने किया नामांकन

**हजारीबाग ।** हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को निर्दलीय उम्मीदवार संजय कुमार मेहता ने जिले की निवार्ची पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अधिसूचना जारी होने के उपरांत 30 अप्रैल तक कुल 13 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि तीन मई तक प्रतिदिन 11:00 बजे पूर्वाह्न से तीन बजे अपराह्न तक सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर निर्धारित है। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह मई को अपराह्न तीन बजे तक है। हजारीबाग सीट के लिए 20 मई को प्रातः सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा जबकि मतगणना चार जून को होगी।

## सीआईडी ने एनआरआई महिला से 43 लाख ठगने वाले साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी ) की साईबर क्राइम थाना पुलिस ने एनआरआई महिला से 43 लाख रुपए की ठगी करने वाले साइबर अपराधी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, एक पेन कार्ड, दो एटीएम बरामद किया गया है। डीएसपी नेहा बाला ने मंगलवार को बताया कि सीआईडी की साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए गिरिडीह जिला के रहने वाला राहुल को बोकारो से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में एनआरआई महिला के जरिये अपने डीमेट अकाउंट से संबंधित सहायता के लिए आईसीआईसीआई कॉल सेंटर के नंबर पर कॉल किया। जब कॉल नहीं लगा, तो उनके द्वारा टोल में 91 जोड़कर 8601231122 नंबर पर कॉल किया गया। इसके बाद साइबर अपराधियों के जरिये अलग-अलग फर्जी नंबर से इनको फोन किया गया और सहायता के नाम पर महिला द्वारा रिमोट कनेक्शन एप्लिकेशन एनी डेस्क इंस्टॉल करवा कर फोन का एक्सेस ले लिया गया।

# राज्य में 71 करोड़ 11 लाख से अधिक की जब्ती, 817 आर्म्स लाइसेंस रद्द

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया है कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने से लेकर अब तक झारखंड में 71 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की गई है। इसमें अवैध शराब, ड्रग्स आदि समेत 5 करोड़ 18 लाख से अधिक नकद रुपये शामिल हैं। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहीं थीं। उन्होंने बताया कि राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर राज्य के 18577 आर्म्स लाइसेंस में से 817 को रद्द करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि फेज 5 के निर्वाचन को लेकर कुल 14 नामांकन हुए हैं। उनमें चतरा में 9, कोडरमा में 4 और हजारीबाग में 1 नामांकन हुआ है। वहीं फेज 6 के लिए अब तक कुल 8 नामांकन हुए हैं।

## रांची से दो दिनों में 20 ने खरीदे नामांकन पत्र

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक कुल 20 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। इनमें कामेश्वर प्रसाद साव, अरशद अयूब, निपु सिंह, प्रवीण कच्छप, यशस्विनी सहाय, प्रवीण चन्द्र महतो, सोमा सिंह, रंजना गिरि, बीरेन्द्र नाथ मांझी, देवेन्द्र नाथ महतो, कोलेश्वर महतो और विनोद उरांव ने नामांकन पत्र खरीदे। अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार रामहरि गोप ने समाहरणालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया।

### भाजपा के नेता मृत्युंजय शर्मा और पूर्व जिप सदस्य कांग्रेस में शामिल

# कांग्रेस में घर वापसी करने वालों स्वागत : राजेश ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे आ अब लौट चलें कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यसमिति के सदस्य मृत्युंजय शर्मा, जिला परिषद के पूर्व सदस्य संजय सिंह एवं उनके साथ भाजपा के मंडल महामंत्री सहित सैड़कों कार्यकताओं ने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने माला और कांग्रेस का पट्टा पहनाकर स्वागत किया और कहा कि राहुल गांधी के प्रति जिस प्रकार युवाओं का रूझान बढ़ा है, यह उसी का परिणाम है कि युवाओं को कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा हो रहा है और देश के प्रधानमंत्री के झूठ और प्रपंच से लोग अब उब चुके है और कांग्रेस की ओर अपना रूख कर रहे हैं। हम तमाम लोगों का हम कांग्रेस परिवार में स्वागत और हार्दिक अभिनंदन करते हैं। इस अवसर पर डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन काफी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। ऐसे समय में पुराने साथियों का कांग्रेस में शामिल होना पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी और राज्य के 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित होगी।

## भाजपा के कथनी-करनी में अंतर : मृत्युंजय शर्मा

कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण के उपरांत मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि भाजपा अब सिर्फ जनता को छलने और ठगने का काम कर रही है। भ्रष्टाचार पर दुहाई देने वाली भाजपा अब पूरी तरह भ्रष्टाचारियों को सम्मान दिया जा रहा है। महंगाई से जनता ऊब चुकी है, देश के प्रधानमंत्री सिर्फ झूठ और प्रपंच रच रहे है और यही कारण है कि भाजपा में दम घुट रहा है और राहुल गांधी जी के न्याय यात्रा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया हूं। पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय सिंह ने कहा कि राजेश ठाकुर के नेतृत्व मजबूत है, इनके नेतृत्व कार्यकताओं का मान-सम्मान बढ़ रहा है यही कारण है कि हम अपनी सारी नाराजगी छोड पुनः कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किये है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से गोतम कुमार शर्मा, मंडल महामंत्री, हीरा लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष मंडल, दिनबन्धु महतो जिला कार्यकारी, कैलाश शर्मा मंडल महामंत्री युवा, अक्षय माहथा मंडल मंत्री, जीमुत वाहन महतो जिला मंत्री, विश्वजीत बनर्जी जिला कार्यकारा, सौरभ कुमार, शक्ति केन्द्र अध्यक्ष, अभिषेक कुमार, राकेश महतो, गुहीराम, नरेश महतो, गंगाधर कर, दुर्गा केवट, संतोष बाउरी, सुकदेव हंसदा, दीपक सिंह, रूपेश ठाकुर सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर बीएलओ और सुपरवाइजर पर कार्रवाई का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को सिमडेगा में पिछले चुनाव के दौरान कम वोटिंग प्रतिशत वाले विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय, सिमडेगा के मतदान केंद्र संख्या 162 के बीएलओ एवं सुपरवाइजर द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर उपायुक्त सिमडेगा को उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इन बूथों पर पिछले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इस मतदान केंद्र के मतदाता सूची में कई वैसे मतदाताओं के नाम पाये गये, जो अब यहां रहते ही नहीं हैं। कई ऐसे सरकारी कर्मचारियों का नाम था, जिनका स्थानांतरण पूर्व में हो चुका है। ऐसे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से न तो हटाने का कार्य हुआ और न ही अब्सेंट, शिफ्टेड या डेथ अर्थात एएसडी सूची में अंकित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय के अन्य मतदान केन्द्रों के साथ राजकीयकृत मध्य विद्यालय ठाकुर टोली एवं राजकीयकृत मध्य विद्यालय, सिमडेगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से उनके क्षेत्र में मतदाताओं एवं मतदान के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में जाना। साथ ही शुद्ध पेयजलापूर्ति, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया। उन्होंने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं शौचालय में रनिंग वाटर की तत्काल व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान सिमडेगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराइबुरू, अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पल्टू महतो आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव में थर्ड फ्रंट उतारेगा उम्मीदवार

**रांची।** राज्य में पहले और दूसरे चरण के चुनाव में थर्ड फ्रंट सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगा। इसके अलावा गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव में भी उम्मीदवार देगा। थर्ड फ्रंट के घटक दलों के नेताओं ने मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। फ्रंट के समन्वयक एवं झारखंड नवनिर्माण दल के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि लोहरदगा में निर्दलीय उम्मीदवार चमरा लिंडा और कोडरमा में प्रो. जयप्रकाश वर्मा को थर्ड फ्रंट समर्थन देगा। गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव में मुख्तार अंसारी को समर्थन देने की घोषणा की। साथ ही पलामू लोकसभा सीट पर बहुजन मुक्ति पार्टी के रामबचन राम, खूंटी से झारखंड नवनिर्माण दल के संजय तिर्की, सिंहभूम में आशा कुमारी रुण्डा, चतरा में बहुजन मुक्ति पार्टी के महेश बाण्डो को थर्ड फ्रंट समर्थन देगा। सिंह ने कहा कि भाजपा संविधान पर चोट कर रही है। संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने की उसकी मंशा है।

# अरगोड़ा थाना में गृहमंत्री के फेक वीडियो मामले में प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल अरगोड़ा थाना पहुंच कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो वायरल करने के आरोपी शैलेंद्र हाजरा एवं रूपेश रजक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। भाजपा जनता युवा मोर्चा के कार्यालय मंत्री संजय कुमार महतो ने यह प्राथमिकी दर्ज कराई है।

इस मौके पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि देश का गृह मंत्री का जिस तरह फेक वीडियो वायरल हो रहा है, उसका वीडियो को पेन ड्राईव भी थाना में दिया गया है। यह वीडियो न सिर्फ आदर्श चुनाव आचार संहिता का मामला है, बल्कि यह वीडियो देश मे अशांति फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। आरक्षण जैसे मुद्दे पर अमित शाह ने कभी नहीं कहा कि इसको खत्म कर देंगे, यह वीडियो न सिर्फ अमित शाह का व्यक्तिगत मानहानि है, बल्कि यह देश के सामने गलत तथ्य रखने का प्रयास भी है। पीड़ित संजय महतो ने बताया कि इस कांड से न सिर्फ अमित शाह की छवि धूमिल हुई है बल्कि पार्टी को भी छवि पर धक्का लगा है। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले के उप प्रमुख प्रकाश झा, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, संजय महतो, रोमित नारायण सिंह, पवन पासवान ।

### धनबाद में राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा बोले

# इंडी गठबंधन बेमन से लड़ रही लोकसभा चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को धनबाद पहुंचे। वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल होने वाले थे, लेकिन विलंब होने के कारण सीधे धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे। यहां उन्होंने मंच से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चार जून को झारखंड की सभी सीटों पर एनडीए की जीत होगी। झारखंड से हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 13 फूल (भाजपा) और एक फल (आजसू) भेंट करेंगे। राजस्थान के सीएम ने कहा कि राजस्थान में इंडी गठबंधन वालों ने जिसे भी टिकट दिया, उसने चुनाव लड़ने से ही मना कर दिया। कई ने तो कहा कि मैंने तो टिकट मांगी ही नहीं। ऐसे में कई सीटों पर प्रत्याशी बदलना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब आप राम के ही नहीं है तो राम आपमें कैसे रहेंगे। साथ ही कहा कि झारखंड में भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बेमन से चुनाव लड़ रहे हैं।

*इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग कहते थे, कश्मीर से धारा 370 हटी तो खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन वहां तो एक कंकड़ भी नहीं चला*

## विधानसभा चुनाव में भी झारखंड में भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार भारी बहुमत के साथ आएगी



भजनलाल ने कहा कि राजस्थान में 2014 के लोकसभा चुनाव में 25 सीट आए थे, 2019 में भी 25 सीट दिया और इस बार भी 25 में से 25 सीट भाजपा को मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि धनबाद के युवाओं, महिलाओं और आम लोगों में जिस तरह का उत्साह दिख रहा है उससे यह साफ हो गया है कि झारखंड में भी सभी 14 सीटें एनडीए गठबंधन को मिलने जा रहा है। साथ ही कहा कि आने वाला समय आपका है। आगामी विधानसभा चुनाव में भी झारखंड में भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार भारी बहुमत के साथ आएगी।भजनलाल ने कहा कि भाजपा हमेशा देश की संस्कृति और विचार को लेकर के चलती है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग कहते थे, कश्मीर से धारा 370 हटी तो खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन वहां तो एक कंकड़ भी नहीं चला। साथ ही कहा कि वे लोग भगवान राम को काल्पनिक बताते थे। रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख पूछते थे। हमने रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख भी बताई और उन्हें निमंत्रण भी भेजा।

### जमशेदपुर में केंद्रीय मंत्री का इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला

# कभी घोटाला और आतंकी हमले थी पहचान : शेखावत

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**



केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि 2014 से पहले यूपीए गठबंधन की सरकार थी। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहे। इस समय दो खबरें अक्सर पढ़ने को मिलती थीं। एक तो यह कि देश की अर्थव्यवस्था की हालत खस्ता थी। घपले-घोटाले रोज सुनने को मिलते थे। यहां की इकोनॉमी कभी भी बिखरने की आशंका थी। दूसरा कि देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। अक्सर आतंकी हमले, बम धमाके होते थे। केंद्रीय मंत्री मंगलवार को जमशेदपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बोधि मंदिर मैदान में रैली को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री एक बार फिर सशक्त भारत के निर्माण में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर दिल्ली भेजने की अपील की। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देश की इकोनॉमी के प्रमुख केंद्र मुंबई, पुणे, चेन्नई जैसे शहरों और मंदिरों (अक्षरधाम वगैरह) पर आतंकी हमले होते थे। तत्कालीन सरकार बस सांत्वना देती थी या कड़ी निंदा करती थी। यूएन जाकर मदद की अपील करती थी। वर्ष 2014 में प्रचंड बहुमत से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी। अब देश की अर्थव्यवस्था की गति तेज हुई। सीमाएं सुरक्षित हुईं। मोदी सरकार में केवल दो आतंकी हमले (उरी, पुलवामा) हुए और आतंकी ठिकानों को नष्ट कर बदला लिया गया। शेखावत ने भरोसा जताया कि विद्युतवरण महतो चार लाख से अधिक मतों से विजयी होंगे। भाजपा देश में 400 से अधिक सीट लाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएगी।

## सिर्फ राम मंदिर ही नहीं बनाया, राम राज साकार किया : अर्जुन



जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज जहां है, उससे सभी भारतीय गदगद हैं। हमने सिर्फ राम मंदिर नहीं बनाया, राम राज की कल्पना को भी साकार करने में लगे हैं। मिलकर विकसित, समृद्ध, मजबूत भारत बनाने में लगे हैं। हर भारतीय मजबूती से ना सिर्फ आगे बढ़े, बल्कि यह देश विश्व का भी नेतृत्व करे। ऐसे कई काम मोदीजी के नेतृत्व में हुए भी हैं। बीते 10 वर्षों में जिन उद्देश्यों, लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़े, उनमें कई काम पूरे भी हुए हैं। पहले विपक्ष सिर्फ सरकार बनाने का काम करता था, देश बनाने का नहीं। भाजपा सिर्फ सांसद बनाने को नहीं, देश को सशक्त बनाने को जनसहयोग लेती है। जनजातीय कल्याण मंत्रालय और कृषि मंत्रालय के जरिए देश में जनजातीय समाज और किसानों की समृद्धि के लिए प्रयास हो रहे हैं।

## एक नजर

### तिलैया डैम में अज्ञात शव बरामद, पुलिस ने की शिनाख्त की अपील

**बरही।** मंगलवार को तिलैया डैम से चंदवारा पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया. समाचार लिखे जाने तक शव को पहचान नहीं हो सकी है. बरही थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने जानकारी दी. शव 60 से 65 वर्ष के बुजुर्ग का है. जिसके चेहरे पर हल्का दाढ़ी है. मृतक लूंगी, कुर्ता, ब्लू रंग की गंजी और अंडरवियर लुंगी पहने हुए है. जिसके बाएं हाथ में घड़ी और दाहिने हाथ के दो उंगली में अंगूठी है. जिसमे एक अंगूठी लाल रंग की मूंगे की लग रही है. शव एक या दो दिन का लग रहा है. चंदवारा पुलिस से आम लोगों से मृतक की शिनाख्त करने में मदद की अपील किया है.

### लू-सनस्ट्रोक से बचाव के लिए अनावश्यक धुप में न निकले : डॉ आरसी मेहता

**हजारीबाग।** गर्मियों में सनस्ट्रोक लू लगना आम बीमारी है तापमान बढ़ने से हमारे शरीर के द्रव पसीना के द्वारा निकल जाता है।पानी नमक सोडियम पोटैशियम की कमी हो जाती है जिससे सनस्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है लू लगने पर शरीर में गर्मी थकावट बार-बार जलन युक्त पेशाब होना जैसा लक्षण मिलता है चिकित्सिया भाषा में शरीर का तापमान 105 डिग्री फारेनहाइट से अधिक बढने पर सेंट्रल नर्वस सिस्टम में जटिलता के कारण लू लगता है यह बातें मेहता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आम लोगों को सचेत करते हुए सुझाव दिए हैं डॉ मेहता ने सनस्ट्रोक के लक्षण बचाव एवं उपचार संबंधी सुझाव दिए है उन्होंने लू के लक्षण बताते हुए लोगों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं जैसे लू लगने पर मुंह सूखना बुखार उल्टी पैखाना चक्कर लगना सर दर्द, रुक-रुक कर जलन युक्त पेशाब होना शरीर का तापमान बढ़ना है लू लगने से आंखों में जलन चक्कर लगना बेहोशी जैसे लक्षण हो सकते हैं। ब्लड प्रेशर घटना लिवर किडनी में सोडियम पोटेशियम का संतुलन बिगड़ना इसके अतिरिक्त ब्रेन हेमरेज हार्ट अटैक भी हो सकता है लू लग जाने पर शरीर का तापमान 105 सेल्सियस तक बढ़ सकता है जिस कारण हाथ पैर एवं शरीर में कन्वर्जन मिर्गी फर्क जैसा लक्षण मिल सकता है बचाव हेतु गर्मी के दिनों में तरल पदार्थ जैसे नींबू पानी आम रस छाछ लस्सी नारियल पानी बेल शरबत नींबू का शरबत खास कर तरल पदार्थ का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करते रहे।

### निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केसरी को समर्थन

**हजारीबाग।** बड़ा बाजार के नवनिर्मित केसरी धर्मशाला में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रखण्डों से आए केसरवानी समाज ने बैठक कर लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी एवं हिन्दु राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केसरी के समर्थन में एकजुट होकर अपना मत देने का निर्णय मंगलवार को लिया। केसरवानी समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र केसरी ने कहा कि शशिभूषण हमारे समाज का वह बेटा है जिसनें हमारे समाज का मान बढाया है और इतनी कम उम्र में ही पूरे क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाया है।हम सब को जाति और धर्म की राजनीति से हटकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चहूमुखी विकास के लिए श्री केसरी का साथ देना है।

---

#### आचार्य अमरनाथ झा के सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम आयोजित

## आचार्य कभी रिटायर नहीं होते : प्राचार्य



◆संजय उपाध्याय ने सेवानिवृत्त हो रहे आचार्य अमरनाथ झा की कर्तव्य निष्ठा की काफी सराहना की

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली , हजारीबाग में सेवानिवृत्त हो रहे संस्कृत विषय के आचार्य अमरनाथ झा के सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। गौरतलब है कि आचार्य अमरनाथ झा विद्यालय में भैया- बहनों को विषय की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे थे। स्नेह मिलन कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव फणींद्र नाथ, सदस्य संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने माला पहनाकर एवं सम्मान पत्र, शॉल, वस्त्र एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे आचार्य अमरनाथ झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस विद्यालय में पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ भैया-बहनों को पढ़ाया। उन्होंने समर्पण भाव, लगन, निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव, फणीन्द्र नाथ ने कहा कि आचार्य अमरनाथ झा ने अपने ज्ञान को भैया- बहनों में पूर्ण रूप से भरने का कार्य अपनी सेवा के दौरान किया है। आप हमारे लिए सदैव प्रेरणा के स्रोत रहेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य, संजय उपाध्याय ने सेवानिवृत हो रहे आचार्य अमरनाथ झा की कर्तव्य निष्ठा की काफी सराहना की। वही विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने आचार्य अमरनाथ झा को व्यक्तित्व का धनी एवं विषय ज्ञाता बताया। उन्होंने कहा आचार्य कभी रिटायर नहीं होते। आचार्य जी भैया- बहनों को संस्कृत एवं हिंदी विषय की शिक्षा पूरे वात्सल्य भाव के साथ दिया। विद्यालय इसका सदैव आभारी रहेगा। आप सभी आचार्य का शालीन व्यक्तित्व को अच्छी तरह जानत हैं। अपने भैया-बहनों को विषय का ज्ञान भारतीय संस्कृति के अनुरूप दिया है'कार्यक्रम में मंच संचालन आचार्य अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में राजकुमारी दीदी एवं आचार्य तारकेश्वर राय ने सेवानिवृत हो रहे आचार्य के साथ पुरानी स्मृतियों की प्रस्तुति आचार्यों के बीच रखी। स्नेह मिलन समारोह में विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे।

---

#### तृतीय पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी अजय साहू

## पिता की स्मृतियां हमेशा आशीर्वाद बनकर साथ रहती हैं : अमित साहू



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ के युवा समाजसेवी अमित साहू के पिता स्वर्गीय अजय साहू के तृतीय पुण्यतिथि पर 30 अप्रैल को डिवाइन ओंकार मिशन के प्रांगण में अटूट लंगर सेवा का आयोजन किया गया। ज्ञात है कि स्वर्गीय अजय साहू के स्मृति में डिवाइन ओंकार मिशन के प्रांगण में लगातार तीन वर्षों से प्रत्येक माह की 30 तारीख को स्वर्गीय अजय साहू के परिवार के द्वारा लगातार लंगर सेवा का आयोजन किया जा रहा है। अपने पिता स्वर्गीय अजय साहू के तृतीय पुण्यतिथि पर समाज सेवी अमित साहू ने कहा कि पिता की स्मृतियां हमेशा आशीर्वाद बनकर साथ में रहती हैं और अच्छे सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करती हैं । इस अवसर पर डिवाइन ओंकार मिशन के सचिव राजेश कुमार नागी, ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल, युवा व्यवसायी कुमार अक्षत, सरोज साहू, हसनैन वारसी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### आचार्य की सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम का आयोजन



**बरही।** अंग्रेजी के आचार्य अभय कुमार सिंह के सेवानिवृति के अवसर पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्नेह मिलन सह विदाई समारोह का आयोजन किया. जिसमे मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित साहु, साहू समाज के मुखिया सुरेश साहु सहित विद्यालय के आचार्य- आचार्या व भैया बहने शामिल हुए. प्रधानाचार्य ने बताया कि श्री सिंह ने 1996 में विद्या भारती से जुड़कर शिक्षण प्रारंभ किया. इस दौरान विभिन्न स्थानों पर इन्होंने अध्यापन का कार्य किया. 1996 में बरही में योगदान देने के बाद लगातार 8 वर्षों तक विद्यालय के भैया बहनों को अंग्रेजी की शिक्षा देने का काम किया. अपने सेवाकाल के दौरान वरीय व कनीय सहित विद्यार्थियों को शिकायत का मौका नहीं दिया. इनकी सेवानिवृति से विद्यालय परिवार मर्माहत है. परंतु सेवाकाल का विधान है जिसे सबों को पालन करने के लिए मजबूर होना पड़ता है. अंत में उन्होंने अपनी वेदनाएं व्यक्त करते हुए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों व विद्यालय के आचार्य- आचार्यों ने भी सेवानिवृत्ति के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी.

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी

**हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मंजूर भवन नवाबगंज हजारीबाग मे महत्वपूर्ण बैठक डॉक्टर मिथिलेश दागी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, अजय कुमार सिंह बतौर पर्यवेक्षक मौजूद थे। नेताओं ने कहा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी हजारीबाग लोकसभा के चुनाव दमखम के साथ लड़ेगी, 1977 से हजारीबाग लोकसभा के चुनाव लड़ रही है, जिसमें दो बार कद्दावर नेता भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त दिया। कांग्रेस हजारीबाग लोकसभा की सीट चालीस बरसों मे नहीं जीत पाई है, फिर भी जीच में कांग्रेस इस सीट पर नया उम्मीदवार उतारा है।भाजपा एवं कांग्रेस दोनों का उम्मीदवार बीजेपी का ही उम्मीदवार है, इसीलिए हजारीबाग की जनता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार और अधिक वोटो से जीताकर लोकसभा भेजेगी। भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस दोनों को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी को हराने की मादा रखती है, इसीलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने हजारीबाग से उम्मीदवार देकर एक नए समीकरण का जन्म दिया है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव ने पार्टी की चुनाव चिन्ह सिंबल देकर अनिरुद्ध कुमार पर विश्वास जताया।

### बीजेपी के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने थामा झामुमो का दामन



**बरकट्ठा।** बीजेपी के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने झामुमों का दामन थाम लिया है। पार्टी की सदस्यता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव समेत सेकड़ो लोगों को झामुमों की सदस्यता ग्रहण कराई। साथ ही पार्टी का झंडा व पट्टा देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपने समर्थकों के साथ गिरीडीह में सोमवार को आयोजित झामुमों के कार्यक्रम के दौरान पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य का सर्वांगीण विकास एकमात्र झामुमो की पार्टी ही कर सकता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन उपस्थित थे। पार्टी सदस्यता ग्रहण में मुखिया संघ जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता प्रमुख नीतू कुमारी, उपप्रमुख सुरजी देवी, पूर्व जिला परिषद सदय पवन सिंह, पूर्व परमयख प्रतिनिधि केदार यादव, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक उर्फ दीपू चौधरी, प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुज रवि, पूर्व विधायक प्रतिनिधि महावीर यादव, मुखिया सुखदेव यादव, सरदुद्दीन अंसारी, ओमप्रकाश यादव, परवेज आलम,सहित हजारों की संख्या में वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ता समेत सैकड़ो लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया।

### एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टाटीझरिया।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय जाने के रास्ते एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया परिसर में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 30 अप्रैल गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विद्यालय प्रांगण में बतौर मुख्य अतिथि स्वरूपा टाटीझरिया बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, बीईओ सुधीर राय को विद्यालय परिवार के ओर से प्रधानाध्यापिका ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।बाद में संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी ने मौजूद छात्र छात्राओं को लोक सभा चुनाव मतदान के मुख्य विशेषताओ को बताते हुए कहा की हम सभी को इस लोक सभा चुनाव मतदान में 18 वर्ष के युवा - युवतियों एवं निर्धारित उम्र सीमा से ऊपर के महिला पुरुष मतदाताओ को जागरूक करना करवाना परम कर्तव्य है।इस बार चुनाव में हम सबों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। वही बताते चले उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम स्थल में कक्षा ग्यारहवीं तथा बारहवीं के विद्यार्थियों में देवयानी,ईशा,संचिता,अंकित, लोकनाथ, ऋषभ ,साक्षी, सुरभि, प्राची,संजना समेत अन्य कई छात्र छात्राओं ने आगामी लोक सभा चुनाव मतदान को लेकर कई नुक्कड़ नाटक,मनमोहक कविता अपने मुखारविंद से प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षक शिक्षिकाओ में राजू यादव,रश्मि कुमारी,पूनम कुमारी,समीक्षा रंजन जुटे हुए थे।

---

#### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मेंहदी व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## स्थापना दिवस पर विजेता प्रतिभागियों को किया जाएगा पुरस्कृत : डॉ मुनीष



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में मंगलवार को मेंहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शबा परवीन, कुमारी सीमा व स्वाति भार्गव बतौर निर्णायक मंडली मौके पर मौजूद थे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आगामी 16 मई को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बताते चलें कि मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में नेहा कुमारी, तन्नू श्री, पल्लवी, निशि, निधि, रिया, पलक, नूरी, रेणू व अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में आनंद, अर्पित, पूनम, रवि, अन्नु, लक्ष्मी सहित अन्य के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश गुप्ता, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

---

## प्रमुख-उप प्रमुख व सभी चुने पंचायत हुए सदस्य देंगे जेपी पटेल को समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह की अध्यक्षता में सदर प्रखंड के प्रमुख उप प्रमुख एवं सभी चुने हुए पंचायत समिति सदस्यों ने कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल को लोकसभा चुनाव में समर्थन देने का फैसला किया है। वहीं मुन्ना सिंह विगत पिछले महीने से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने के पश्चात से ही हजारीबाग विधानसभा में अपनी चहलकदमी बढ़ा दी है। वे हर क्षेत्र पहुँच कर चुनावी दौरा कर रहे हैं जिससे कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन की जीत हजारीबाग लोकसभा में दर्ज की जा सके। वहीं कल देर रात मुन्ना सिंह के आवास में समस्त ग्राम पंचायत समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई। जिसमें सभी ने एकजुटता से कहा कि हजारीबाग में हमें एक ईमानदार और साफ छवि के व्यक्तित्व को लाने की आवश्यकता है जो जमीन से जुड़ा हो । जिसके लिए हजारीबाग के लोग अधिक महत्वपूर्ण रखते हो न एक व्यापारी जिसने पद पर रहते हुए सिर्फ अपना व्यापार को बढ़ाया हो। मुन्ना सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य जनों का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि, विगत वर्षों में हजारीबाग में लूट की स्थिति चरम पर है इसीलिए हम सब को जनता के हित के लिए काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत सदस्यों के समर्थन से कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से। बड़े अंतराल से इस लोकसभा चुनावों में एक नया अध्याय लिखेगा तथा प्रत्याशी जेपी भाई पटेल जो कि ईमानदार छवि के हैं तथा पंद्रह वर्षों से विधायक हैं वे लोकसभा जीतकर हजारीबाग में निश्चित रूप से आम जनों के लाभ के लिए कई बड़े काम करेंगे।

---

#### भीषण गर्मी में नल जल योजना भी नहीं दे रही राहत

## पानी की किल्लत से जूझ रहे बरकट्ठा के लोग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

सरकार की महत्वकांक्षी नल जल योजना से लोगों को काफी उम्मीदें थी कि खोलेंगे नल और मिलेगा जल लेकिन सारी उम्मीदें लोगों की धरी की धरी रह गई। बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में कुछ लोगों के दरवाजे तक नल तो पहुंचा लेकिन जल अबतक नसीब नहीं हुआ है। इस भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। इस बाबत मुखिया अब्बास अंसारी ने बताया कि यह योजना सिर्फ लूट की योजना है। इस समस्यायों से अनेकों वरीय पदाधिकारियों व कनीय अभियंता को अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। संवेदक सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। लोगों की चिंता उनको नहीं है। वहीं वार्ड संख्या 12 के पंचायत सदस्य लक्ष्मण तूरी ने बताया मेरे वार्ड में पानी की भारी किल्लत है। चापकल का लेयर भी काफी नीचे चला गया है। पेयजल की समस्यायों से लोगों को जुझना पड रहा है। वहीं संवदेक के कमीर्यों से पूछने पर टालमटोल जबाब देकर चुप लगा देते हैं। लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी योजना से पानी कब नसीब होगा यही आश लगाए हुए हैं।

---

#### ई-केवाईसी को लेकर बैंक ऑफ इंडिया शाखा में उमड़ी ग्राहकों भीड़

## भीषण गर्मी में खाता धारकों को हो रही है काफी परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में एक बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा में ई-केवाईसी को लेकर मंगलवार को ग्राहकों को भीड़ उमड़ पड़ी। बैंक परिसर में खचाखच भरे खाताधारकों को एक ओर जहां भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ी वहीं बैंक के बगल में फेंके गए कचड़े की दुर्गंध से ग्राहक काफी परेशान दिखे। ई-केवाईसी को लेकर बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने बताया कि पिछले तीन दिनों में उपर से ही पांच हजार लोगों का खाता फ्रीज कर दिया गया। साथ ही कुछ स्टाफ की कमी के कारण ग्राहकों को परेशानी हो रही है। वहीं जतघघरा निवासी ग्राहक बैजनाथ यादव ने बताया कि मेरे घर से बैंक की दूरी लगभग पंद्रह किलोमीटर है और इतनी दूरी तय कर दो बार कागजात जमा करने पर भी खाता चालू नहीं हो पाया है। वहीं बैंक के कार्यशैली से लोगों में काफी नाराजगी देखी गई। कई खाताधारकों ने बताया कि बैंक से खाता बंद कर लेना ही बेहतर है। इस बाबत शाखा प्रबंधक ने बताया कि बहुत से ग्राहकों के कागजातों में त्रुटियां रहने के कारण ई-केवाईसी में बिलंब हो रहा है। उन्होंने ग्राहकों से संयम बरतने और वैध कागजात जमा करने की अपील की।

---

#### खुशी क्लास और खुशी चौपाल में गूंजे खुशियों के बोल

## सकारात्मकता भरी हंसी व्यक्तित्व को निखारती है : मुकेश चौहान



**सभी ने लिया संकल्प, बोले- हम बनेंगे खुशी दूत**

**नवीन मेल संवाददाता। मांडू (रामगढ़)**

एसएस प्लस टू हाई स्कूल मांडू और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मांडू में खुशी क्लास का आयोजन मंगलवार को किया गया। साथ ही, मांडू चट्टी में खुशी चौपाल का आयोजन हुआ।

लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए खुशी क्लास के संस्थापक एवं संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने आसपास भी फटकने नहीं देना है। सकारात्मकता से खुशी आती है और यही खुशी व्यक्ति को उसके मंजिल तक ले जाती है। यूं कहें, तो सकारात्मकता ही आपको सफलता दिलाएगी। चौहान ने सकारात्मकता की ताकत से संबंधित एक कहानी भी सुनाई। उन्होंने कहा कि एक गांव में दो मित्र थे। गांव के 5 किलोमीटर की परिधि में तकरीबन 30 गांव थे। पढ़ाई के लिए एकमात्र प्राथमिक विद्यालय था। एक मित्र सोचता, यहां शिक्षा के लिए कुछ होना चाहिए। दूसरा मित्र सोचा, मुझे अपने गांव के लिए कुछ करना है। वह अपने खेतिहर जमीन का एक टुकड़ा बेच कर गांव में स्कूल बनाने लगा। उसका हौसला देख ग्रामीणों ने भी मदद शुरू कर दी। तीन-चार साल के अंदर उसका स्कूल पूरे इलाके में प्रसिद्ध हो गया। वहां करीब दो हजार छात्र हो गए। उसकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो गई। आप देखें, एक दोस्त सिर्फ सोचता रहा। दूसरों पर दोष मढ़ता रहा। यह असफलता, निराशा और नकारात्मकता का प्रतीक है। जबकि, दूसरे दोस्त ने अपने बूते परिवर्तन की लहर बहा दी। यही विजेता की पहचान है। उन्होंने कहा कि शिव खेरा की सुनें- 'विजेता बोलते हैं कि मुझे कुछ करना चाहिए, जबकि हारने वाले बोलते हैं कि कुछ होना चाहिए।' साथ ही, धीरूभाई अंबानी की भी सुन लें- 'बड़ा सोचो, जल्दी सोचो, आगे की सोचो, क्योंकि विचारों पर किसी का एकाधिकार नहीं है।'

---

## कस्तूरबा गांधी बालिका प्लस टू का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

झारखंड अधिविध परिषद की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय पतरातू का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। 30 अप्रैल को घोषित परीक्षाफल में विद्यालय की छात्रा मुनिका कुमारी इंटरमीडिएट की परीक्षा में 411 यानी 82.20% अंक लाकर स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। मनीषा कुमारी 405 यानी 81% अंक लाकर द्वितीय स्थान तथा रितिका कुमारी 403 अंक यानी 80.60% अंक लाकर तीसरे स्थान पर रही। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातू की वार्डन सह फिजिकल टीचर पुष्पा कुमारी ने कहा कि इस वर्ष हमारे विद्यालय में कुल 57 छात्राएं इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल हुईं थीं। जिनमें से प्रथम श्रेणी से 56 छात्राएं व द्वितीय श्रेणी से 01 छात्रा उत्तीर्ण हुई है। स्कूल की वार्डन पुष्पा कुमारी ने कहा कि यह छात्राओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने छात्राओं से भविष्य में इसी तरह मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया है। वार्डन पुष्पा कुमारी सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं को उनके सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर

### युवक ने किशोरी का किया अपहरण,थाने में मामला दर्ज

**सिमडेगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के सायपुर गांव निवासी आशीष साहू नामक युवक द्वारा गांव के ही एक 17 वर्षीय नाबालिक किशोरी को अपहरण कर लिया है।किशोरी के परिजनों के द्वारा सिमडेगा थाना में आवेदन देकर शिकायत की गई है।इधर शिकायत के बाद पुलिस द्वारा आशीष साहू नामक युवक के ऊपर अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।इधर परिवार वालों ने बताया कि किशोरी को बहला फुसलाकर वह युवक अपने साथ ले गया और काफी खोजबीन करने पर पता नहीं चल रहा है इधर परिवार वालों ने थाना में आवेदन देकर अपनी बेटी को वापस लाने की गुहार लगाई है इधर इस संबंध में सिमडेगा थाना कांड संख्या 49/24 धारा 366 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।थाना प्रभारी ने कहा की छानबीन की जा रही है जल्द किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में 20 वर्ष की सजा 20,000 लगा जुर्माना

**सिमडेगा।** सिमडेगा एडीजे आशा डी भट्ट की अदालत ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी व्यक्ति को 20 वर्ष की कारावास एवं 20000 जुर्माना की सजा सुनाई है। बताया गया कि इस संदर्भ में केरसई थाना कांड संख्या 03/21 धारा 376 एबी एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था। बताया गया कि केरसई थाना क्षेत्र में 23 जनवरी 2021 को एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म की घटना को युवक अथनस खाखा द्वारा अंजाम लेकर फरार हो गया था जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को केरसई के तत्कालीन थाना के सब इंस्पेक्टर प्रिंस कुमार मिश्रा के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा था इधर न्यायालय में वैज्ञानिक अनुसंधान एवं अन्य सभी प्रकार के साक्ष्य एवं गवाहों के बयान के बाद अदालत ने उसे 20 साल की सजा एवं ?20000 रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई है। इधर अभियोजन पक्ष में सहायक लोक अभियोजन अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा सभी साक्ष्य एवं दलीलें पेश की।

### सैनिक स्कूल तिलैया ने इंटरा ग्रुप-डी फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत का परचम लहराया

**चंदवारा।** सैनिक स्कूल नालंदा, बिहार में आयोजित इंटरा ग्रुप-डी फुटबॉल टूर्नामेंट में सैनिक स्कूल तिलैया ने जीत का परचम लहराया है। प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल नालंदा, सैनिक स्कूल तिलैया, सैनिक स्कूल पुरुलिया, प. बंगाल और सैनिक स्कूल गोपालगंज, बिहार ने भाग लिया। सैनिक स्कूल तिलैया के फुटबॉल टीम के प्रभारी विश्वनाथ शुक्ला, सोनल दहंगा,पीटीआई नायक सहित 48 टीम सदस्यों के साथ 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चले इस फुटबॉल टूनामेंट में भाग लिया। सैनिक स्कूल तिलैया ने सभी टीम से डटकर मुकाबला किया। सब जूनियर टीम का फाइनल खेल सैनिक स्कूल तिलैया और सैनिक स्कूल नालंदा के बीच खेला गया। इसमें सैनिक स्कूल तिलैया ने सैनिक स्कूल नालंदा को 00-02 गोल से हराकर जीत का सेहरा अपने सिर बांधा और विनर अप ट्राफी अपने नाम की।

# जलडेगा के भुंडुपानी गांव में एक साथ दगा दे गए 12 नल, कैसे मिलेगा पेयजल



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजलमुहैया कराने के लिए सरकार पानी की तरह सरकारी धन राशि बहा रही है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता से लोग दूषित पानी पीने के लिए विवश हैं। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकता पुराने नल में समरसेबल डालकर सौर ऊर्जा से चलित जल मीनार भी लगवा रखा है, लेकिन जल मीनार का पानी भी सब घरों तक नहीं पहुंच रहा है। इस संबंध में हमने गांव की जलसहिया मोएलेन डांग से बात की तो उन्होंने बताया कि भुंडुपानी गांव में दो दर्जन से अधिक नल हैं लेकिन इसमें से करीब एक दर्जन से अधिक नल वर्षों से खराब पड़े हैं। इसकी शिकायत पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सिमडेगा तक की गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हो सकी है। जलडेगा के सभी दस पंचायतों में कोई ऐसा गांव नहीं है, जहां दर्जन से अधिक हैं डपंप न लगे हों। लेकिन उसमें से अधिकतर खराब पड़े हैं। कुछ तो छोटी-मोटी कमी के कारण संचालित नहीं हो रही है तो कुछ वर्षों से खराब होने के कारण बनने लायक नहीं हैं। यही हाल कोनमेरला पंचायत क्षेत्र के भुंडूपानी गांव का भी है। यहां करीब एक दर्जन हैंडपंप वर्षों से खराब पड़े हैं। गर्मी का मौसम आ गया है। लोगों को अधिक से अधिक पानी की आवश्यकता है। हैंडपंपों के खराब होने के कारण मजबूरी में लोग दूषित पानी पीकर अपनी सेहत खराब कर रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने बैठे हैं।

## कहां कहां खराब है नल

ग्रामीण दुतामी बारला, रंजनी सुरीन, बसंत डांग, विश्राम डांग, मार्सल डांग, ग्लेडसन डांग, तूरलेन डांग, प्रिस्किला डांग, हेलेन डांग, एमन डांग, सुरेश डांग, सुरसेन डांग ने बताया कि भुंडूपानी गांव के रोहिन टोली में 4 नल, डांड़ टोली में 2 नल, बांध टोली में 4 नल और जामझरिया टोली में 2 नल वर्षों से खराब पड़े हैं। जिसके कारण लोगों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। यही नहीं पूरे गांव में 11 जल मीनार भी लगाए गए हैं जिसमे से दो जलमीनार खराब पड़ा है बाकी 9 जलमीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है टंकी में पानी तो चढ़ता है लेकिन अभी भी कई ऐसे परिवार हैं जिनके पास पानी नहीं पहुंच रहा है।

### बीएलओ ने नए मतदान केंद्रों का स्टीकर लगाकर वोटरों को बूथ के बारे में बताया

**कोडरमा।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के मकसद से स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने प्रेरित किया गया। कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। बूथ लेवल अधिकारी ने मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनाने की अपील की। जिले में बनाए गए नए मतदान केंद्रों के बारे में बीएलओ ने घर-घर जाकर स्टीकर लगाया। साथ ही मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दी। मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प, सी-विजिल एप्प, मतदान की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गयी और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया गया।

छह दिनों बाद भी नहीं मिल सका चोरी हुई मूर्ति का कोई सुराग

# ग्रामीणों ने बैठक कर वोट बहिष्कार का लिया फैसला



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** कदमटोली दुर्गा मंदिर परिषर में मंगलवार को दुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष विधाधर प्रधान की अध्यक्षता में ग्रामीणो की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से विगत दिनों चोरी की गई माता दुर्गा की प्रतिमा को पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक बरामद नहीं किये जाने पर चर्चा की गई। वहीं ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ काफी नाराजगी देखी गई। बैठक में ग्रामीणों द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन द्वारा दो दिन के अन्दर ठोस कार्रवाई या किसी भी प्रकार का आश्वासन नहीं दिये जाने की स्थिति में ग्रामीणों द्वारा धरना या प्रदर्शन और वोट बहिष्कार किया जाएगा। इस संबंध में मंदिर समिति के अध्यक्ष विधाधर प्रधान ने ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन उपायुक्त महोदय सिमडेगा के नाम प्र० वि० पदाधिकारी गौरी शंकर शर्मा को सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों द्वारा कहा गया है कि चोरी की घटना के छः दिन बीत जाने के वावजुद अभी तक अपराधी को पकड़ा नही गया है जिससे ग्रामीण आहत एवं दुःखित हैं। ग्रामीणों के द्वारा भी काफी खोजबीन की जा रही है मुर्ति बरामदी एवं अपराधियों को पकड़ने में प्रशासन द्वारा गंभीरता से नही लिया जा रहा है।गौरतलब हो छः दिन पहले कुरडेग थाना क्षेत्र के कदमटोली गाँव में स्थित दुर्गा मंदिर से चोरो द्वारा अष्ट धातु से निर्मित प्राचीन माता दुर्गा की प्रतिमा की चोरी मंदिर का ताला तोड़कर की गई है। वहीं इसी मंदिर में माता दुर्गा की प्रतिमा को छः वर्ष पुर्व भी चोरी की गई थी। जिसे मंदिर के समीप खालीजोरा नदी से बरामद किया गया था। घटना के दिन पुलिस प्रशासन के द्वारा फोरेंसिक टीम एवं खोजी कुत्ता भी लाया गया किन्तु चोरों का कोई सुराग नही मिला।

विद्यालय बंद की अनिवार्यता के स्थान पर समय सुधार का हो आदेश

# विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए सरकार करे पुनर्विचार : अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भीषण गर्मी व लू को देखते हुए राज्य सरकार ने राज्य के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों को केजी से कक्षा 8 तक की कक्षाओं को बंद करने का निर्देश दिया है. इस निर्देश के तहत मंगलवार से प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय और कुछ निजी विद्यालयों ने निर्देशित कक्षा की पढ़ाई बंद रखी. वहीं कई निजी विद्यालयों ने पूर्व की भांति इसे नियमित संचालित किया. इस संबंध में निजी विद्यालय संघ के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने बताया कि लू और गर्मी को लेकर कक्षा बंद करने का निर्णय उचित नही है. बंद के स्थान पर समय परिवर्तित कर उसे सुबह 7 से 9:30 बजे तक चलाने का निर्देश दिया जाना चाहिए था. जिससे बच्चे पढ़ाई से पूरी तरह दूरी भी नही बना पाएंगे और गर्मी से भी बच जायेंगे. गर्मी दोपहर को लगती है तब तक बच्चे अपने घर पहुंच जायेंगे. जो स्कूल पढ़ाने की इच्छा रखते हैं उन्हें दो तीन घंटे पढ़ाने दिया जाना चाहिए, जबरन रोककर शिक्षा बाधित करना उचित नहीं है. उन्होंने सरकार एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों से उक्त सुझाव को गंभीरता से लेने का आग्रह किया है.

लीड्स संस्था ने लोगों को बताए उनके अधिकार, कहा-

# जो बांटे मुर्गा साड़ी और नोट उसको कभी मत देना वोट



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के पैतानो और भूंडूपानी गांव मे लीड्स संस्था द्वारा ग्राम सभा, महिला समूह और जनप्रतिनिधियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण और कंवर्जेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान लीड्स संस्था के कलिंदर प्रधान और मनोज बिंझिया ने ग्राम सभा सशक्तिकरण, महिला समूह के आजीविका संवर्धन तथा व्यवसायिक गतिविधियों पर चर्चा किया। उन्होंने ग्राम सभा के आठ स्थायी समिति के कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी साथ ही कहा कि ग्राम सभा अपने गांव के विकास का सशक्त माध्यम है। वहीं कंवर्जेंस सेमिनार के माध्यम से भूंडूपानी गांव में लीड्स के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को बीमा, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और 15वें वित्त आयोग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही साथ आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि जिसका भी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है उनको अपने मताधिकार का प्रयोग करना है।

इंटर पास छात्रों को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने दी बधाई

# इंटर परीक्षा में बेहतर रिजल्ट छात्रों व शिक्षकों के कठिन तपस्या का परिणाम

**इंटर का रिजल्ट इस बात का संकेत है कि सिमडेगा जिला शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जैक इंटर बोर्ड के विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय की परीक्षा में सफल छात्रों को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बधाई एवं शुभकामना दी है। वहीं कला संकाय में 98.83 % अंक लेकर स्टेट टॉपर बनने एवं वाणिज्य संकाय में 96.93 अंक लेकर स्टेट थर्ड टॉपर बनने पर भी हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज इंटर के हमारे बेटे बेटियों ने दिखा दिया कि कम संसाधन के बावजूद हमारे अंदर भी टॉपर बनने की काबिलियत है। हम न सिर्फ खेल में बल्कि शिक्षा सहित तमाम क्षेत्र में बेहतर प्रदर्श कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि इंटर का रिजल्ट इस बात का संकेत है कि सिमडेगा जिले शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इंटर का रिजल्ट बेहतर होने पर सभी छात्रों के अलावे शिक्षकों को भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम शिक्षकों और छात्रों के अथक प्रयास का परिणाम है। विधायक ने असफल छात्रों को निराश नहीं होने की अपील करते हुए कहा कि इंसान जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बहुत मेहनत करता है। लेकिन जब वह सफल नहीं हो पता है तो निराश हो जाता है। लेकिन हमारे जीवन में आने वाली असफलताएं हमें तजुर्बा देती हैं और गलतियां करने से बचाती हैं। इसलिए इंसान को कभी मायूस नहीं होना चाहिए। उसे मेहनत करते रहना चाहिए। एक दिन ऐसा आएगा कि मेहनत का फल सफलता में बदल जाएगा। विधायक ने कहा कि आज हार हुई है, तो कल जीत भी हो सकती है। हार के गम में सुधार की कोशिश छोड़ देना समझदारी नहीं होती है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि निराश होने के बजाय ये सोंचे कि हमसे कहां चूक हुई है और अभी से ही कड़ी मेहनत और ईमानदार के साथ पढ़ाई में जुट जाएं।

राजकीय प्राविं बनजोगा में अभिभावक गोष्ठी सह परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षा के क्षेत्र में जात-पात, समुदाय को नहीं देखें : अलोक कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनजोगा में अभिभावक गोष्ठी सह परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेलन तोपनो के द्वारा किया गया। बैठक में नए सत्र का नामांकन, बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति, मतदाता जागरूकता, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों और अभिभावकों के कार्य एवं दायित्व और विद्यालय को अभिभावकों का सहयोग आदि विषयों पर चर्चा की गयी। इस दौरान लिड्स संस्था के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जात-पात, समुदाय को नहीं देखना है। विद्यालय एक स्वतंत्र परिवेश है जिसमें हर समुदाय, हर समाज के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते है। विद्यालय के शिक्षक किसी भी समुदाय से हो उनकी इज्जत और विद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए उनका सहयोग करना आवश्यक है जिससे विद्यालय का संचालन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय संचालन का उत्तदायित्व प्रबंधन समिति और अभिभावक अपने ऊपर ले लें तो बच्चों के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा में वृद्धि संभव है। अभिभावकों को अपने बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए विद्यालय एवं शिक्षकों का सहयोग नितांत आवश्यक है। अच्छी शिक्षा के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित होना आवश्यक है। वहीं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागाढ़ा के प्रधानाध्यापक भरत महतो ने बच्चों के शिक्षा और अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा कर प्रबंधन समिति को उनके जिम्मेदारियों के प्रति सगज किया। बैठक में सर्वाधिक उपस्थिति वाले तीन बच्चों को पारितोषिक वितरण और पांचवी कक्षा के छात्र छात्राओं को उपहार देकर और माला पहनाकर विदाई भी दी गई। वही छोटी बात उनके जीवन मे बहुत मायने रखती है। विद्यालयी शिक्षा ही उनके जीवन का निर्माण में नीव का काम करती है। उनके नीव को मजबूत करने में शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों का योगदान होता है। बच्चों को अनुकूल परिवेश देना अभिभावकों की जिम्मेदारी है। अभिभावक अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह निभाये तो बच्चों को सही मार्गदर्शन मिल सकता है। स्कूल के प्रधानाध्यापक सत्यवान साहु ने अभिभावकों को हरेक बैठक में आने और स्कूल को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की अपील की और 13 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से बिना किसी लोभ लालच में आकर मतदान करने को कहा। इस दौरान बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष नेलन तोपनो, उपाध्यक्ष दाऊद तोपनो, ग्राम सभा सचिव बेंजामीन तोपनो, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनजोगा के प्रधानाध्यापक सत्यवान साहु, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरवागाढ़ा के प्रधानाध्यापक भरत महतो, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदोंजरा की प्रधानाध्यापिका सुशीला कंडूलना, लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार, कुलदीप सुरीन सहित अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर सीएचसी संचालकों के साथ थाना प्रभारी ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** ठेठईटांगर थाना परिसर में मंगलवार की शाम में थाना प्रभारी सच्चिदानंद गुप्ता के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर समाज के गण्यमान्य लोगों एवं सीएचसी संचालकों के साथ एक बैठक का का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के तहत 13 मई को जिला में मतदान होगी जिसको लेकर सभी लोगों की सहभागिता अनिवार्य है। सभी लोग अधिक से अधिक लोगों को जागरुक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर उपस्थित सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के नियमों के पालन करने से संबंधित जानकारी दी ,साथ ही उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी राजनीतिक दल के नेता या कार्यकर्ता किसी भी कार्यकर्ता या वोटर के खाते में पैसा डालने के लिए कहता है या लेनदेन करता है तो इसकी सूचना तत्काल थाना को दी जाए ताकि इस मामले में जांच करते हुए उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने साइबर क्राइम को लेकर सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को जागरूक करने के लिए कहा और कहा कि किसी प्रकार से कोई भी सीधा-साधा ग्रामीण अगर जाकर किसी नए खाते में पैसे डालने की बात कहता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते उसे बचाया जा सके।

## न्यूज | बॉक्स

### सखुआ पत्ता में हल्दी से रंगा हुआ चावल देकर मतदान को जागरूक किया गया




**ठेठईटांगर।** प्रखंड ठेठईटांगर के ग्राम घोड़ीटोली बूथ नं 197 में जेएसएलपीएस ठेठईटांगर टीम और बूथ जागरूकता समूह के द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से 13 मई को सभी ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया।इस दौरान ग्रामीणों के बिच सखुआ पत्ता में हल्दी से रंगा हुआ चावल देकर 13 मई 2024 को मतदान करने के लिए आमंत्रण दिया गया। पोस्टर के माध्यम से मतदान देने का तरीका बताया गया तथा मतदान के लिए शपथ दिलाया गया। इसमें गांव के ग्रामीण, रत्न्न्न की दीदियाँ जेएसएलपीएस के प्रभारी बीपीएम संतोष कुमार वर्मा, रोजगार सेवक राजीव रंजन, मुकेश कुमार,एफ.टी.सी. प्रमोद सिन्हा, सीता भगत, मारियाना गुड़िया सीसी कृष्ण कुमार भोय, बी.ए.पी लालमुनी देवी साथ ही सदस्य लोग और ग्रामीण आदि

### शिक्षा को लेकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने केतूंगा धाम के विभिन्न गांवों में संपर्क अभियान चलाया



**बानो।** प्रखंड के केतूंगा धाम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुङ्गाधाम प्रबंधन समिति के द्वारा क्षेत्र के बेलोटोली,साहपुर आदि गावों में संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान में शिक्षा को लेकर जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। ग्रामीणों से अपील की गई कि अपने बच्चों को विद्यालय भेजे।जो बच्चे किसी कारणवश स्कूल नहीं जाते हैं,स्कूल छोड़ दिये हैं उन्हें पुनः स्कूल भेजें क्योंकि जीवन में शिक्षा आवश्यक है। मौके पर स्कूल प्रबंधन संरक्षक मनोज गोस्वामी,शिक्षा प्रभारी विमल कुमार,प्रधानाचार्य सुकरा केरकेट्टा,शिक्षक मनीषा टेटे,अमिता टेटे, सरोज एक्का,रेणु गोस्वामी,बंधनु केरकेट्टा,दीपक कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा में शत-प्रतिशत रिजल्ट प्रकाशित




**सिमडेगा।** पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा में कुल 92 छात्राओं ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी.जिसमें 40 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी 51 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी व 1 छात्रा ने तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होकर कॉलेज परिवार का नाम रोशन किया है. प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर ने सभी छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों को बधाई दी है.उन्होंने कहा कि पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा 1984 से संचालित है किन्तु 2019 से पूर्व कॉलेज में छात्राओं की संख्या जीरो पर आ गई थी.2019 में सत्यव्रत ठाकुर को प्राचार्य की जिम्मेवारी मिलने के बाद लगातार शत प्रतिशत रिजल्ट हो रहा है.जिसके लिए कॉलेज के शासी निकाय पूर्व अध्यक्ष महेंद्र कुमार, महेंद्र छोटन उरांव,शासी निकाय अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज सहित कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई है. जिसके लिए सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### मतदाता पर्ची वितरण का बीडीओ ने लिया जायजा, दिये निर्देश



**जलडेगा।** बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मंगलवार को मतदान केंद्र संख्या 78, 79, 82, 83 और 84 (71 कोलेबिरा) में बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदाता पर्ची वितरण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित मतदान केंद्रों के बीएलओ को 2 मई तक हर हाल में मतदाता पर्ची वितरण करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने कहा की शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से तैयार है इसलिए चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मी भी अपने अपने जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएं चुनाव कार्य में कर्मियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### जंगली हाथी को खदेड़ने के क्रम में युवक गिरकर हुआ घायल, विभाग ने की ममद



**बानो।** प्रखण्ड के ग्राम बादलूंग में जंगली हाथी से बचने के क्रम में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को बादलूंग बांकी नदी के पास हांथी देखा गया। ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तो ग्रामीण हाथी भगाने के लिए नदी के पास पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा हाथी को खदेड़े जाने पर जंगली हाथी उग्र हो कर ग्रामीणों की ओर दौड़ा। तब ग्रामीण भागने लगे, इसी क्रम में अंकित आईंद गिर पड़ा और पैर में गम्भीर चोट लगी जिसे रात्रि में ही ग्रामीणों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुंचाया गया। डॉक्टर मनोरंजन कुमार ने बताया की घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर सिमडेगा रेफर कर दिया गया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी वनपाल विवेक कुमार ,मनीष डुंगडुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुंचकर घायल के स्वस्थ के बारे में जानकारी ली व घायल को प्राथमिक इलाज के पांच हजार सहायता राशि दिया।

### रामगढ़ में बड़े स्तर पर हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में अब जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सोमवार को बड़े स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में एक ही दिन में लगभग 70291 बच्चों व अभिवावकों ने मतदाता जागरूकता शपथ ली। इस दौरान शिक्षकों सहित अन्य के द्वारा अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर जागरूक किया गया।वहीं, सभी मतदाताओं से उनके मतदान के महत्व को समझने एवं आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई।

## एक नजर

### दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**चाईबासा।** चाईबासा व्यवहार न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम के अदालत में मंगलवार को अभियुक्त सेलाय बिरूवा को धारा- 06 पोक्सो एक्ट के तहत आजीवन कारावास (अंतिम सांस तक) एवं 10,000/- (दस हजार) रुपए जुमार्ना की सजा दी गई है. मालूम हो कि मंझारी थाना में 29 मार्च 2020 को धारा- 376(3) / 376(2)(') / 506 भादवि एवं 4 / 6 पोक्सो के अन्तर्गत अभियुक्त सेलाय बिरुवा गांव सोसोपी, थाना- मंझारी, जिला- पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा के विरूद्ध नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोप में दर्ज किया गया था.अभियुक्त ने पीडिता को जलावन लकड़ी लाने के लिए जंगल में लेकर गये थे और जंगल में डरा धमका कर जबरदस्ती दुष्कर्म किया.

### बस और ट्रक में भीषण टक्कर, बस चालक की मौत

**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र में मंगलवार अहले सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां कोटालड्डा स्थित ओवरब्रिज के पास कोलकाता बाबूघाट से बिहार के नवादा जा रही बस (राज बस) ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी. इस हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गयी. वहीं बस पर सवार दर्जनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये. पुलिस ने एनएच कर्मियों की मदद से सभी यात्रियों को बाहर निकाला और एसएनएमएमसीएच भेजा. मृतक (बस चालक) की पहचान पटना हाजीपुर निवासी राजगीर के रूप में हुई है. इधर तोपचांची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गयी है.घटना के संबंध में बताया जाता है कि राज बस कोलकाता के बाबूघाट से बिहार के नवादा जा रही थी।

# चुनावी गतिविधियों के संचालन में सभी का सहयोग जरूरी : उपायुक्त

## निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव का नाम निर्देशन दिनांक 26.04.24 से शुरू हो चुका है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में नाम निर्देशन के संबंध में सभी प्रेस प्रतिनिधियों के साथ आवश्यक जानकारी साझा करने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और समन्वय से निर्वाचन संबंधी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिसमें आप सभी की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में मीडिया की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण होती है और जिला प्रशासन को अपलोगो का सहयोग मिलता आया है। इसके अलावा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नाम निर्देशन को लेकर की गई तैयारियों/सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी प्रेस के बंधुओं को उपलब्ध कराया। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, निवार्ची पदाधिकारी, 31 गांडेय विधानसभा, उप नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत जिला के अन्य अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

### बगोदर में वाहन जांच अभियान में पशु लदा पिकअप वाहन पकड़ाया



**गिरिडीह।** गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर लगातार पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर सरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा बगोदर के औरा के पास वाहन जांच अभियान चलाकर पशु लदे पिकअप वाहन को पकड़ा । पुलिस द्वारा वाहन में से 12 गाय एवं 07 गाय का बच्चा समेत कुल 19 पशु को बरामद करने के साथ ही चार अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रत्याशियों को चुनाव में खर्च के लिए खोलने होंगे करेंट अकाउंट




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 25 मई को चुनाव होना है. इसके लिए व्यय पर्यवेक्षक के रुप में एसपीजी मुदलियर और ईश गुप्ता जमशेदपुर पहुंच चुके है. मंगलवार को व्यय पर्यवेक्षकों ने एक बैठक की. बैठक में मुख्य रुप से उप विकास आयुक्त मनीश कुमार, आईडीटीए परियोजना निदेशक दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. बैठक में बताया गया कि चुनाव व्यय प्रक्रिया की निगरानी व अनुश्रवण संबंधी किसी भी शंका या भ्रम की स्थिति नहीं बननी चाहिए. व्यय अनुश्रवण हेतु चिन्हित सभी संस्थायें, कोषांग, टीम आपसी समन्वय के साथ कार्य करें. सभी का एकिकृत उद्देश्य हो कि धनबल या बाहुबल से किसी प्रकार निर्वाचन प्रकिया प्रभावित नहीं होने पाये।

### बिष्टुपुर में 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर में टाटा स्टील यूआईएसएल ने गुरुवार को 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन किया. कैप्टन धनंजय मिश्रा ने सीवेज पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन किया. मौके पर चाणक्य चौधरी, ऋतुराज सिन्हा और प्रणय सिन्हा के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे.मौके पर धनंजय मिश्रा ने बताया कि इस पंपिंग स्टेशन से प्रतिदिन पांच लाख लीटर पानी रखने के लिए बनाया गया है. इस तकनीक का इस्तेमाल कर प्रतिदिन पांच लाख लीटर अपशिष्ट जल का प्रबंधन कर उसे फिर से इस्तेमाल में लाया जा सकेगा।



### बदहाली का दंश झेल रहा बामडोल चड़कमारा ग्रामीण सड़क

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की अधिकांश सड़कें बदहाल हैं. वहीं इस बदहाल सड़क के चलते ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. पाथरी पंचायत स्थित बामडोल जाने वाली मुख्य सड़क से मधुआबेड़ा होते हुए चड़कमारा तक जाने वाली सड़क कई साल से बदहाली का दंश झेल रही है. सड़क इतनी जर्जर हो गई है कि इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है. सड़क पर नुकीले पत्थर उभर आए हैं.इस सड़क पर साइकिल और मोटरसाइकिल से चलना जोखिम भरा है. विद्यार्थियों को साइकिल से विद्यालय जाने में भी परेशानियां उठानी पड़ती हैं. आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं।



### जैक 12वीं की परीक्षा में तोपचांची की बेटियों ने लहराया परचम

**धनबाद।** जैक बोर्ड ने इंटर (12वीं) का रिजल्ट मंगलवार को जारी कर दिया. परीक्षा में तोपचांची प्रखंड की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. मदैयडीह स्थित बिनोद बिहारी महतो इंटर महिला महाविद्यालय में कला संकाय में बेबी कुमारी व प्रिया कुमारी ने 385 अंक लाकर कॉलेज टॉपर होने का गौरव हासिल किया है. वहीं, प्रिया कुमारी ने 382 अंक के साथ द्वितीय व राखी कुमारी ने 380 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है. वाणिज्य संकाय में अंसारी यास्मीन अनवर 345 अंक के साथ प्रथम, जैनब परवीन 341 अंक के साथ द्वितीय व रुकसार बेगम ने 321 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है. इसी प्रकार टीएपी +2 हाईस्कूल तोपचांची में साइंस संकाय में नेहा कुमारी 444 आंक लाकर स्कूल टॉपर बनी हैं. वहीं, सलोनी परवीन (438 अंक) दूसरे व रेणुका कुमारी (437 अंक) तीसरे स्थान पर रहीं. वाणिज्य संकाय में स्कूल के नागेश्वर कुमार महतो 392 अंक के साथ प्रथम, अविनाश स्वर्णकार 384 के साथ द्वितीय और सुनीत डे 377 के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

# महिला की मौत मामले में स्थानीय लोगों में रोष

## ग्रामीणों ने तिसरी पुलिस को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना - कर्बला मोड़ के पास रहने वाली मकीना खातून नामक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत के बाद ससुराल पक्ष पर लगे दहेज हत्या आरोप के मामले में घटना के लगभग एक माह होने के बाद भी अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों में रोष है। इसी को लेकर बेलवाना मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख के नेतृत्व में मृतका की माँ सैरुन खातून, पंसस प्रतिनिधि मो. नईम,, फारुख, शाहिद आदि लोग अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर दर्जनों लोगों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन तैयार कर मंगलवार को तिसरी थाने पहुंचे। जहां थाना प्रभारी से मिलकर उन्होंने अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि गिरिडीह पुलिस अधीक्षक, खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत सांसद, विधायक और पूर्व विधायक को भी देने की बात कही। मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख ने कहा कि इस मामले में बीते एक माह बाद भी एक भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे जनता में आक्रोश है।

# दो अवैध आरा मिल को वन विभाग ने किया ध्वस्त

**जब्त लकड़ी की कीमत लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मंगलवार को गांडेय थाना क्षेत्र के मचियाडीह ओर पहरीडीह गांव में अवैध रूप से संचालित दो आरा मिल चलने की गुप्त सूचना डीएफओ परेश अग्रवाल को मिली। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए खुरचुट्टा वन प्रक्षेत्र के रेंजर सुरेश प्रसाद रंजक के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कारवाई करते हुए अवैध रुप से संचालित दोनों आरा मिल को ध्वस्त कर दिया है । वन विभाग की टीम ने अवैध आरा मिल से बरामद सामग्रियों में गम्हार, शीशम, आम, कटहल, अकेशीय सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ी को जब्त किया है । जब्त लकड़ी की कीमत करीब लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये बताई जा रही है । वन विभाग की टीम को पहुंचने से पूर्व आरा मिल संचालक मौके से फरार हो गया । टीम के द्वारा जब्त लकड़ी और आरा मशीन को रेंजर कार्यालय ले आया गया है । इस विषय में पदाधिकारियों ने कहा कि आरा मिल संचालक की पहचान करके कारवाई करने की प्रकिया चल रही है । छापेमारी टीम में वनपाल दिवाकर तांती वनरक्षी रंजन कु शर्मा , पप्पू कु शर्मा, कुलदीप रॉय,रोहित पंडित,दीपक दास,दाऊद आलम, नीरज उपाध्याय सहित गिरिडीह प्रक्षेत्र के सहकर्मी और गांडेय थाना के पुलिस बल मोजूद थे।

# नाबालिग के अपहरण करने का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर के उलीडीह में 16 वर्षीय नाबालिग के अपहरण करने के मामले में आरोपी ऋतिक शर्मा को अदालनत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया. इस मामले की सुनवाई करते हुए स्पेशल कोर्ट पोस्को न्यायाधीश कवलजीत चोपड़ा ने आरोपी को बरी किया. मामले में आरोपी पक्ष की ओर से अधिवक्ता श्वेता साह ने पैरवी की थी. श्वेता ने बताया कि इस मामले में कुल 4 लोगों की गवाही हुई थी. पीड़िता ने कोर्ट को दिए अपने बयान में कई आरोप लगाए थे पर जांच के दौरान कोई साक्ष्य नहीं पाया गया.

इस संबंध में पीड़िता के पिता ने उलीडीह थाना में ऋतिक के खिलाफ अपहरण का आरोप लगाया था. पिता ने पुलिस को बताया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 16 दिसंबर से लापता है। परिजनों ने आरोप लगाया था कि ऋतिक ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया है. बाद में पुलिस ने ऋतिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गिरिडीह संकुल की एकदिवसीय बैठक हुई




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को गिरिडीह संकुल का एकदिवसीय बैठक संपन्न हुआ। बैठक का उद्घाटन विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा,प्रधानाचार्य आनंद कमल एवं रामरतन महर्षि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।बरगंडा संकुल के अंतर्गत चलने वाले विभिन्न विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्य- दीदी ने बैठक में भाग लिया। मौके पर ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि संकुल संरचना विद्यालयों के विकास के लिए अहम कड़ी है। बैठक में बच्चों के शैक्षणिक विकास, सामाजिक विकास, सांस्कृतिक विकास आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया और संकुल के विषय प्रमुख तय किए गए। रामरतन महर्षि ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में अपने-अपने क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में आचार्य दीदी एक सर्वोत्तम माध्यम है। हम उत्सवधर्मी लोग हैं।इन्हीं उत्सवों की कड़ी में आगामी लोकसभा चुनाव भी एक उत्सव के रूप में हमारे सामने है। हम छोटी-छोटी बैठक कर लोगों को मतदान करने के महत्व को बता सकते हैं। अपने कर्म को ईमानदारी से करना ही असली धर्म है।वर्तमान समय में हमारे लिए भी एक ऐसा कर्म है जिसमें हमें फिर से राष्ट्रवादी विचारधारा वाले दल का समर्थन करना है और यह तभी संभव है जब हम स्वयं मतदान कर औरों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक में प्रधानाचार्य जीतन पंडित, विनोद पांडेय, प्रमोद कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेंद्र लाल बरनवाल एवं विभिन्न विद्यालय के आचार्य-दीदी उपस्थित हुए।

### ट्रेन की चपेट में आने से 9वीं कक्षा की छात्रा की मौत

**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र के दाहीगोड़ा हनुमान मंदिर के समीप सोमवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से 15 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई. मृतक छात्रा घाटशिला के सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा नौवीं में पढ़ाई करती थी. वह दाहीगोड़ा स्थित भाड़े के घर से सोमवार की रात 8.30 बजे बाजार जाने की बात कह कर निकली थी. जब काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन रात भर कहीं उसका पता नहीं चला।

# विनोद सिंह का नामांकन आज

## मुख्यमंत्री सहित कई वीआईपी होंगे शामिल



### तैयारी को लेकर सभास्थल पर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
1 मई 2024 को भाकपा माले के बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद सिंह कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया प्रत्याशी के रूप में 11 बजे दिन में गिरिडीह समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर पार्टी महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। वहीं, झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन, गांडेय विधानसभा से उपचुनाव लड़ रही इंडिया प्रत्याशी श्रीमती कल्पना सोरेन सहित गठबंधन के सहयोगी सभी दलों के कई प्रमुख नेता भी नामांकन कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। भाकपा माले ने अपने तमाम कार्यकताओं, समर्थकों तथा कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं सहित इंडिया गठबंधन के सहयोगियों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपील जारी की है। कल के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज भाकपा माले की अगुवाई में सभास्थल पर एक मीटिंग हुई जिसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद, आप नेताओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से राजेश यादव, राजेश सिन्हा, तेजलाल मंडल, हरगौरी साव, शंकर पांडेय, मनोज यादव, चंदन कुमार, उज्ज्वल साव, निशांत भास्कर, संजय यादव, कामेश्वर प्रसाद, पंचानंद प्रसाद, मजहर अंसारी, मो इकराम, तबारक अंसारी, मो आलम सहित कई अन्य मौजूद थे।

# क्षेत्र भ्रमण में दिलीप वर्मा का हुआ गर्मजोशी से स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह। गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आगमन पर भाजपा के कार्यकताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्मजोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया।इस दौरान दिलीप वर्मा ने सभी कार्यकताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। वही एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता एनडीए के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के साथ हैं मौके पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन प्रसाद वर्मा, गांडेय विधानसभा संयोजक अरूण हाजरा,मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंकर सिंह, यूवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजू मंडल, मंडल उपाध्यक्ष सुरेंदर लोहनी, मुखिया प्रतिनिधि देबू वर्मा,सत्यनारायण यादव विनोद यादव बलराम गोस्वामी प्रदीप पांडे डालो मियां, नरेश वर्मा किशोरी वर्मा, लोकनाथ वर्मा भूषण वर्मा रिंकू वर्मा देवेंद्र वर्मा विनोद वर्मा सहित अन्य ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**''आवश्यक सूचना''**

एतद् द्वारा सूचित किय जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी के विभिन्न अंचलों से राजस्व जलकरों की बंन्दोबस्ती डाक में अलग–अलग पटट्ेदारों द्वारा अलग–अलग वर्षो में लिया गया था एवं समय पर राजस्व जमा नहीं किया गया। जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा बार–बार निबंधित नोटिस भेजने के बावजुद भी बकायेदारों द्वारा बकाया राजस्व की राशि कार्यालय में जमा नहीं किया गया।

अतः अंतिम रूप से बकाये पटट्ेदारों को पेपर विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि बकाया राजस्व की राशि सूचना प्रकाशन के उपरांत 07 दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करें अन्यथा राजस्व की वसूली हेतु Certificate Case की प्रकिया प्रारम्भ किया जाएगा। जिसके जिम्मेवार आप स्वंय होंगे।

| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | बकायेदार का नाम | ग्राम | अंचल | बकाया वर्ष | बकाया राजस्व की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाँसा बाँध 01 | श्री बेचन नायक | हाँसा हरिजन टोली | मुरहू | 2021–22 | 29000.00 |
| 2 | घाघरा बाँध 02 | श्री दुर्गा महतो | घाघरा | मुरहू | 2021–22, 2022–23 | 22550.00 |
| 3 | सरदुला तालाब | श्री अजय कुजुर | सरदुला | कर्रा | 2023–24 | 3600.00 |
| 4 | रोलागुटु तालाब | श्री कुलेन्द्र सिंह | रोलागुटु | कर्रा | 2023–24 | 3600.00 |
| 5 | भुसुर तालाब | श्री मनोज होरो | भुसुर | कर्रा | 2019–20, 2021–22, 2022–23 | 2350.00 |
| 6 | जोकटी तालाब | श्री षिव नारायण नायक | बड़ाईक टोली, खूँटी | खूँटी | 2021–22, 2022–23 | 1400.00 |
| 7 | लापा तालाब | श्री अजित आईन्द | लापा | कर्रा | 2022–23, 2023–24 | 4600.00 |
| 8 | छोटाबारू तालाब | श्री योगेन्द्र नायक | बड़ाईक टोली, खूँटी | खूँटी | 2022–23, 2023–24 | 1600.00 |
| 9 | कुजियामा बाँध 01 | श्री बिरबल पुरान | कुजियामा | अड़की | 2023–24 | 19000.00 |
| 10 | कुजियामा पोखर 03 | श्री आषिष महादानी | नौढ़ी | अड़की | 2023–24 | 4500.00 |
| 11 | हालुकोचा पोखर | श्री षीतल माँझी | पुरनानगर | अड़की | 2023–24 | 4400.00 |
| 12 | मिटकोरा तालाब | श्री प्रवीन कुमार सिंह | मिटकोरा | कर्रा | 2022–23, 2023–24 | 2400.00 |
| 13 | ऐराहातु तालाब | श्री जुलियस हेरेंज | ऐराहातु | कर्रा | 2022–23, 2023–24 | 6000.00 |
| 14 | कुदलुम तालाब | श्री प्रभात सिंह | कुदलुम | कर्रा | 2023–24 | 1175.00 |

नोटः– यदि किसी बकायेदार द्वारा राजस्व जमा कर दिया गया है तो प्रमाण स्वरूप रसीद का मुल प्रति 07 दिनों के अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करें।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 324217 Fish(24-25)#D

## असंगठित असुरक्षित मजदूर चुनावी मुद्दा नहीं

जलवायु परिवर्तन के दौर में अत्यधिक गर्मी, मौसम में उतार-चढ़ाव पूरे भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए वास्तविक खतरा है। ज्यादातर लोग इस भीषण गर्मी में एयरकंडीशनर का इंतजाम नहीं कर सकते। सबसे कड़ी मेहनत करने वाले असंगठित मजदूर जो खुले आसमान के नीचे काम करते हैं उनके लिए बहुत कम स्थानों में छाया और पाइन के पानी की व्यवस्था है और भारत में यह अब भी चुनावी मुद्दा नहीं बन सका है। हाल में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के सहायक महानिदेशक और एशिया और प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक चिहोको असदा मियाकावा ने बताया कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों को प्रचंड गर्मी से लेकर खराब वायु गुणवत्ता तक का सामना करना पड़ता है और इसके प्रभावों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। अक्सर पर्याप्त सुरक्षा के बिना काम करते रहने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं होता, भले ही स्थितियां कितनी ही खतरनाक हों। भीषण गर्मी शायद सबसे स्पष्ट चुनौती है और इस बारे में मियाकावा ने कहा कि बढ़ते तापमान में जैसे कृषि, निर्माण, मछली पकड़ने और परिवहन जैसे बाहरी काम करने वाले श्रमिकों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और लू का खतरा रहता है। यहां तक कि घर के अंदर काम करने वाले उन श्रमिकों को भी खतरा रहता है, जहां भीषण गर्मी हो और वेंटिलेशन की व्यवस्था न हो। फैक्टरियों, खाद्य प्रसंस्करण संयंत्रों, ईंट भट्ठों और गोदामों में तेज धूप के दौरान काम करना श्रमिकों के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। बेहतर नियमन, प्रवर्तन, शमन रणनीतियों, प्रशिक्षण और जागरूकता से स्थितियों में काफी बदलाव लाया जा सकता है। स्पष्ट है कि इसके लिए श्रमिकों का सशक्तीकरण जरूरी है, जो उन्हें नौकरी या मजदूरी खोने के डर के बिना प्रचंड गर्मी में काम रोकने की अनुमति प्रदान करे। लेकिन भारत जैसे देश में ऐसा कहना आसान है, करना कठिन, जहां ज्यादातर लोग असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं, जिन्हें न तो रोजगार अनुबंध और न ही स्वास्थ्य संबंधी सहयोग उपलब्ध है। बीजिंग, नई दिल्ली और बैंकॉक में खराब वायु गुणवत्ता दैनिक वास्तविकता है, जो प्रदूषकों के संपर्क में आने वाले श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। आदर्श रूप में इन मूल कारणों पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। डिलीवरी बॉय या सड़क के किनारे ठेला लगाने वाले को पूरे दिन जहरीली हवा में सांस लेना पड़ता है। इसलिए जागरूकता, रक्षा उपकरण और जहां तक संभव हो सके, काम करने के तरीके में बदलाव की आवश्यकता है, जो इसके प्रभाव को न्यूनतम कर सके। 'प्रचंड गर्मी और वायु प्रदूषण के अलावा, चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति एवं तीव्रता में भी बढ़ोतरी हो रही है, जो कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अतिरिक्त चुनौती पेश करती है। चक्रवात, बाढ़, सूखा, दावानल, प्राकृतिक आपदाएं कामकाज में व्यवधान पैदा करती हैं और श्रमिकों के जीवन को जोखिम में डालती हैं। मियाकावा लिखते हैं कि आपदाओं के बाद 'पहले की स्थिति की बहाली के प्रयासों में श्रमिकों की सुरक्षा एवं कल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा आवश्यक सेवाओं, सुरक्षात्मक उपकरणों और मनोसामाजिक समर्थन तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए।' भारत विशेष रूप से संवेदनशील है। पिछले वर्ष फोर्ब्स मैगजीन ने लिखा था, 'निर्माण गतिविधियों के साथ भारतीय कृषि और उद्योग विशेष रूप से गर्मी से संबंधित तनावों के कारण श्रमिकों की उत्पादकता के नुकसान के प्रति संवेदनशील हैं। विश्व बैंक के अनुसार, 2030 तक गर्मी के तनाव के कारण उत्पादकता के नुकसान के चलते अनुमानित 8 करोड़ वैश्विक नौकरियों में से 3.4 करोड़ रोजगार की हानि भारत में हो सकती है।'

**भीषण गर्मी शायद सबसे स्पष्ट चुनौती है और इस बारे में मियाकावा ने कहा कि बढ़ते तापमान में जैसे कृषि, निर्माण, मछली पकड़ने और परिवहन जैसे बाहरी काम करने वाले श्रमिकों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और लू का खतरा रहता है।**

अर्थव्यवस्था

## भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग



प्रहलाद सबनानी

***भारत*** में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नये अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं। हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निमार्ता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवतः रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे। भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है। केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। नीलसन द्वारा किए गए एक सर्वे के यह बताया गया है कि जनवरी एवं फरवरी 2024 माह में भारत में विभिन्न उत्पादों की शहरी क्षेत्रों में मांग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। विशेष रूप से फरवरी 2024 के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में वृद्धि लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। रबी की फसल के भी अच्छे रहने की सम्भावना बलवती हुई है जिसके कारण किसानों की मनोदशा भी सकारात्मक बन रही है और यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश की आर्थिक वृद्धि दर को बलवती करने के मुख्य भूमिका निभाने जा रही है। आज देश की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है यदि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों की मनोवृत्ति सकारात्मक हो रही है तो निश्चित ही वित्तीय वर्ष 2024-25, आर्थिक विकास की दृष्टि से अतुलनीय परिणाम देने वाला वर्ष साबित होने जा रहा है।

**(लेखक, आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं।)**



**पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नये अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं।**

## आपकी बात

### आज के बदलते परिवेश में श्रीराम प्रासंगिक

***संपादकीय*** शीर्षक राम की बात ही न हो, राम बनना भी जरुरी 'पढ़ा जिसमे यह लिखा गया है कि हम सबों को मानव जीवन के उच्चतम आदर्श प्रभु श्रीराम के आदर्शो को अपनाकर प्रकृति संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। और इससे इंकार भी नहीं किया जा सकता है। वास्तव में प्रभु श्रीराम का मर्यादित जीवन ही इनको मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम बनाता है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि आज के बदलते परिवेश में श्रीराम प्रासंगिक हैं जिनके बताये रास्तों का अनुसरण करके इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं और प्रकृति के करीब आ सकते हैं। रामराज्य जीवन की समरसता को दर्शाता है जिसमे सभी बराबर हैं, सब सुखी हैं, सभी खुशहाल हैं, किसी को कोई कष्ट नहीं है, सभी संपन्न हैं, प्रफुल्लित हैं और जिसके शासक प्रभु श्रीराम हैं जिनकी दयालुता जगत प्रसिद्ध है। रामराज्य में धर्म, सामजिक न्याय, करुणा का समावेश होने के साथ साथ नैतिकता एवं जन कल्याण की भावना भी झलकती है। राम का वनगमन, निषादराज से भेंट, चित्रकूट में निवास, पर्ण कुटि का निर्माण, कंद मूल एवं फलों से जीवनयापन, शबरी के बेर खाना,समुद्र से याचना आदि घटनाएं हमें सीख देती हैं कि हमें प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन साधना ही होगा और इसी में हम सब की भलाई है। विडंबना यह है कि आज हम राम तो बनना चाहते हैं, पर राम बनते नहीं । हम उनके जीवन आदर्शो को अपनाना नहीं चाहते। प्रकृति से प्रेम नहीं करते और उससे दूर होते जा रहे हैं। विरोधाभास की यह स्थिति खतरनाक है। इसीलिए प्रभु श्रीराम के आदर्शो को अपनाते हुए हमें प्रकृति की ओर लौटने की जरुरत है। अंत में शम्सी मीनाई की चंद पंक्तियाँ याद आ रही हैं - वो राम जिसका नाम है जादू लिए हुए लीला है जिसकी ॐ की खुशबू लिए हुए

जंगल में भी खिला तो रही फूल की महक
गुदरी में रह के लाल की जाती नहीं चमक
राजा वही गरीब से इन्साफ कर सके
दलदल से जात पात से हरदम उबर सके
जो वर्ण भेद भाव के चक्कर को तोड़ दे
शबरी के बेर खा के जमाने को मोड़ दे
लोगों को राम से जो मोहब्बत है आज कल
पूजा नहीं अमल की जरुरत है आज कल
मैं राम पर लिखूं मेरी हिम्मत नहीं है कुछ
तुलसी ने बाल्मीकि ने छोड़ा नहीं है कुछ

प्रासंगिक एवं सारगर्भित टिप्पणी के लिए संपादक महोदय को साधुवाद!

**दिलीप कुमार, ग्राम -पोटमा, पोस्ट - लगमा, जिला - गढ़वा (झारखण्ड )**

परिचर्चा

## लोकसभा चुनाव में मुद्दों को नया विमर्श दें



ललित गर्ग

***लोकसभा*** चुनावों के प्रचार अभियान में एक आवाज बहुत धीमी पर एक वजन और पीड़ा के साथ सुनने को मिल रही है कि इस चुनाव को येन-केन-प्रकारेण जीतने के सभी जायज एवं नाजायक प्रयोग हो रहे हैं, लेकिन नैतिकता, मूल्य एवं आदर्श की बात कहीं भी सुनाई नहीं दे रही है। देश का राजनीतिक भविष्य तय करने वाले इन चुनावों में एक और विडम्बना देखने को मिल रही है कि राष्ट्र विकास के मुद्दों एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने की कोई चर्चा नहीं है। देश को दिशा देने एवं कोई नया विमर्श खड़ा करने का नेताओं के पास अभाव है, जो अपने-आप में एक त्रासदी है। मतदाताओं की लोकतंत्र के महाकुंभ में भागीदारी का घटना भी एक चिन्ता का सबब है। जबकि किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। विभिन्न राजनीतिक दल आरक्षण का मुद्दा खड़ा करके जहां अल्पसंख्यकों को अपनी ओर खींचने की कोशिश करते हुए भाजपा को आरक्षण विरोधी बता रहे हैं और गृहमंत्री अमित शाह के आरक्षण विषयक बयान को तोड़-मेरोड कर झूठे एवं फेक वीडियो के माध्यम से भाजपा के चरित्र को धुंधला रहे हैं, वहीं आम महिलाओं के डर का सहारा लेते हुए उनके मंगल सूत्र और स्त्री धन को छीन लिए जाने की बात कही जा रही है। सैम पित्रोदा के विरासत कर संबंधी बयान से आम जनता के धन को हथियाने की बातें भी हो रही है। लेकिन प्रश्न है कि क्या कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने की संभावना है? सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाती है। चुनाव अभियान तीसरे चरण की ओर अग्रसर हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। एक-दूसरे की नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना चुनाव का हिस्सा बनी हुई है और बनना भी चाहिए। लेकिन एक-दूसरे पर भीषण एवं भद्दे आरोप लगाना, लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन है। परंतु मौजूदा चुनाव प्रचार में राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता के ताने-बाने को क्षति पहुंचाने की चेष्टा का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

**देश का राजनीतिक भविष्य तय करने वाले इन चुनावों में एक और विडम्बना देखने को मिल रही है कि राष्ट्र विकास के मुद्दों एवं आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने की कोई चर्चा नहीं है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

## जलवायु परिवर्तन और भारतीय चुनाव



कुलभूषण उपमन्यु

***संयुक्त*** राष्ट्र संघ की विश्व मौसम विज्ञान संस्था ने एशिया में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक रिपोर्ट गत सप्ताह जारी की है, जिसमें यह बात सामने आई है कि वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से ज्यादा पड़ रहा है। इस क्षेत्र में कई देशों में आज तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण इस महाद्वीप में 2023 में 90 लाख लोग बाढ़ और तूफान से प्रभावित हुए। दो हजार लोग काल का ग्रास बन गए। जलवायु परिवर्तन ने बाढ़, सूखे और तूफानों की घटनाओं को न केवल बढ़ाया है बल्कि उनकी भयानकता को भी बढ़ाया है, जिसका दुष्प्रभाव वहां के समाज, अर्थ व्यवस्था, और मानव जीवन पर पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के मुख्य सूचकों जैसे कि जमीनी तापमान में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना, और समुद्र के जलस्तर के बढ़ने से बिगड़ती हुई स्थिति का पता चल रहा है। 1960-1990 के दौर के मुकाबले तापमान वृद्धि की दर लगभग दुगुनी हो गई है। 2023 में जहां एक ओर सूखा पड़ा वहीं दूसरी ओर भयानक बाढ़ आई। चीन की बाढ़ और भारत में सूखे से 65 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। चीन में 140 वर्षों का वर्षा का रिकार्ड टूट गया। वहीं दक्षिण पश्चिमी चीन भारी सूखे की चपेट में रहा। भारत में लू के कारण 100 लोगों की मौत हो गई और सिक्किम का तीस्ता-3 बांध बाढ़ की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया और 100 लोग अपनी जान गंवा बैठे। बढ़ते तापमान के कारण इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। भारत और बांग्लादेश में लू की संभावनाओं में 30 गुणा वृद्धि की आशंका पैदा हो गई। एशिया के तेज गति से बढ़ते तापमान के चलते इसके ग्लेशियर भी खतरे में पड़ गए हैं। मुख्य 22 ग्लेशियरों में से 20 में भारी नकारात्मक बदलाव पाए गए हैं। यानी ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हुई है। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशकों में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुणा वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है। जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन के कारण हुई भारी तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है ,जिसको भारत सरकार ने आपात स्थिति घोषित किया। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन के विषय में भी काफी कुछ करने की जरूरत पर रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। हालांकि भारत ने इस विषय में कुछ मानकों पर अच्छी प्रगति की है फिर भी काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। पूर्व चेतावनी व्यवस्था में सुधार करके आपदाओं में होने वाली हानि को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है कि बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है, या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है, या वह किसान जिनकी फसल खुले में में ईश्वर भरोसे रहती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

## त्रेता युग में निर्मित विष्णु मंदिर

तब पूरा उमगा पहाड़ दर्जनों मंदिरों से भरा हुआ था। मुगलों ने इस पर्वत पर कई विराजमान मंदिरों को नेस्तनाबूद कर दिया, जिनके अवशेष आज भी मौजूद हैं। तत्पश्चात सन 1496 ई० में सूर्यवंशी राजा भेरवेन्द्र ने मंदिर के गर्भगृह में पुनः बलराम और सुभद्रा की प्रतिमा स्थापित की। बाद में क्रूर मुगल शासक औरंगजेब ने उक्त प्रतिमा को भी ध्वस्त करवा दिया। उस वक्त उसने मंदिर को भी तोड़ने की कोशिश की और मंदिर पर तोप दगवाये। लेकिन वह मंदिर तोड़ पाने में सफल नहीं हो सका। औरंगजेब के अंत के बाद इस मंदिर में भगवान सूर्यदेव की प्रतिमा स्थापित की गई। तब से आज तक यह मंदिर सूर्य मंदिर के रूप में विख्यात है।



**कभी मंदिरों का फैक्ट्री था यह इलाका**

मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के उमगा पहाड़ और इसके आसपास की पहाड़ी श्रृंखलाओं में दर्जनों मंदिर, या यूं कहें कि मंदिरों का पूरा एक समूह ही विद्यमान था। कहा जाता है कि यहां पर तरह तरह के मंदिरों के लिए पत्थर, उनपर नक्काशी और शिलालेख तैयार किये जाते थे जिन्हें संपूर्ण मगध साम्राज्य के कोने-कोने में मंदिर निर्माण के लिए भेजा जाता था।

**सहस्त्र शिवलिंग और 52 मंदिरों का था उमगा पर्वत**


इस उमगा पर्वत पर 2100 शिवलिंग विद्यमान थे। यह पूरी पर्वत श्रृंखला 52 मंदिरों से सुशोभित थी।

**(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

## फेसबुक- इस्टाग्राम यूज करना हो सकता है पेड

यह फैसला जबरदस्त है, क्योंकि लाखों लोग विभिन्न उद्योगों में व्यापार करने के लिए इन सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करते हैं, और अब उन्हें इसके लिए पैसे भी देने पड़ेंगे। यह निश्चित रूप से एक संवेदनशील मुद्दा है, और इसका सीधा प्रभाव व्यापारों के लिए होगा, जो अब अपनी सोशल मीडिया प्रचार की लागत को नए तरीके से विचारने के लिए मजबूर होंगे। इस नए फीस मॉडल का प्रभाव सबसे ज्यादा छोटे उद्योगों और व्यापारिक उपयोगकर्ताओं पर होगा, जो अब सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करते हैं लेकिन अब इसके लिए भुगतान करने के लिए तैयार होना होगा। यहां, विशेष रूप से छोटे व्यवसायों को उनके बजट की चिंता हो सकती है, क्योंकि इस नए फीस मॉडल के तहत उन्हें अब अधिक खर्च करना होगा। इसके अलावा, यह फैसला उपयोगकर्ताओं के उपयोग के स्वतंत्रता पर भी असर डाल सकता है। कुछ उपयोगकर्ता सीधे इस नए मॉडल को स्वीकार कर सकते हैं, जबकि कुछ अन्य उपयोगकर्ता इसे अच्छा नहीं मान सकते हैं और इसे छोड़ सकते हैं। इस नए फीस मॉडल के लिए, जिसे 'सोशल मीडिया प्रीमियम' कहा जा सकता है, लागू करने के पीछे कई कारण हैं।




**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नासिक के चांदवड़ में रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई-आगरा हाई-वे पर चांदवड़ के पास मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे रोडवेज बस का टायर फटने से हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 17 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को चांदवड़ के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के जनसंपर्क अधिकारी किरण भोसले के मुताबिक बस जलगांव से वसई के लिए निकली थी। इसी दौरान सुबह चांदवड़ में राहुट घाट के पास बस का टायर फट गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 17 लोग घायल हो गए।



पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ राहत एवं बचाव अभियान शुरू करते हुए सभी घायलों को अस्पताल तक पहुंचाया।

## बिहार के भागलपुर में सड़क हादसा, छह लोगों की मौत


**पटना।** बिहार में भागलपुर जिले के कहलगांव मुख्य मार्ग एनएच-80 पर सोमवार देररात घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर के पास सड़क दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार छह बारातियों की मौत हो गई। हादसे तीन लोग घायल हो गए। तीनों की हालत गंभीर है। घायलों को भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एनएच-80 का निर्माण कर रही एजेंसी की जेसीबी और अन्य संसाधनों से मलबा हटाकर लोगों को बाहर निकाला। इनमें छह की मौत हो चुकी थी। बाकी तीन लोग घायल मिले। घायलों ने स्थानीय लोगों को जो सूचना दी, उसके अनुसार बारात मुंगेर के हवेली खड़गपुर से पीरपैंती के खिदमतपुर जा रही थी। पुलिस के मुताबिक तीन स्कॉर्पियो से बाराती भागलपुर से कहलगांव की ओर जा रहे थी। विपरीत दिशा से गिट्टी लदा हाईवा आ रहा था। इसी दौरान हाईवा अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पर पलट गया। बीच में चल रही स्कॉर्पियो पूरी तरह से हाईवा की जद में आ गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। घायल कैलाश ने बताया कि लगभग एक घंटे तक वो लोग मलबे में दबे रहे।

# सिसोदिया की जमानत याचिका को दिल्ली कोर्ट ने किया खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया।

मनीष सिसोदिया ने दोनों केंद्रीय एजेंसियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे मामलों में जमानत मांगी थी।



सीबीआई के अभियोजक पंकज गुप्ता ने पिछली बार विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत के समक्ष कहा था कि सिसोदिया धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जमानत देने की कठोरता को पूरा नहीं करते हैं। आप नेता के राजनीतिक रसूख होने का दावा करते हुए अभियोजक ने कहा था कि वह प्रभावशाली हैं और मामले में समानता के आधार पर भी जमानत के हकदार नहीं हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सिसोदिया पर मामले में मुख्य आरोपी होने का आरोप लगाया और कहा कि वह जांच के सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं। यह तर्क देते हुए कि उन्हें पहले उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय से जमानत नहीं मिली है।

# पंजाब के पूर्व एडीजीपी गुरिंदर सिंह ढिल्लों कांग्रेस में शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व आईपीएस और एडीजीपी पंजाब रह चुके गुरिंदर सिंह ढिल्लों मंगलवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। गुरिंदर सिंह ढिल्लों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाते समय पंजाब कांग्रेस के प्रभारी देवेंद्र यादव मौजूद रहे।इस दौरान पूर्व आईपीएस की पत्नी और परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक गुरिंदर ढिल्लों को पंजाब की फिरोजपुर सीट से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने कुछ दिन पहले ही वीआरएस के लिए आवेदन किया था। जिसे पंजाब सरकार ने स्वीकृत कर लिया है। वीआरएस स्वीकृति के 6 दिन बाद उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के उपरांत गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि पार्टी हाईकमान उन्हें जो भी कार्यभार सौंपेगा, वह उसे पूरी शिद्दत से पूरा करेंगे।कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव ने बताया कि पंजाब के पूर्व एडीजीपी गुरिंदर सिंह ढिल्लों 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। यादव के मुताबिक ढिल्लों ने पंजाब में आतंकवाद और कई चुनौतीपूर्ण स्थितियों में अपनी बेहतरीन कार्य कुशलता का परिचय दिया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर की वह याचिका खारिज कर दी, जिन्हें भाजपा ने पश्चिम बंगाल के बीरभूम लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा था। इस याचिका में उन्होंने उनके नामांकन पत्र को नामंजूर किए जाने को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने यह देखते हुए कि रिटर्निंग अधिकारी ने किसी भी दुर्भावनापूर्ण तरीके से काम नहीं किया, कहा कि सीधे शीर्ष अदालत के समक्ष दायर रिट याचिका पर विचार करने से चुनाव प्रक्रिया रुक जाएगी। याचिका पर विचार करने में पीठ की अनिच्छा को भांपते हुए धर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील निधेश गुप्ता ने भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से संपर्क करने की स्वतंत्रता के साथ मामले को वापस लेने की अनुमति मांगी। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर अपनी याचिका में धर ने तर्क दिया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को वॉकओवर देने के लिए उनका नामांकन खारिज कर दिया गया था।

## आज का राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा।

**वृषभ** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क** — सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। शुभांक-3-5-7

**कन्या** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**धनु** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मकर** — मकर : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**कुम्भ** — कुंभ : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**मीन** — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# राष्ट्रपति आज करेंगी रामलला के दर्शन

## प्रशासन अलर्ट, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**एजेंसी। अयोध्या**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को अयोध्या दौरे पर रहेंगी। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का दर्शन करेंगी और हनुमानगढ़ी भी जाएंगी। शाम को सरयू आरती में भी शामिल हो सकती हैं। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दर्शन-पूजन कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। सुरक्षा के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण और समीक्षा की जा रही है। इसी को लेकर पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने संयुक्त रूप से अयोध्या के हनुमानगढी, रेलवे स्टेशन, राम पथ, नया घाट आदि विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्थलीय जायजा लिया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्था को देखा है।

रामजन्मभूमि व हनुमानगढी समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर दर्शन पूजन, स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षा तथा सुविधा व सहूलियत के लिए आवश्यक हिदायत दी है। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू एक विशेष विमान से एक मई शाम करीब चार बजे अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद उन्हें वीआईपी गेट से होते हुए मंदिर परिसर तक ले जाया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में उनके स्वागत के लिए ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मौजूद रहने की उम्मीद बताई जा रही है। कार्यक्रम को लेकर लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और अयोध्या हवाई अड्डे को राम पथ से जोड़ने वाले मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन किया जाएगा। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रपति का विस्तृत कार्यक्रम अभी नहीं आया है, लेकिन हम एक मई को राष्ट्रपति के स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। मन्दिर में इस समय आम भक्त भी मंदिर में दर्शन-पूजन उसी प्रकार करते रहेंगे।

## भारत के नए नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी ने संभाला कार्यभार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। वह भारतीय नौसेना के 26वें नौसेना प्रमुख हैं। इसके साथ ही नौसेना स्टाफ के मौजूदा प्रमुख पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल, 2024 को सेवानिवृत्त हो गए। पदभार संभालने से पहले नौसेना प्रमुख पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, एडमिरल दिनेश कुमार



त्रिपाठी को 1 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। वे संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ हैं। नौसेना में उनकी लगभग 39 वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा रही है। उन्होंने नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया है।

## 27 साल से पहचान छिपाकर 'संत' की तरह रहने वाला हत्यारोपी ऋषिकेश से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हत्या के एक मामले में 27 साल से फरार चल रहे 77 वर्षीय व्यक्ति को उत्तराखंड के ऋषिकेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वह अपनी पहचान छुपाने के लिए 'संत' के भेष में विभिन्न धार्मिक स्थानों पर शरण ले रहा था। आरोपी की पहचान टिल्लू उर्फ रामदास के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 4 फरवरी 1997 को तुगलकाबाद एक्सटेंशन में किशन लाल नाम के एक व्यक्ति की उसके बहनोई टिल्लू और रामू नामक व्यक्ति ने हत्या कर दी थी।

## समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी साधन है शिक्षा : उपराष्ट्रपति

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। हर क्षेत्र में वही लोग नेतृत्व कर रहे हैं, जिन्होंने शिक्षा में भी अपना स्थान बनाया। उन्होंने अपने जीवन में अपने सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ के संस्कारों और अनुभवों के महत्व को याद करते हुए कहा कि मेरा असली जन्म तो सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में ही हुआ।

## भय और भ्रम फैलाने के लिए डीप फेक का इस्तेमाल कर रही कांग्रेस : अनुराग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झूठ बोलने में माहिर कांग्रेस अब डीप फेक वीडियो बना कर लोगों में भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम इसमें आना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक भी है और घातक भी है।

मंगलवार को डीप फेक पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम चुनाव से पहले भी हमें पता था कि विपक्ष अपनी निश्चित हार को देखते हुए झूठ, भय और भ्रम का सहारा जरूर लेगा। आज कांग्रेस का हर बड़ा नेता केवल झूठ के बदौलत अपना चुनाव प्रचार चला रहा है। झूठ बोलने से भी हार में बदलाव न होता देख अब यह लोग टेक्नोलॉजी और डीप फेक का उपयोग कर और ज्यादा भ्रम और भय फैला रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए इंडी अलायंस के नेता सारे अनैतिक कार्य कर रहे हैं।

ठाकुर ने आगे कहा कि राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें, उनकी हार निश्चित है लेकिन अपनी हार से बचने के लिए कांग्रेस झूठ, भय और भ्रम ना फैलाए।

# डायनासोर की तरह लुप्त हो जाएगी कांग्रेस पार्टी : राजनाथ

**एजेंसी। खंडवा**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस की तुलना डायनासोर से करते हुए कहा कि जिस तरह डायनासोर लुप्त हो गया है, ठीक उसी तरह आने वाले समय में कांग्रेस लुप्त हो जाएगी।उन्होंने लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाने की पैरवी करते हुए कहा कि अगला विधानसभा और लोकसभा का चुनाव एक साथ होगा।खंडवा लोकसभा क्षेत्र के मांधाता विधानसभा के पुनासा में भाजपा उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि अब तो कांग्रेस के उम्मीदवार ही मैदान छोड़ रहे हैं



और भाजपा में शामिल हो रहे हैं। दस साल बाद किसी बच्चे से पूछेंगे कि कांग्रेस तो वह सवाल करेगा कौन सी कांग्रेस। यह सारे देश से लुप्त होती जा रही है। आपने डायनासोर तो नहीं देखा, मगर उसकी फिल्म देखी होगी, जिस तरह इस धरती से डायनासोर लुप्त हो गया है, उसी तरह धरती से कांग्रेस भी लुप्त हो जाएगी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के काल में 100 पैसे दिल्ली से भेजे जाते थे तो जनता तक 14 पैसे ही पहुंचते थे। 86 पैसे का घोटाला हो जाता था। अब स्थिति है कि किसान सम्मान निधि के 6,000 रुपए भेजे जाते हैं तो वह पूरी राशि किसान के खाते में पहुंचती है। मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार चल रही है। मुझे एक बात खलती है कि चार माह पहले विधानसभा के चुनाव हुए और चार माह बाद लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं। हम लोगों का कहना है कि यह सिलसिला बंद होना चाहिए, जो भी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव होने हैं।

# अफगानिस्तान में एक बंदूकधारी ने मस्जिद में फायरिंग की, छह नमाजियों की मौत



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

अफगानिस्तान के पश्चिमी प्रांत हेरात में बंदूकधारी ने एक मस्जिद में फायरिंग की। गोली लगने से कम से कम छह नागरिकों की मौत हो गई और एक घायल हो गया।

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी के अनुसार, एक अज्ञात बंदूकधारी ने सोमवार शाम गुजारा जिले में स्थित मस्जिद के अंदर नमाजियों पर फायरिंग की। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने हमले की निंदा की है। साथ ही अपराधियों की पहचान करने और जांच की तत्काल जरूरत पर जोर दिया। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। गौरतलब है कि अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद से युद्धग्रस्त देश में हमलों में काफी कमी आई है। हालांकि, तथाकथित इस्लामिक स्टेट की शाखाएं अभी भी देश में सक्रिय मानी जाती हैं और समय-समय पर हमलों का दावा भी करती हैं।

## रूसी हवाई हमले से यूक्रेन में दो की मौत, आठ घायल

**एजेंसी। कीव**

दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा में रूसी मिसाइल हमलों में कम से कम दो लोग मारे गए, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। क्षेत्र के गवर्नर ओलेह किपर ने टेलीग्राम पर यह जानकारी शेयर की। इस हमले में कई आवासीय भवनों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले रूसी सीमा से सिर्फ 30 किलोमीटर दूर स्थित यूक्रेनी शहर खार्किव पर ग्लाइड बमों से हमला किया गया था। इस हमले में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। यूक्रेन दो वर्षों से अधिक समय से रूसी आक्रमण को रोक रहा है। रूसी सेना लगभग रोज खार्किव और ओडेसा के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागती है। गोला-बारूद की कमी ने रूसियों को अग्रिम पंक्ति में आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है। स्टोल्टेनबर्ग ने कीव में कहा कि अधिक सैन्य सहायता भेजने के लिए वाशिंगटन की लंबी प्रक्रिया के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया गया है। स्टोलटेनबर्ग ने यूक्रेन को एक साल में दस लाख तोपखाने के गोले देने में यूरोपीय संघ की विफलता का जिक्र करते हुए कहा कि यूरोपीय सहयोगियों ने गोला-बारूद की वह मात्रा नहीं दी है।

# न्यूज बॉक्स

## विजयवाड़ा में एक डॉक्टर और परिवार के चार सदस्य मृत मिले

**विजयवाड़ा ।** विजयवाड़ा में एक डॉक्टर और उनके परिवार के चार सदस्य मंगलवार को अपने आवास पर मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि ऑर्थोपेडिक डॉक्टर डी. श्रीनिवास (40), उनकी पत्नी, दो बच्चे और मां पटामाता अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस के मुताबिक, जब नौकरानी डॉक्टर के घर गई तो उसने उन्हें बालकनी पर लटका हुआ पाया। उसने तुरंत पड़ोसियों को सतर्क किया और पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और टीम को घर में श्रीनिवास की पत्नी उषा (38), बेटी शैलजा (9), बेटे श्रीहान (8) और मां रामानम (65) के शव मिले। माना जा रहा है कि उन सभी की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस को संदेह है कि श्रीनिवास ने अपनी जान देने से पहले अपने परिवार के सदस्यों की हत्या की। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी।

## दिल्ली के एम्स हॉस्टल में बिहार की नर्सिंग छात्रा ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के हॉस्टल में एक वीएससी नर्सिंग की छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। छात्रा दूसरे वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम को पूर्वाह्न 11:30 बजे सूचना मिली थी। पुलिस टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। खुदकुशी करने वाली छात्रा (21) बिहार के शेखपुरा जिले से थी। पुलिस के अनुसार छात्रा ने दुपट्टे से फंदा बनाकर पंखे से लटक कर खुदकुशी की है। पुलिस की जांच टीम को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। मृतक छात्रा के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार वालों के आने के बाद आगे की जानकारी मिल पाएगी। आत्महत्या की वजह जानने या किसी अन्य कारण की तलाश में पुलिस छात्रा के दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है।

## ऑनलाइन गेमिंग ऐप घोटाले के खिलाफ ईडी की बड़ी कार्रवाई, 2,500 डमी बैंक खातों की पहचान

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय कोलकाता ने 'ई-नगेट' नामक एक प्रमुख 'ऑनलाइन गेमिंग ऐप घोटाले' के खिलाफ सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। गेमिंग प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किए गए ई-नगेट ऐप ने उपयोगकताओं को उनके निवेश पर रिटर्न का वादा किया था। वास्तविक पैसे पर दांव लगाने और उपयोगकताओं को भारी कमीशन का वादा करने के लिए डिजाइन किए गए आकर्षक गेम की पेशकश करते हुए ऐप ने एक सुनहरे निवेश की तस्वीर पेश की। हालांकि, निवेश किए जाने के बाद ऐप बंद हो गया और निवेशकों को अपने धन को वापस पाने का कोई रास्ता नहीं मिला। खुलासा 2022 में शुरू हुआ जब ईडी ने घोटाले का पदार्फाश किया। इस दौरान पता चला कि गलत तरीके से कमाए गए लाभ का एक हिस्सा डिजिटल संपत्तियों में निवेश किया गया था। जांच के दौरान लगभग 2,500 डमी बैंक खातों की पहचान की गई और उनका विश्लेषण किया गया। तलाशी के दौरान लगभग 19 करोड़ नकद राशि जब्त की गई। घोटाले के मास्टरमाइंड आमिर खान को भी गिरफ्तार किया गया और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने कई एक्सचेंजों से विशेष रूप से बिनेंस, जेबपे और वजीरएक्स के कई क्रिप्टो वॉलेट का विवरण मांगा। बिनेंस और अन्य एक्सचेंजों से इकट्ठा जानकारी के कारण 70 खातों में 90 करोड़ की धनराशि रोक दी गई।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गेहूं खरीद संकट के बीच किसानों पर लाठीचार्ज

**लाहौर।** पाकिस्तान में पंजाब पुलिस ने गेहूं खरीद संकट के बीच सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज किया और लाहौर में 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया। पंजाब प्रांत में गेहूं की बंपर पैदावार के बाद, किसान शिकायत कर रहे हैं कि सूबे की मरियम नवाज सरकार गेहूं नहीं खरीद रही है और आटा मिलें उनकी फसलों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दरों की पेशकश कर रही हैं। किसान इतेहाद के प्रवक्ता मियां उमेर ने बताया, सोमवार को जब बड़ी संख्या में किसान धरना देने के लिए लाहौर में पंजाब विधानसभा की ओर जा रहे थे।

## पीयूष गोयल ने मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री और मुंबई उत्तर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार पीयूष गोयल ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल किए जाते समय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मौजूदा सांसद गोपाल शेट्टी, मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार और आरपीआई प्रमुख व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले पीयूष गोयल के साथ थे। इस अवसर पर भाजपा ने 'पदयात्रा' निकालकर बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदर्शन किया, जिसमें भाजपा, शिवसेना, एनसीपी और आरपीआई के पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और भाजपा विधायक योगेश सावंत और अतुल भातखलकर भी मौजूद थे।

## पन्नू साजिश मामले पर अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को भारत ने बताया निराधार

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका में एक मीडिया आउटलेट द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की कथित साजिश से जुड़े गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाए गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, यह रिपोर्ट एक गंभीर मामले पर अनुचित और निराधार आरोप लगाती है। उन्होंने कहा, संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य के बारे में अमेरिकी सरकार द्वारा शेयर की गई सुरक्षा चिंताओं की पड़ताल के लिए भारत सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति की जांच चल रही है। ऐसे में इस प्रकार की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां उचित नहीं हैं।

## श्रीलंकाई समुद्री डाकुओं ने तमिलनाडु के मछुआरों पर किया हमला

**चेन्नई।** श्रीलंकाई समुद्री डाकुओं ने तमिलनाडु के नागापट्टिनम के मछुआरों के एक समूह पर बीच समुद्र में हमला बोल दिया। डाकुओं ने मछुआरों के साथ जमकर लूटपाट की। हमले में एक मछुआरा मुरुगन घायल हो गया और उसे नागपट्टिनम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हमला नागापट्टिनम तट से 15 समुद्री मील दूर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास भारतीय समुद्री सीमा के भीतर हुआ। तमिलनाडु तटीय पुलिस ने कहा कि समुद्री लुटेरों ने नाव से वॉकी-टॉकी और जीपीएस लूट लिए। नागापट्टिनम मछुआरा संघ के नेता आर. एंटनी जॉनसन ने कहा कि समुद्री डाकू श्रीलंका से थे। जॉनसन ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "समुद्र के बीच में लगातार हमारा पीछा किया जा रहा है और हमला किया जा रहा है। चाहे वह समुद्री डाकुओं का हमला हो या श्रीलंकाई नौसेना के मछुआरों द्वारा मशीनीकृत नौकाओं को पकड़ना या जब्त करना।



## आठवीं लेजर रन फेडरेशन प्रतियोगिता में
# 9 स्वर्ण 7 रजत 8 कांस्य के साथ झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन

**रांची।** मॉडर्न पेंटाथलॉन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित आठवीं लेजर रन प्रतियोगिता 2024 का आयोजन अमरावती स्टेडियम में 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक हुई थी। इस प्रतियोगिता में झारखंड दल ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए, आठवीं लेजर रन फेडरेशन प्रतियोगिता 2024 5 स्वर्ण 5 रजत 4 कांस्य जीते वहीं ग्लोबल रन प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण 2 रजत 4 कांस्य जीते और इसके साथ कुल पदक 9 स्वर्ण 7 रजत 8 कांस्य पदक लेकर झारखंड ओवरऑल चैंपियन बना।



### आठवीं लेजर रन नेशनल चैंपियनशिप 2024 का परिणाम

**6 गोल्ड मेडल**
- सौरभ कुमार महतो
- प्रियांशु राज
- तनु कुमारी
- किरण कुमारी
- श्रेया राज
- मिनाक्षी कुमारी

**5 सिल्वर मेडल-**
- अभिषेक कुमार हजारी
- बिट्टू कुमार यादव
- अंश किशन कुमार
- सार्थक कुमार,
- अनुष्का कुमारी

**4 कांस्य पदक**
- विराट कुमार राय
- आंच कुमार महतो
- रिया कुमारी
- रिया कुमारी

### ग्लोबल लेजर रन सिटी टूर का परिणाम

**3 गोल्ड मेडल**
- श्रेया राज
- किरण कुमारी
- रिया कुमारी

**2 सिल्वर मेडल**
- अनन्या कुमारी
- अनु कुमारी

**4 ब्रॉज मेडल**
- बिट्टू कुमार यादव
- अभिषेक कुमार
- तनु कुमारी
- विराट कुमार राय

**इस ऑफर पर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षक शिवा कुमार महतो, तकनीकी अधिकारी अभिषेक कुमार व मैनेजर जयराम भगताए टीम के सभी सदस्यों को मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव शैलेंद्र पाठक एवं झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉक्टर मधुकांत पाठक कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुब पाकुड़ जिला संघ के रणवीर सिंह धनबाद जिला संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।**

# पंजाब के खिलाफ सीएसके की नजर बेहतर प्रदर्शन पर



**चेन्नई।** प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बुधवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सुपरकिंग्स के नौ मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान हैं और गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी। गत चैंपियन सुपरकिंग्स की चिंता हालांकि बढ़ गई है क्योंकि पंजाब किंग्स की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रन के टी20 क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के बाद इस मुकाबले में उतर रही है। पंजाब किंग्स के नौ मैच में छह अंक हैं। चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया। चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं।

गायकवाड़ ने अपनी पिछली दो पारियों में 108 और 98 रन बनाए हैं और न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने भी हैदराबाद के खिलाफ 32 गेंद में 52 रन बनाकर सही समय पर लय हासिल कर ली है। हालांकि सुपरकिंग्स के बल्लेबाजी क्रम में असली तूफान शिवम दुबे हैं जिन्होंने इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आते हुए विपक्षी गेंदबाजों को धराशायी किया है। स्पिन के खिलाफ अच्छा खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज दुबे ने मौजूदा सत्र में अब तक गेंदबाजों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करके अपनी बल्लेबाजी में एक और आयाम जोड़ दिया है। दुबे ने अब तक 350 रन बनाए हैं जो गायकवाड़ के 447 रन के बाद सुपरकिंग्स के दूसरे सर्वाधिक रन हैं। उन्होंने ये रन 172.41 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं और इस मामले में टीम में महेंद्र सिंह धोनी (259.45) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

## टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम की घोषणा
# रोहित को कप्तानी, हार्दिक बने उप-कप्तान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीसीसीआई ने एक जून से वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आगामी आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए की 15 सदस्यीय घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा टीम की अगुवाई करते हुए नजर आएंगे जबकि हार्दिक पांड्या को उप-कप्तान बनाया गया है। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत 05 जून 2024 को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद 09 जून 2024 को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा। टीम में विराट कोहली के साथ यशस्वी जायसवाल को जगह मिली है। सूर्यकुमार यादव की भी टीम में वापसी हुई है। इसी के साथ ही विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन दोनों को टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर के रूप में शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल नजर आएंगे। गेंदबाजों में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल की जोड़ी एक बार फिर मैदान पर दिखाई देगी जबकि प्रभावी अर्शधीप सिंह को मौका दिया गया है। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज भी नजर आएंगे। टीम में मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिली है क्योंकि वह रिकवरी पर हैं। इसके अलावा शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रिजर्व के तौर पर रखा गया है।



### टी20 विश्व कप 2024 टीम के सदस्य

**रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।**

**रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान**

### टी20 विश्व कप 2024 में भारत का शेड्यूल

- **05 जून :** भारत बनाम आयरलैंड, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क
- **09 जून :** भारत बनाम पाकिस्तान, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क
- **12 जून :** यूएसए बनाम भारत, नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क
- **15 जून :** भारत बनाम कनाडा, सेंट्रल ब्रोवार्ड पार्क एंड ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल

# रोलर स्केटिंग में हर्ष राज खलखो ने झारखंड को दिलाया स्वर्ण पदक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हर्ष राज खलखो ने रोलर स्केटिंग महासंघ की ओर से अमृतसर में आयोजित 5वीं रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2024 में राज्य को गोल्ड मेडल दिलाया है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों तथा केंद्र-शासित प्रदेशों से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हर्ष राज खलखो झारखंड के उन स्केटर में से हैं, जिन्होंने पांच से सात वर्ष के आयु समूह में बेहतर प्रदर्शन किया है। पांच सौ मीटर में रजत पदक के अलावा अपने दूसरे इवेंट 200 मीटर में स्वर्ण पदक जीत कर झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष विकास सिंह, कोषाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता, सचिव सुमित शर्मा, संरक्षक अजित खेस और अभिषेक सिंह राठौर एवं रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सभी सदस्यों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हर्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# नडाल ने कड़े मुकाबले में केचिन को हराया स्वियातेक क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**मैड्रिड :** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में तीन घंटे से अधिक चले कड़े मुकाबले में पेड्रो केचिन को तीन सेट में शिकस्त दी। नडाल ने दुनिया के 91वें नंबर के खिलाड़ी केचिन को पुरुष एकल मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-3 से हराया। पांच बार के चैंपियन नडाल ने इस जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नडाल अगले दौर में 31वें नंबर के खिलाड़ी जिरी लेहेका से भिड़ेंगे। शीर्ष वरीय यानिक सिनर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाने के बावजूद पावेल कोतोव को 6-2, 7-5 से हराने में सफल रहे। वह प्री क्वार्टर फाइनल में 16वें वरीय कारेन खचानोव से भिड़ेंगे। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव हार से सिर्फ दो अंक दूर थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सबेस्टियन कोर्डा को 5-7, 7-6, 6-3 से हरा दिया जबकि पांचवें वरीय कास्पर रूड ने कैमरन नोरी को 6-2, 6-4 से हराया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## वित्तवर्ष 2024 में अदाणी टोटल गैस का मुनाफा 27 फीसदी बढ़ा

**अहमदाबाद।** प्रमुख सिटी गैस वितरण कंपनी अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने मंगलवार को वित्तवर्ष 2024 में 1,150 करोड़ रुपये के ईबीआईटीडीए की घोषणा की, जो कर के बाद समेकित लाभ (पीएटी) के साथ 668 करोड़ रुपये पर 27 फीसदी (साल-दर-साल) बढ़ गया, जो पिछले वित्तवर्ष की तुलना में 22 फीसदी ज्यादा है। कंपनी ने एक बयान में कहा, परिचालन से राजस्व 4,813 करोड़ रुपये था, वित्तवर्ष 24 में कुल मात्रा 15 फीसदी और वित्तवर्ष 24 की चौथी तिमाही (वर्ष-दर-वर्ष) में 20 फीसदी बढ़ गई। अदाणी टोटल गैस के ईडी और सीईओ सुरेश पी. मंगलानी ने कहा, वित्तवर्ष 2024 एटीजीएल के लिए एक परिवर्तनकारी वर्ष रहा है। हमने एक मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन किया और 15 फीसदी वॉल्यूम ग्रोथ के दम पर सालाना आधार पर 27 फीसदी ईबीआईटीडीए वृद्धि हासिल की। पीएनजी घरों की संख्या बढ़कर 8.20 लाख हो जाने से सीएनजी नेटवर्क बढ़कर 547 स्टेशनों तक पहुंच गया, जिससे पिछले वित्तवर्ष में 1.16 लाख नए घरों को पीएनजी से जोड़ा गया। कई भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में नेटवर्क विस्तार के कारण अकेले सीएनजी की मात्रा में 21 फीसदी (साल दर साल) की वृद्धि हुई। औद्योगिक और वाणिज्यिक कनेक्शन बढ़कर 8,331 हो गए, जिससे 896 नए उपभोक्ता जुड़े। मंगलानी ने कहा, हम भारत की ऊर्जा परिवर्तन यात्रा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और अपने जीए में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण और हमारे मुख्य सीजीडी व्यवसाय से सटे क्षेत्रों में विविधता लाने में निवेश करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, तिमाही के दौरान हमने मथुरा के बरसाना में भारत के सबसे बड़े विविध फीडस्टॉक-टू-सीबीजी संयंत्रों में से एक के पहले चरण को चालू किया और 23 राज्यों में अपनी ई-मोबिलिटी का विस्तार भी किया। कंपनी ने कहा कि 14 राज्यों में 606 ईवी चार्जिंग पॉइंट चालू किए गए हैं और 1,040 से अधिक अतिरिक्त ईवी चार्जिंग पॉइंट निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। कंपनी 33 भौगोलिक क्षेत्रों में अधिकृत है और देश के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एटीजीएल ने दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों-अदाणी टोटलएनर्जीज ई-मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) और अदाणी टोटलएनर्जीज बायोमास लिमिटेड (एटीबीएल) का गठन किया है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने अश्नीर ग्रोवर को भारतपे शेयरों में थर्ड पार्टी राइट बनाने से रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को भारतपे के पूर्व प्रबंध निदेशक अश्नीर ग्रोवर के खिलाफ एक निरोधक आदेश जारी किया, जिससे फिनटेक कंपनी के सह-संस्थापक, भाविक कोलाडिया द्वारा उन्हें हस्तांतरित 16,110 शेयरों में किसी भी तीसरे पक्ष के हित या अधिकार बनाने से रोक दिया गया। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने ग्रोवर के खिलाफ चल रहे मुकदमे के तहत कोलाडिया द्वारा दायर एक अंतरिम आवेदन के जवाब में जारी किया था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रोवर को कानूनी कार्यवाही के समापन तक शेयरों से संबंधित कोई भी तीसरे पक्ष की व्यवस्था करने से बचना चाहिए। ग्रोवर 2017 में सह-संस्थापक कोलाडिया और शाश्वत नाकरानी के भारतपे में शामिल हुए, 2018 में तीसरे सह-संस्थापक के रूप में उन्?होंने पिछले साल सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह इन शेयरों में किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करेंगे। यह घटनाक्रम इस साल की शुरूआत में नकरानी द्वारा दायर एक मुकदमे की त्वरित सुनवाई के लिए एक डिवीजन बेंच के आदेश का पालन करता है, जिसमें ग्रोवर को उनसे खरीदे गए अवैतनिक शेयरों में किसी तीसरे पक्ष के अधिकार को अलग करने, स्थानांतरित करने या बनाने से रोकने की मांग की गई थी। इससे पहले, एकल न्यायाधीश पीठ ने मुकदमे में अंतरिम आवेदन को खारिज करते हुए ग्रोवर को अवैतनिक शेयरों में तीसरे पक्ष के अधिकार बनाने से रोकने के नाकरानी के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। इस साल मार्च में उच्च न्यायालय ने एक आदेश जारी कर ग्रोवर को फिनटेक कंपनी, उसके पदाधिकारियों या अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक और अपमानजनक बयान देने से रोक दिया था।


# ऋण पर अतिरिक्त ब्याज वसूलना करें बंद : आरबीआई

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को बैंकों और एनबीएफसी को निर्देश दिया कि वे ग्राहकों से वसूले जाने वाले ब्याज के मामले में निष्पक्ष और पारदर्शी हों। आरबीआई ने बैंकों से अपने कार्यों की समीक्षा करने को कहा गया। आरबीआई ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जहां ऋण पर तय सीमा से अधिक ब्याज लिया गया।

आरबीआई ने अपने सर्कुलर में बताया है कि 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए विनियमित संस्थाओं (बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों) की ऑनसाइट जांच के दौरान, ऋणदाताओं द्वारा शुल्क वसूलने में कुछ अनुचित प्रथाओं का सहारा लेने के उदाहरण सामने आए।

आरबीआई ने सर्कुलर में कहा, इसलिए, निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए सभी विनियमित संस्थाओं को निर्देश दिया जाता है कि वे ऋण वितरण के तरीके, ब्याज के आवेदन और अन्य शुल्कों के संबंध में अपनी प्रथाओं की समीक्षा करें और सिस्टम स्तर पर बदलाव सहित सुधारात्मक कार्रवाई करें।



**आरबीआई द्वारा देखी गई कुछ अनुचित प्रथाएं इस प्रकार हैं :**

ऋण की मंजूरी की तारीख या ऋण समझौते के निष्पादन की तारीख से ब्याज लगाना, न कि ग्राहक को धनराशि के वास्तविक वितरण की तारीख से। इसी प्रकार, चेक द्वारा वितरित ऋण के मामले में, ऐसे उदाहरण देखे गए, जहां चेक की तारीख से ब्याज लिया गया, जबकि चेक कई दिनों बाद ग्राहक को सौंपा गया। महीने के दौरान ऋण के वितरण या पुनर्भुगतान के मामले में, कुछ बैंक केवल उस अवधि के लिए ब्याज नहीं ले रहे थे, जिसके लिए ऋण बकाया था। कुछ मामलों में, यह देखा गया कि बैंक एक या अधिक किस्तें पहले ही वसूल कर रहे थे, लेकिन ब्याज वसूलने के लिए ऋण की पूरी राशि की गणना कर रहे थे। आरबीआई ने कहा कि ब्याज वसूलने की ये और ऐसी अन्य गैर-मानक प्रथाएं, जो ग्राहकों के साथ व्यवहार करते समय निष्पक्षता और पारदर्शिता की भावना के अनुरूप नहीं हैं, गंभीर चिंता का कारण है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जहां भी ऐसी प्रथाएं सामने आई हैं, आरबीआई ने उन बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों को ग्राहकों को इस तरह के अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क वापस करने की सलाह दी है। आरबीआई ने कहा कि कुछ मामलों में ऋण वितरण के लिए जारी किए गए चेक के बदले ऋणदाताओं को खाते में ऑनलाइन हस्तांतरण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## एलन मस्क ने टेस्ला के वरिष्ठ कर्मचारियों को किया बर्खास्त

**नई दिल्ली।** इस महीने छंटनी के बाद एलन मस्क अपनी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला में और अधिक लोगों को नौकरी से निकाल रहे हैं। छंटनी से कंपनी के ग्लोबल कार्यबल का 10 प्रतिशत प्रभावित हुआ है। एलन मस्क ने पिछले हफ्ते कहा था कि टेस्ला को पुनर्गठित करने का समय आ गया है। इलेक्ट्रिक कार कंपनी ने इस साल जनवरी-मार्च अवधि में 1.13 बिलियन डॉलर का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो एक साल पहले के 2.51 बिलियन डॉलर से 55 प्रतिशत कम है। द इंफॉर्मेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क अपनी वरिष्ठ प्रबंधन टीम को कम कर रहे हैं और सैकड़ों अन्य कर्मचारियों की छंटनी कर रहे हैं। एलन मस्क द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे गए एक ईमेल के अनुसार, टेस्ला के सुपरचार्जर समूह के वरिष्ठ निदेशक रेबेका टिनुची और नए उत्पादों के प्रमुख डैनियल हो कंपनी छोड़ रहे हैं। उन्होंने ने लिखा, हमें कर्मचारियों की संख्या और लागत में कमी के बारे में बिल्कुल कट्टर होने की जरूरत है। एलन मस्क ने अभी तक रिपोर्ट पर आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

# 6 हजार में फ्लिपकार्ट पर मिल रहा 24 इंच का स्मार्ट टीवी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्लाउपंक्ट फ्लिपकार्ट के बिग सेविंग डेज सेल के दौरान अपनी स्मार्ट टीवी की विभिन्न प्रकारों पर महत्वपूर्ण छूट प्रदान करने के लिए तैयार है। 2 मई से 9 मई, 2024 तक, ग्राहक क्रेडिट कार्ड या ईएमआई संचालन का उपयोग करते हुए ब्लाउपंक्ट स्मार्ट टीवी पर उदार छूट की उम्मीद कर सकते हैं। यह रोमांचक प्रोधन ब्लाउपंक्ट के ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। छूटप्राप्त स्मार्ट टीवी की कीमत आकर्षक कीमत 21,999 रुपये से प्रारंभ होगी। बिक्री अवधि के दौरान इन विशेष सौदों को न छोड़ें। फ्लिपकार्ट प्लस सदस्यों के लिए, खुशी मनाने का और भी अधिक कारण है। उन्हें बिग सेविंग डेज सेल के लिए पहले पहुंच मिलेगी, जिससे वे इन अविश्वसनीय सौदों को पाने में पहले ही आगे बढ़ सकें। गैर-प्लस सदस्यों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इस इवेंट के दौरान बिक्री कीमतें सभी खरीदारों के लिए लाइव होंगी। मुख्य उत्पादों में ब्लाउपंक्ट का 108 सेमी (43 इंच) क्वांटम डॉट सीरीज 4ङ अल्ट्रा एचडी क्यूएलईडी गूगल टीवी शामिल है, जो विविधता भरे रंगों और उच्च चमक के साथ जीवांकित दृश्य प्रदान करता है। इसका स्लीक डिजाइन और सुगम गूगल टीवी प्लेटफॉर्म आपको विभिन्न स्ट्रीमिंग सेवाओं और ऐप्स तक आसान पहुंच प्रदान करता है। यह मॉडल बिक्री के दौरान फ्लिपकार्ट पर केवल 21,999 रुपये/- में उपलब्ध है। अतिरिक्त रूप से, ग्राहक ब्लाउपंक्ट 139 सेमी (55 इंच) क्वांटम डॉट सीरीज 4ङ अल्ट्रा एचडी क्यूएलईडी गूगल टीवी 55QD7020 (काला) के साथ अपने देखने का अनुभव ऊँचा कर सकते हैं, जिसकी कीमत केवल 33,999 रुपये/- है। यह टीवी विशाल 55 इंच की स्क्रीन, क्वांटम डॉट टेक्नोलॉजी, और 4ङ अल्ट्रा एचडी रेजोल्यूशन के साथ शानदार दृश्य और अत्याधिक विवरण प्रदान करता है। गूगल टीवी के माध्यम से मनोरंजन की दुनिया आसानी से पहुंचने के लिए और गूगल असिस्टेंट के द्वारा टीवी को आसानी से नियंत्रित करने की सुविधा प्रदान करता है।

ब्लाउपंक्ट क्यूएलईडी विथ गूगल टीवी के साथ घरेलू मनोरंजन का अंतिम अनुभव करें।

# 5 Gboard टिप्स और ट्रिक्स जो आसान बनाते हैं टाइपिंग को

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जिसे Google कीबोर्ड के नाम से भी जाना जाता है। यह Adroid और XOS दोनों यूजर्स द्वारा उपयोग किए जाने वाले सबसे लोकप्रिय कीबोर्ड ऐप में से एक है। फीचर-पैक वर्चुअल कीबोर्ड कई कार्यक्षमताएं प्रदान करता है जो टाइप करना और काम करना आसान बनाता है। वन-हैंडेड मोड से लेकर कस्टम इमोजी भेजने तक, मोबाइल और टैबलेट पर आपके टाइपिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए यहां पांच टिप्स दी गई हैं, जो आपके बेहद काम आ सकती है।



**एक-हाथ वाले मोड का उपयोग करें** स्मार्टफोन एक ऐसे बिंदु पर आ गए हैं जहां आपको संदेश भेजने के लिए डिवाइस को दोनों हाथों से पकड़ना होगा।

कभी-कभी, आप सोच रहे होंगे कि कीबोर्ड को छोटा कैसे बनाया जाए ताकि आप डिवाइस को एक हाथ में पकड़कर आसानी से टाइप कर सकें। Gboard में वन-हैंडेड मोड को सक्षम करने के लिए, आपको बस अल्पविराम बटन को लंबे समय तक दबाना होगा, और दिखाई देने वाले फ़्लोटिंग मेनू से, बाईं ओर स्वाइप करें और वन-हैंडेड मोड विकल्प चुनें। ऐसा करने से कीबोर्ड छोटा हो जाएगा, जिससे एक हाथ से टाइप करना आरामदायक हो जाएगा। यदि आप एक-हाथ वाले मोड का आकार बदलना चाहते हैं और जीबोर्ड को बड़ा या छोटा करना चाहते हैं, तो विस्तार बटन पर टैप करें या तीर बटन को टैप करके इसे स्क्रीन के बाईं या दाईं ओर ले जाएं।

# कश्मीर से कन्याकुमारी तक का सफर करने वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर हुई लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में एक और फैमिली इलेक्ट्रिक स्कूटर की एंट्री हो गई है। इस बार ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी धांसू प्रोडक्ट एम्पियर नेक्सस लॉन्च किया है। बीते लंबे समय से इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की भारतीय सड़कों पर टेस्टिंग हो रही थी और इस दौरान एम्पियर नेक्सस ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक का सफर पूरा किया। 10 हजार किलोमीटर तक रोड टेस्टिंग के बाद ग्रीव्स इलेक्ट्रिक ने अपना पहला हाई परफॉर्मेंस फैमिली स्कूटर एम्पियर नेक्सस लॉन्च किया, जिसकी एक्स शोरूम प्राइस 1,09,900 रुपये है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर को भारत में ही डिजाइन, डेवलप और मैन्युफैक्चर किया गया है और कंपनी के दावे के मुताबिक इसमें बेस्ट इन क्लास टेक्नॉलजी और फीचर्स मिलते हैं। एम्पियर नेक्सस इलेक्ट्रिक स्कूटर में बेस्ट-इन-क्लास हाइब्रिड स्विंग आर्म और ट्विन सस्पेंशन, यूनिक एयर कूल आर्किटेक्चर वाला बेस्ट-इन-क्लास एयरोडायनैमिक्स, Nex.Armor से लैस पावरफुल डिजाइन और मजबूत चेसिस, स्मार्टसेंस टेक्नॉलजी से लैस 7 इंच की टीएफटी टचस्क्रीन, डायमंड कट हेडलैंप, आर्कटिक टर्न इंस्पायर्ड टेललैंप्स, लाइटवेट अल्यूमिनियम ग्रैब हैंडल से लैस बड़ी सीट समेत कई और बाहरी खूबियां दिखती हैं।



एम्पियर नेक्सस को जंसकर एक्वा, इंडियन रेड, लुनार वाइट और स्टील ग्रे जैसे 4 आकर्षक कलर ऑप्शन में पेश किया गया है। इस इलेक्ट्रिक स्कूटर में 3 'हँ की एलएफपी बैटरी लगी है, जिसकी कंपनी के दावे के अनुसार 30 पर्सेंट एक्स्ट्रा बैटरी लाइफ है। इसका इलेक्ट्रिक मोटर 4kW की पीक पावर जेनरेट करता है।

# सांइस में अमित, कॉमर्स में सौरव और आर्ट्स में खुशी पलामू जिला टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर** पलामू जिले में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 (12वीं) का मंगलवार को जारी परीक्षा परिणाम में पलामू जिले से साइंस में 80.80%, कॉमर्स में 90.27% और कला संकाय में 81.94% छात्र-छात्राओं ने सफलता पाई है। हालांकि पिछले साल की तुलना में साइंस में 10.3 फीसदी और कला संकाय में 10.25 प्रतिशत कम रिजल्ट हुआ है। दूसरी तरफ कॉमर्स में पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 1.35 प्रतिशत अधिक छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। सांइस में अमित कुमार मेहता, कॉमर्स में सौरव कुमार जबकि आर्ट्स में खुशी कुमारी पलामू जिला टॉपर बने हैं। साइंस में जिला टॉप-10 में जिला मुख्यालय के एक भी विद्यार्थी नहीं : साइंस में इस वर्ष पलामू जिला राज्य में छठे स्थान पर रहा जबकि पिछले साल-2023 में 91.10 प्रतिशत विद्यार्थी सफलता अर्जित कर राज्य में साइंस संकाय में पलामू का स्थान चौथा था। कॉमर्स संकाय में पिछले साल की तुलना में इस वर्ष का परिणाम कुछ सुधरा है, परंतु राज्य में पलामू का स्थान 14वां स्थान रहा। साइंस में शहरी क्षेत्र के एक भी स्कूल जिला टॉप टेन में कोई स्थान नहीं बना सका है। कला में मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के दो और कॉमर्स में जेसए कॉलेज के चार छात्र-छात्राओं ने जिला टॉप टेन में अपना स्थान बनाया है।

## सिद्रा परवीन बनी इंटर संकाय की स्कूल टॉपर

**हुसैनाबाद।** राजकीयकृत + 2 हाईस्कूल हैदरनगर में मंगलवार को इंटर के तीनों संकाय के बेहतर परीक्षा परिणाम मिलने से परीक्षार्थी व अभिवावकों सहित समस्त विद्यालय परिवार में उत्साह है। प्राचार्या गंगा अग्रवाल ने बताया कि इस स्कूल से इंटर संकाय में सिद्रा परवीन ने 89. 8 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम श्रेणी में स्कूल टॉपर बनी है। जबकि फैजर रहमान द्वितीय व अदिती कुमारी ने तृतीय स्थान लाई है। वहीं कला संकाय में सिंपी कुमारी ने 62. 2 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम श्रेणी से स्कूल टॉपर बनी है। जबकि रीशिका कुमारी द्वितीय व गुड्डी कुमारी ने तृतीय स्थान लाई है। वाणिज्य संकाय में दानिश खान ने 72. 2 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम श्रेणी से स्कूल टॉपर बनी है। जबकि साबरीन कौशर द्वितीय व रेहान अंसारी ने तृतीय स्थान लाई है।

## पलामू टॉप टेन में हुसैनाबाद के छह ने जगह बनाई

**हुसैनाबाद।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा इंटरमीडिएट की विज्ञान वार्षिक परीक्षा-2024 में हुसैनाबाद क्षेत्र के बेहतर परिणाम रहा। क्षेत्र के कई विद्यार्थियों ने पलामू टॉप टेन में स्थान लाकर नाम रौशन किया है। जिसमे महेंद्र प्रसाद महत के पुत्र मनीष कुमार ने - 467 व रामप्रवेश शर्मा के पुत्र आशुतोष शर्मा ने 462 अंक लाकर पलामू टॉप -10 में क्रमशः दूसरा व चौथा स्थान प्राप्त किया है। दोनों शहीद भगत सिंग इंटर महाविद्यालय के छात्र हैं।वही प्लस -2 बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद की चार छात्राओं ने पलामू टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया है। जिसमें अनिल यादव की पुत्री नेहा कुमारी-460, निर्मल कुमारी की पुत्री निशा रानी- 457, ललन मेहता की पुत्री खुशबू कुमारी -456, अनूप कुमार सिंह की पुत्री खुशी कुमारी-454 अंक का नाम शामिल है। निशा रानी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार की पुत्री है। उसके पिता व माता संगीता देवी ने बताया कि वह शुरू से ही अपने कार्यो के प्रति सजग रही है। दशवी बोर्ड में भी उसने 96 प्रतिशत अंक अर्जित किया था। अपने सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को देते हुए निशा ने बताया कि डॉक्टर बनकर गरीब गुरबों की सेवा करना मेरा लक्ष्य है। उसने कहा कि परिश्रम कभी बेकार नही जाती। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर एसबीएस महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 संजय कुमार सिंह, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम प्रकाश सिंह, प्रो. मुन्ना सिंह, जुबैर अंसारी, राजेश गुप्ता, सुनील कुमार, कन्हैया प्रसाद, अंगद प्रसाद समेत कई प्रबुद्ध लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## एक नजर

### ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के डाला कला गांव के पास मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पांडू डाला कला गांव निवासी राजाराम यादव के पुत्र लल्लू यादव उम्र 25 वर्ष, गढ़वा मझिगावा निवासी जय किशोर मेहता उम्र 22 वर्ष और विकाश कुमार उम्र 18 वर्ष का नाम शामिल है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी पांडू थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हुई मौत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी उदय पासवान की 21 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी ने मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत हो गई। बताया जाता हैं कि गंभीर हालत में परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जाता हैं कि घरेलू बात को लेकर वह काफी तनाव में रह रही थीं। सोमवार को इसी से गुस्साए युवती ने जहरीला पदार्थ खा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### पति-पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी ने खाई जहर, सदर में भर्ती

**गढ़वा।** पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के छिपा दोहर गांव निवासी गंगा यादव की पत्नी राजमती देवी कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि आपसी घरेलू किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आपस में विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर राजमती देवी ने आक्रोशित होकर कीटनाशक खा ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों के द्वारा उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## 18 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर** चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा गांव निवासी रफीक अंसारी की पुत्री रानी खातून उम्र 18 वर्ष सोमवार की शाम परिवारिक विवाद में घर में फांसी लगा ली। जिसमे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल को इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में देर रात उसकी मौत हो गई। वही इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम रानी खातून को अपने घर में किसी बात को लेकर परिजनों से झगड़ा हो गया।

## असामाजिक तत्वों ने शादी में की मारपीट



**नवीन मेल संवाददाता। मोहम्मदगंज** थाना अंतर्गत बरडंडा पंचायत के नवकाटोला गांव के हंसराज रजवार की बेटी की शादी होना था। बारात पहुंची तो परिजनों ने बरातियों को नाश्ता पानी देने लगे। इसी बीच बगल गांव पांती के कुछ असमाजिक तत्व शराब के नशे में धुत होकर बराती के साथ मारपीट करने लगे। जहां उपस्थित सभी बाराती रात में ही अपना जान बचाकर भाग गए। असमाजिक तत्वों ने लड़की को शादी में देने के लिए लाए बक्शा सहित सभी समान को बर्बाद कर दिया। बारात हैदर नगर थाना क्षेत्र के निमियां गांव निवासी बटेश्वर रजवार व लड़का के बहनोई विकास रजवार को जम कर लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में किया गया। इस संबंध में लड़की के पिता हंसराज रजवार द्वारा मोहम्मद गंज थाना को सुचना दी गई।

## न्यूज बॉक्स

### लिलिपुट प्ले स्कूल में बच्चों को मतदान के विषय में बताया गया



लिलिपुट प्ले स्कूल में बच्चों को एक प्रक्रिया के माध्यम से मतदान के विषय में बताया गया। इस गतिविधि में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस गतिविधि के द्वारा बच्चों को भी यह मैसेज दिया गया कि वह घर जाकर अपने माता-पिता और बड़ों को बोले कि आपको जरूर वोट देना चाहिए। स्कूल की प्रधानाचार्य रेणु गोयल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के द्वारा चुनाव संपन्न करवाकर बच्चों को खेल-खेल में चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई है। इस जानकारी में उन्होंने यह भी बताया कि वोट हर व्यक्ति को जरूर देना चाहिए।

### बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज में नामांकन पर किया गया विचार विमर्श



**सतबरवा ।** सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में मंगलवार को प्राचार्य अजय प्रसाद के अध्यक्षता में शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में सत्र 2024 -26 इंटरमीडिएट कला , विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन हेतु विचार विमर्श किया गया। वहीं प्राचार्य अजय प्रसाद ने बताया कि तीनों संकायों में नामांकन हेतु 2 मई से नामांकन फार्म का वितरण किया जाएगा तथा प्राविटी के आधार पर वरीयता दी जाएगी ।

### ट्रांसफार्मर को जलने से बचाया, लोगों को मिली राहत

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के भट्ठी मुहल्ला स्थित बिजली के ट्रांसफॉर्मर में बीती रात्रि आग लग गयी। आग लगने की घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने मंगलवार की अहले सुबह करीब 3 बजे हुसैनाबाद के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार को दी। ततपश्चात नपं अध्यक्ष स्थल पर पहुंच कर बिजली विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों को ट्रांसफॉर्मर में आग लगने की सूचना देने के बाद बिजली विभाग ने बिजली सप्लाई बंद करा दिया और मौके पर पहुंच कर ट्रांसफॉर्मर में लगे आग को बुझाकर ट्रांसफॉर्मर को ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल कराया गया।इससे मोहल्लों वालों ने भीषण गर्मी में राहत की सांस ली है।

## हत्या के आरोपी पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति तसलीम अंसारी को 10 बर्ष की सश्रम कारावास की सजा सजा सुनाई है ।सतबरवा थाना के झाबर गांव निवासी शहीदा बीबी ने मृतिका के पति, ससुर, सास, गोतनी, व भसुर के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में कांड संख्या 49 / 2021 दिनांक17 / 6/2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी / 34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाई थी कि मैं अपनी पुत्री नाजिया खातून की शादी पांच बर्ष पूर्व तस्लीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी।

## पेड़ से गिर 10 वर्षीय बच्चा घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बूढ़ीबीर गांव निवासी बच्चन साव के पुत्र पप्पू साव उम्र 10 वर्ष सोमवार की शाम पेड़ से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में घायल के पिता बच्चन साव ने बताया की सोमवार की दोपहर पप्पू अपने गांव के कुछ बच्चो के साथ पास के खेत में पियार के पेड़ पर पियार के पेड़ से फल तोड़ने गया था।इस बीच फल तोड़ने के क्रम में पेड़ से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसके साथ के बच्चो ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी।

## पिपरा पुलिस ने 46 बछड़ा को किया बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरगंज** पिपरा पुलिस ने रविवार की रात भीतिहा मोड़ के समीप से तस्करी कर ले जाया जा रहे 46 बछड़ा को बरामद किया है. इस संबंध में थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि पशु तस्करों द्वारा बछड़ा को ले जाने की सूचना मिली थी. इस पर एसआई नकुल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए भीतिहा मोड़ से बछड़ों को बरामद किया। हालांकि तस्कर पुलिस को देख भाग गए. इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गयी है।

## पेज एक के शेष

### जैक बारहवीं बोर्ड तीनों संकाय ...

संयुक्त रूप इंटर बोर्ड का रिजल्ट जारी किए। शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने बताया कि परीक्षा पैटर्न में बदलाव होने की वजह से रिजल्ट में गिरावट आयी है। साथ ही बताया कि फिजिक्स और केमेस्ट्री में रिजल्ट संतोषजनक नहीं रहा। इस साल 03 लाख 44 हजार परीक्षार्थी 12वीं बोर्ड की परीक्षा में बैठे थे। इनमें साइंस के 94,433, कॉमर्स के 25,907 और आर्ट्स के 2,24,502 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 72.70 फीसदी पास हुए हैं। जैक 12वीं बोर्ड की परीक्षा छह से 26 फरवरी तक दूसरी पाली में आयोजित की गयी थी जबकि 27 फरवरी से पांच मार्च तक प्रैक्टिकल एग्जाम हुआ था। बोर्ड परीक्षा को लेकर कुल 740 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे।

**19 अप्रैल को आया था दसवीं का परिणाम :** जैक ने इससे पहले 19 अप्रैल को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी किया था। मैट्रिक की परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की थी। साल 2024 में 4,21,687 (1,91,262 छात्र और 2,00,549 छात्राएं) छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था लेकिन 418623 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 3,38,398 (90.39 फीसदी) छात्र परीक्षा में पास हुए थे। इसमें 2,05,110 परीक्षार्थी (54.20 फीसदी) फर्स्ट डिवीजन, 1,53,733 (40.65 फीसदी) सेकेंड डिवीजन और 19,555 (5.17 फीसदी) थर्ड डिवीजन से उत्तीर्ण हुए थे।

### छग : नक्सलियों से ...

इससे पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के ग्राम टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों के बड़े कैडर की मौजूदगी है। सूचना के आधार पर सोमवार देर रात डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम को सर्चिंग अभियान के लिए रवाना किया गया था। जवान मंगलवार की सुबह जब टेकमेटा एवं काकूर के मध्य जंगल में पहुंचे तो यहां नक्सलियों ने उन्हें देखते ही फायर झोंक दिया। जवानों ने जवाबी कार्यवाही में 03 महिला नक्सली सहित कुल 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मारे गये 10 नक्सलियों के शव बरामद किये गय हैं, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने एक बार फिर नक्सलियों को बातचीत का प्रस्ताव दिया है। साथ ही अपील की है कि वह मुख्य धारा में वापस लौटें। उन्होंने कहा है कि जो भी नक्सली समर्पण करना चाहते हैं, वह वीडियो कॉल या मध्यस्थ के जरिए बात कर सकते हैं। विष्णु देव साय की सरकार उनके पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था करेगी।

### धनबाद से ढुल्लू व जमशेदपुर से...

सांसद संजय सेठ दो मई को नामांकन करेंगे। इधर, कोडरमा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के टिकट पर भाकपा माले विधायक विनोद सिंह एक मई को नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगे।

**मनीष जायसवाल आज करेंगे नामांकन :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार मनीष जायसवाल बुधवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व मनीष जायसवाल सुबह 11:00 बजे हजारीबाग शहर स्थित विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ अवस्थित अपने आवासीय परिसर से माता पिता का आशीर्वाद लेकर निकलेंगे। जिसके बाद महावीर स्थान चौक पर महावीर मंदिर में बजरंगी बली सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना करेंगे। समर्थकों संग पदयात्रा करते हुए झंडा चौक- भगत सिंह चौक - बंशीलाल चौक- बिरसा चौक होते हुए हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) पहुंचेंगे।

### कांग्रेस ने साठ साल तक...

लिए तरसने का ये पाप वर्षों से होता आ रहा है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले जब रिमोट कंट्रोल वाली सरकार चलती थी, तब महाराष्ट्र के कद्दावर नेता कृषि मंत्री थे। तब गन्ने का एफआरपी करीब 200 रुपये था और आज मोदी के सेवाकाल में गन्ने का एफआरपी करीब 350 रुपये है। प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत बनाने में देश की नारी शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। मोदी गांव की अपनी बहनों को सशक्त करने में जुटा है। बीते 10 वर्षों में हमारे प्रयासों से एक करोड़ बहनें लखपति दीदी बनी हैं। अब मोदी ने गारंटी दी है कि मैं 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाऊंगा। वहीं लातुर में कहा कि भ्रष्टाचारियों और आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने इस देश को लूटा है, उन्हें इसे देश को वापस लौटाना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को टुकड़ों में देखने वाले लोग देश को लूटना चाह रहे हैं। कांग्रेस ने देश को लूटने की बड़ी योजना बनाई है। कांग्रेस आपकी संपत्ति हड़पने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के परिवारों ने अपने बच्चों के लिए देश में बहुत कुछ लूटा है।

## मोदी की 4 मई की डालटनगंज की यात्रा को लेकर तैयारी शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 4 मई की डालटनगंज की प्रस्तावित यात्रा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। चियानकी हवाई अड्डे की पूरी साफ सफाई की जा चुकी है। आज सवेरे से ही रांची से 12 ट्रकों पर हैंगर और कुर्सियां पहुंच चुकी है। हैंगर 3 बनेंगे, ये हैंगर टिकाऊ और मजबूत होते हैं। इस हैंगर पर तेज हवा, बारिश और ऑला का असर नहीं पड़ता है। जो कि यह अती विशिष्ट व्यक्ति जो भारत के प्रधानमंत्री हैं उनके आगमन के लिए है इसलिए यह 3 हैंगर वैज्ञानिक तरीके से लगाए जाने हैं।

इन 12 ट्रकों में चार ट्रक से 25000 लाल रंग की कुर्सियां आ गई है इसके अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्लाइडर भी लाया गया है। पुराने तौर तरीके से बांस की बलिया भी लगाई जानी है और 12 ट्रकों में से एक ट्रक पर बांस भी आ चुका है। यह सारी तैयारियां हैंगर बनाने की आज से शुरू हो चुकी है।

## बारात में नाच प्रोग्राम को लेकर बराती-घराती पक्षों में मारपीट

### दूल्हा समेत पांच बाराती घायल, बैरंग लौटी बारात



**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के हैदरनगर थाना क्षेत्र के सींघना गांव में सोमवार की रात आयोजित शादी समारोह में नाच प्रोग्राम को लेकर हुए विवाद में बाराती और सराती के बीच जमकर हुई मारपीट में दूल्हा समेत पांच बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में घायल दूल्हा राजू रजवार व लवकुश राजवार का इलाज निजी क्लीनिक में कराया गया। वहीं लड़के के पिता बटेश्वर रजवार, विकाश कुमार, तेजू रजवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जिसमें बटेश्वर रजवार, विकास कुमार, तेजू रजवार का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। वहीं राजु रजवार व लवकुश कुमार को मामूली चोट होने के कारण निजी क्लीनिक में उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

## सब्जी दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

**मेदिनीनगर।** शहर के बाजार क्षेत्र में लादीगढ़ कांप्लेक्स के सामने नसीम अहमद के सब्जी दुकान में सोमवार की रात आग लग गई। आग लगने के बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। इसके बाद दुकानदारों के द्वारा आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचकर लगी आग को बुझाया। घटना की जानकारी मिलने पर थाना टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर आग लगने की घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए थे।

## पलामू लोस प्रत्याशी वीडी राम के जीत के लिये आजसू ने रणनीति पर की चर्चा : सतीश



**नवीन मेल संवाददाता मेदिनीनगर** पलामू लोकसभा व चतरा लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिए आज आजसू पार्टी के लोक सभा प्रभारी सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में नेतृत्वकारी साथियो की बैठक की गयी। बैठक में सतीश कुमार ने कहा कि पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बी डी राम को अब तक के सभी चुनाव से रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने के लिए सभी प्रखंड प्रभारी प्रखंड अध्यक्ष सभी पंचायत समिति ग्राम समिति व चुल्हा प्रमुख हर घर में जाकर केन्द्र सरकार के जन उपयोगी योजना को बताना है। इन्डिया गठबन्धन के झुठ फरेब लुट भ्रष्टाचार को जनता को अवगत कराने है।केन्द्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी ने कहा कि हम झारखण्ड के 14 लोक सभा में भारी अन्तराल से जीत दर्ज कराने की तैयारी है। बिकेश शुक्ला केन्द्रीय सचिव ने कहा कि इन्डिया गठबन्धन मे आपस मे ही एकजुटता नही है। हमारी गठबन्धन को इसका भरपूर फायदा मिलने जा रहा है।बिजय मेहता केन्द्रीय सचिव ने कहा कि हमारी गठबन्धन को फुल और फल पर जनता का भरपूर साथ देगी भाजपा भारी मतों से जीत हासिल करेगी।बबलू गुप्ता ने कहा कि पलामू लोकसभा में गरीब मजदूर किसान छात्र नौजवान महिलाओं को व सभी वर्गों के लिए केन्द्र सरकार के योजनाओं को प्रचारित करने है। तुलसी शुक्ला ने कहा कि लोक सभा के गढवा व पलामू के हर गांव में एनडीए का परचम लहरेगा। केन्द्रीय सदस्य लौकेश सिंह ने हुसेनाबाद मोहम्मदगंज छतरपुर चैनपुर में दौरा कर जनता का एक मात्र पसंद बीडी राम को ही पसंद करते हैं।

## विवि की लिफ्ट में एक घंटे तक फंसी रही महिला कॉलेज की प्राचार्या

**पलामू।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की बैठक में शामिल होकर लौट रही योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डा. मोहिनी गुप्ता विश्वविद्यालय की लिफ्ट में फंस कर रह गई। लगभग एक घंटे तक विश्वविद्यालय की लिफ्ट में फंसे रहने के उपरांत उन्हें किसी तरह बाहर निकाला गया। ऐसी स्थिति में वहां उपस्थित विश्वविद्यालय कर्मचारी व पदाधिकारी मुकदर्शक बने रहे। अखिल विद्यार्थी परिषद के पलामू जिला संयोजक सुमित पाठक ने इस मामले पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि क्या विश्वविद्यालय के पास त्वरित कार्रवाई हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण इस भीषण गर्मी में प्राचार्या को एक घंटे तक लिफ्ट में जद्दोजहद करनी पड़ी।

## इसबार एनडीए चार सौ पार : लवली गुप्ता



**नवीन मेल संवाददाता। पांकी** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह पूर्व जिला परिषद सदस्य लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा सहित चतरा लोकसभा के कई गांव का भ्रमण करते हुए मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बहनों का विश्वास मोदी जी के साथ है, अब वक्त बदल चुका है अब महिलाएं किसी के कहने पर वोट नहीं डालती, वह अपना वोट बेचती भी नहीं है। 2019 में महिलाओ ने 46% अपना मत भाजपा को दिया था। भाजपा सरकार ने देश की आधी आबादी, नारी शक्ति पर अपना विश्वास जताया है महिला शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें सशक्त करने के लिए केंद्र की कई योजनाएं ऐसी है जो महिला सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, जनधन योजना यह सारी योजनाएं महिलाओं के हित में है, अगर आवास योजना की बात किया जाए तो 70% आवास योजना महिलाओं के नाम पर है।



# कांग्रेस ने बोतल से निकाला 'वोट जिहाद' का जिन्न, भाजपा हमलावर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आपने 'लव जिहाद' के बारे में सुना होगा, 'लैंड जिहाद' के बारे में भी सुना होगा, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में 'वोट जिहाद' की चर्चा है। सवाल यह है कि इस चर्चा का आगाज किसने किया? इस चर्चा को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम ने शुरू किया। उन्होंने फरुर्खाबाद में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान कहा, हम कुछ भी नहीं कर सकते, हम सिर्फ और सिर्फ वोट जिहाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं जज्बाती ना होकर आप लोगों से वोटों का जिहाद करने की अपील कर रही हूं। वहीं, अब उनके इस बयान पर बीजेपी हमलावर है।

बीजेपी प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने सलमान खुर्शीद की भतीजी के इस बयान पर कहा, हमने पहले लव जिहाद को सुना, फिर लैंड जिहाद और अब लोकसभा चुनाव के बीच एक नया शब्द गढ़ा गया है वोट जिहाद। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी इस कदर बौखलाहट में है कि इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए ये लोग वोट जिहाद कर ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। यह धुव्रीकरण का प्रयास बहुत महंगा पड़ेगा। निर्वाचन आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए और जनता को भी ऐसे लोगों को पराजित करना चाहिए, जो ध्रुवीकरण कर सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उधर, लोकसभा चुनाव के बीच आरक्षण खत्म करने को लेकर भी चुनाव प्रचार जारी है। कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी सत्ता हासिल कर आरक्षण खत्म करना चाहती है, जबकि बीजेपी ने दो टूक कह दिया है कि अगर हमें आरक्षण समाप्त ही करना होता, तो पिछले दस सालों में कर चुके होते। वहीं, इस बारे में यूपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान में आरक्षण की जो प्रदत्त व्यवस्था है, उसकी विरोधी रही है। एससी, एसटी के आरक्षण का कांग्रेस हमेशा से ही विरोध करती रही है और कांग्रेस की मंशा धार्मिक आधार पर आरक्षण देने की है और जब भी कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका मिला है, तो उसने राज्य में मुस्लिमों को आरक्षण देने का प्रावधान किया और वर्तमान में भी वो जिस तरह से बयानबाजी कर रहे हैं, उससे यह साफ जाहिर होता है कि वो पिछड़ो वर्गों का कोटा काटकर मुस्लिमों को देने की योजना बना रहे हैं।





## विपक्ष चुनाव को जिहाद मानता है, कार्रवाई करे आयोग : भाजपा



**भाजपा** ने संविधान के खिलाफ जाकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने और विरासत टैक्स के बाद अब 'वोट जिहाद' के मुद्दे को उठाकर कांग्रेस और विपक्षी दलों को घेरना शुरू कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री रह चुके कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम खान के वोट जिहाद वाले भाषण पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा चुनाव को लोकतंत्र का पर्व मानती है। जबकि, विपक्ष चुनाव को भी जिहाद मानता है। उन्होंने चुनाव आयोग से इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की भी मांग की है। पूनावाला ने कहा कि सलमान खुर्शीद की भतीजी इंडी गठबंधन की सार्वजनिक सभा में कहती हैं कि मौजूदा हालात में वोट जिहाद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो पहले ही बताया था कि कांग्रेस और उसके साथियों के मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप नजर आती है और अब तो इनके मेनिफेस्टेशन में भी मुस्लिम लीग ही नजर आ रहा है। पूनावाला ने आगे कहा कि भाजपा चुनाव को लोकतंत्र का पर्व मानती है जबकि विपक्ष चुनाव को भी जिहाद मानता है। इसलिए भाजपा जहां लोकतंत्र के चुनाव में जनता के साथ होती है, वहीं, ये जिहादियों के साथ होते हैं और जिहादियों एवं आतंकवादियों का बचाव करते नजर आते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने चुनाव आयोग से कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि ये चुनाव को सांप्रदायिक तनाव और द्वेष की तरफ ले जाना चाहते हैं, इसलिए चुनाव आयोग को इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए।

# सीएम नवीन पटनायक ने हिंजिली विस सीट से दाखिल किया नामांकन



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को गंजाम जिले के हिंजिली विधानसभा क्षेत्र के लिए छत्रपुर उप कलेक्टर कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सीएम पटनायक ने साल 2000 से लगातार पांच बार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। वह छठी बार भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री बनने के लिए इस सीट पर नजर लगाए हुए हैं। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने सिसिर मिश्रा को हिंजिली विधानसभा सीट से मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस से विधानसभा सीट के लिए रजनीकांत पाढ़ी चुनावी मैदान में हैं। सीएम पटनायक मंगलवार सुबह वीके पांडियन के साथ प्रसिद्ध मां तारा तारिणी मंदिर के पास नरसिंहपुर चौक स्थित अस्थायी हेलीपैड पर पहुंचे। उन्होंने नामांकन दाखिल करने से पहले मंदिर में पूजा अर्चना की। बीजद सुप्रीमो दो विधानसभा क्षेत्रों, अपने गृह क्षेत्र हिंजिली और पश्चिमी ओडिशा के बोलांगीर जिले की कांटाबांजी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा इसबार जीतेगी 35 सीटें : अमित शाह



**एजेंसी। कोलकाता**

लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी जनसभा को संबोधित किया है। बर्दवान जिले के मेमारी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने दावा किया कि इस बार बंगाल में भाजपा कम से कम 30 से 35 सीटें जरूर जीतेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र से जितनी भी धनराशि आती है, सब ममता बनर्जी की पार्टी के नेता खा जाते हैं। उन्होंने संदेशखाली का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला बोला और कहा कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद बंगाल में महिलाओं की दुर्दशा है। 2021 के विस चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतारे जाने का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार आएगी यह तय है और जैसे ही आएगी वैसे ही जिन लोगों ने भी हत्या की वारदात को अंजाम दिया है उन्हें पाताल से ढूंढ कर भी सलाखों के पीछे डालेंगे। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को भ्रष्टाचारियों की पार्टी करार देते हुए कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार बनानी होगी और इसके लिए बंगाल में कम से कम 30 से 35 सीटें पार्टी जीतेगी। उन्होंने जनसभा में शामिल हुए लोगों से तृणमूल को हराने और भाजपा उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

## बंगाल को हिंदू विहीन करने की हो रही साजिश : सीएम योगी



**मुर्शिदाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतर गए हैं। मुर्शिदाबाद जिले में बहरामपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. निर्मल कुमार साहा के पक्ष में आयोजित जनसभा में सीएम योगी ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल को हिंदू विहीन करने की साजिश हो रही है। बंगाल ने भारत को राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत दिया। दुनिया के मंच पर स्वामी विवेकानंद ने संदेश दिया था कि 'गर्व से कहो, हम हिंदू हैं।' उस बंगाल को आज हिंदू विहीन करने की साजिश का शिकार बनाया जा रहा है। कांग्रेस और टीएमसी बंगाल में दो प्रकार की साजिश कर रही है। पहला यह कि आपके डेमोग्राफी को कम करने और घुसपैठिए को बंगाल में घुसाकर सुनियोजित साजिश के तहत आपकी संख्या को कम करने का प्रयास हो रहा है। सीएम योगी ने आगे कहा कि दूसरा यह कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का गठबंधन दिल्ली में मिलकर साजिश करना चाहता है। दिल्ली से पीएम मोदी जो सुविधाएं आपके लिए भेजते हैं, यह लोग माफिया और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण देकर उसमें डकैती डालने का काम करते हैं। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार गरीबों की योजनाओं को लागू नहीं होने देती। उन्होंने कहा कि बंगाल भारत की सभ्यता और संस्कृति को नई दिशा देता था, जिस बंगाल ने भारत के संस्कारों को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था, जिसने कभी भारत को नवजागरण का मार्ग दिखाया था। वह बंगाल आज लहुलूहान, दिशाहीन क्यों है? जिस बंगाल ने कभी देश को राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान दिया था, उस बंगाल से आज रोने और कराहने की चीत्कार और पुकार क्यों उठ रही है? सीएम योगी ने कहा कि जिस बंगाल ने दयामयी मां दुर्गा की पूजा के अनुष्ठान का संदेश दिया था। उस बंगाल में संदेशखाली जैसी घटनाएं कैसे हो रही हैं?

# दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष बने देवेंद्र यादव



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देवेंद्र यादव को दिल्ली कांग्रेस का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया है। देवेंद्र यादव दिल्ली विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं और वर्तमान में पंजाब कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हैं। यह फैसला अरविंदर सिंह लवली के दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद पार्टी ने लिया है। देवेंद्र यादव दिल्ली के बादली निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के सदस्य रहे हैं। आप के अस्तित्व में आने के बाद वह 'आप' उम्मीदवार से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस दिल्ली प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन पर अपना एतराज जताया है। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीदवारों के चयन व कांग्रेस की कार्यप्रणाली पर भी आपत्ति दर्ज की है।

# हम महिलाओं को बनाएंगे लखपति, महालक्ष्मी योजना में हर महीने मिलेंगे 8500 रुपये : राहुल

### राहुल गांधी ने कहा- युवाओं को कराएंगे अप्रेंटिसशिप, नौकरी देंगे

**एजेंसी। भोपाल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने मनरेगा लागू की तो कहा गया कि गरीबों की आदत बिगाड़ रहे हैं। मोदी जी अरबपतियों को पैसा देते हैं तो कहते हैं विकास हो रहा है। जितना उन्होंने 10 साल में उनको दिया, हम आपको देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की लिस्ट बनेगी। हर परिवार से एक महिला का नाम चुना जाएगा। साल में एक लाख रुपये दिए जाएंगे। हर महीने 8500 रुपये एक तारीख को सरकार आपके खाते में डालेगी।

राहुल गांधी मंगलवार को मध्य प्रदेश के भिंड लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार फूल सिंह बरैया के समर्थन में एमजेएस मैदान पर चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आप बाहर जाते काम करते हो, हिंदुस्तान में महिलाएं भी मजदूरी करती हैं, जॉब करती हैं। महिलाएं आठ घंटे बाहर तो आठ घंटे घर में भी काम करती हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार घर में काम करने वाली इन महिलाओं को पैसा देने जा रही है। उन्होंने कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। हम छह महीने में आपके हवाले कर देंगे। अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप करते हैं, उनको पैसा मिलता है। ये उनको कंपनी में डालने का मौका होता है। हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो हर ग्रेजुएट को ये अधिकार देने जा रही है। आप सरकार से एक साल की गारंटी की नौकरी मांग सकते हो। उन्होंने कहा कि सेना में सबसे ज्यादा भिंड से जाते हैं। मोदी जी ने दो तरह के जवान बना दिए। एक को कैंटीन और अच्छी सैलरी मिलेगी। दूसरे जवान को अग्निवीर कहते हैं। आप सोचिए दो लोगों को युद्ध में भेज रहे हो, एक से कह रहे हो कि आपको कुछ हुआ तो हम आपके परिवार की रक्षा करेंगे और दूसरे जवान से कह रहे हैं, आपको कुछ हुआ तो कोई पेंशन और मदद नहीं मिलेगी। शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। मोदी जी ने सेना का अपमान किया है।



उन्होंने कहा कि भाजपा के 22 लोग मित्र हैं। राम मंदिर के उद्घाटन में सारे वहां बैठे थे। आपने वहां किसी गरीब को देखा। वहां हजारों करोड़ वाले लोग थे। वहां, बॉलीवुड वाले थे, क्रिकेट टीम थी, मगर एक किसान नहीं दिखा। संसद का उद्घाटन हुआ। आदिवासी राष्ट्रपति को बुलाया ही नहीं जाता। उनसे कहा जाता है कि न तुम संसद के उद्घाटन में आओगे, न राम मंदिर के। राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया किसानों और महंगाई की बात क्यों नहीं करती। गरीबों की बात नहीं करती। कहीं नहीं है। मैंने इनको आपका मित्र कहा लेकिन ये आपके मित्र नहीं हैं। 24 घंटे मोदी जी का चेहरा दिखेगा। मैं आपसे बात करूंगा, मीडिया नहीं दिखाएगा। उन्होंने कहा कि दो-तीन अरबपतियों को सारा का सारा धन दिया जाता है। किसान जानता है, हमारे जेब से पैसा निकालने की कोशिश हो रही है। मोदी कहते हैं आतंकवादी है। ये हालत है देश की। नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की। आज हिंदुस्तान में 45 साल से सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। हर युवा ये बात जानता है। सबसे ज्यादा महंगाई आज है।


# एनडीए परिवारवाद समाप्त करने की शुरूआत अपने घर से करे : तेजस्वी



**एजेंसी। पटना**

राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर पलटवार किया जिसमें अमित शाह ने कहा था कि 2024 में एनडीए की सरकार बनते ही बिहार से जातिवाद और परिवारवाद को समाप्त कर देंगे। यादव ने कहा कि एनडीए को इसकी शुरूआत अपने घर से करनी चाहिए। पटना में मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनका यह बयान हास्यास्पद है। इसके भी दो कारण हैं। पहला कि उनकी सरकार बनने नहीं जा रही है और दूसरा पहले अपने घर से तो शुरूआत करें। उनके दल में परिवारवाद वाले कौन लोग हैं? हमने तो लिस्ट भी जारी कर दी है, आप सभी ने देखा है। पहले अपने दल और अपने घर से शुरू करें। शाह के इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर पीएम की उम्मीदवारी पर तेजस्वी ने कहा कि यह तो मान लिया न कि इंडी गठबंधन की जीत हो रही है। हमारी सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में इन लोगों की हालत बहुत खराब है। बिहार से एनडीए का सफाया हो चुका है और ये लोग पूरी तरीके से घबराए और बौखलाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में ढाई हजार बहनों के साथ शोषण हुआ और वह शोषण करने वाला इन्हीं का साथी है और अब पता चल रहा है कि वह जर्मनी फरार हो गया। इससे पहले महिला पहलवानों के साथ शोषण, इन सभी मामलों पर प्रधानमंत्री चुप हैं। मणिपुर में जिस महिला के साथ अत्याचार हुआ उस पर भी प्रधानमंत्री चुप रहे।

# राजद को बड़ा झटका पूर्व सांसद रामा सिंह ने दिया पार्टी से इस्तीफा



**पटना।** लोकसभा चुनाव के बीच राजद को तगड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद रामा सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को भेज दिया है। अब वो बहुत जल्द ही लोकजन शक्ति पार्टी का दामन थामेंगे। चिराग पासवान उन्हें अपनी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएंगे। माना जा रहा है कि राजद ने उन्हें शिवहर या वैशाली से टिकट नहीं दिया, इसलिए वो नाराज चल रहे थे। राजद ने इस बार मुन्ना शुक्ला को वैशाली से टिकट दिया है। वो पांच बार विधायक और एक बार सांसद रहे हैं। बिहार की राजनीति में उनका अच्छा खासा प्रभाव रहा है। उन्होंने कहा कि राजद में स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए मेरा मोहभंग हो गया है। उन्होंने कहा कि अच्छा हुआ कि जल्दी मोहभंग हो गया।

# बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से मारपीट, केंद्र ने बढ़ाई सुरक्षा

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार रेखा पात्रा के साथ मंगलवार को दुर्व्यवहार किया गया। रेखा पात्रा ने कथित यौन उत्पीड़न को लेकर संदेशखाली में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक वर्ग के खिलाफ महिलाओं के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। यह घटना तब हुई जब रेखा पात्रा खारीवंगा इलाके में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता कालिदास बचर से मिलने गई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे ही रेखा पात्रा स्थानीय भाजपा नेता अर्चना मजूमदार और अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचीं, तभी तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक समूह ने उनके खिलाफ विरोध और नारे लगाने शुरू कर दिए। इससे तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं (जिनमें कुछ महिलाएं भी शामिल थीं) ने रेखा पात्रा और अर्चना मजूमदार पर लाठियों से हमला करने का भी प्रयास किया। भाजपा नेतृत्व ने दावा किया कि उम्मीदवार और पार्टी नेता घायल हो गए। अर्चना मजूमदार ने मीडियाकर्मियों से कहा, हमला बिना कारण का था। पुलिस वहां मौजूद थी। लेकिन वे मूकदर्शक बने रहे। मुझे और रेखा दोनों को चोट लगी। वहीं रेखा पात्रा ने कहा, क्या वे इंसान हैं? तृणमूल कांग्रेस इस तरह से इलाके में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रही है। हालांकि, स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि हाथापाई रेखा पात्रा द्वारा क्षेत्रों में 'तनाव पैदा करने' के प्रयासों के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों और महिलाओं के विरोध का परिणाम थी। सत्तारूढ़ पार्टी नेतृत्व ने दावा किया कि सोमवार को कालिदास बाचर और उनके सहयोगियों ने तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बेवजह हमला कर क्षेत्र में तनाव पैदा किया और मंगलवार को रेखा पात्रा तनाव को और बढ़ाने के लिए आईं। केंद्र सरकार ने रेखा पात्रा को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सुरक्षा कवर दिया है। रेखा पात्रा के अलावा, पांच अन्य भाजपा उम्मीदवार झाड़ग्राम से प्रणत टुडू, बहरामपुर से निर्मल साहा, जयनगर से अशोक कंडारी, मथुरापुर से अशोक पुरकित और रायगंज से कार्तिक पॉल को भी सीएपीएफ सुरक्षा दी गई है।

**रेखा पात्रा के साथ दुर्व्यवहार**



# बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली लोस क्षेत्र से दाखिल किया नामांकन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन भर दिया है। भाजपा की दिग्गज नेता रहीं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज के नामांकन भरने के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी मौजूद रहे। नामांकन का पर्चा दाखिल करने से पहले बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को दिल्ली की सड़कों पर रोड शो कर अपनी ताकत भी दिखाई। रोड शो के दौरान बांसुरी स्वराज के साथ चुनावी रथ पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद रहे। उनके साथ-साथ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम भी 'अबकी बार 400 पार' के नारे लगाते हुए अलग-अलग गाड़ियों में, यहां तक कि पैदल भी चलता नजर आया। ढोल-नगाड़ों और नारेबाजी के बीच बांसुरी स्वराज ने इस रोड शो के जरिए दिल्ली में भाजपा की ताकत भी दिखाई।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

